
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 24 फ़रवरी 2026

वर्ष 07, अंक 144, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

ह्यूमपाइप खरीद तथा ठेलिया मरम्मत एवं नल रिबोर के नाम पर लाखों का गोलमाल-आरोप..06

श्रीभूमि जिले के मॉडल विलेज कृष्णनगर गाँव जल जीवन मिशन से वंचित! पीने के पानी की गंभीर किल्लत...12

# घर ढहाए गए लोगों के मतदाता सूची से नाम गायब होने पर SC सख्त

● सुप्रीम कोर्ट ने लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी को अकबर नगर के 91 निवासियों की उस शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया,जिनका आरोप है कि सितंबर 2023 में उनके मकान गिराए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची से हटा दिए गए

● लखनऊ के निर्वाचन अधिकारी को दिया जांच का निर्देश



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (23 फरवरी) को लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी को अकबर नगर के 91 निवासियों की शिकायतों की जांच करने और उनका समाधान करने का निर्देश दिया. निवासियों का कहना है कि सितंबर 2023 में उनके घरों को गिराए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया में उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

याचिकाकर्ताओं ने निर्देश देने की मांग की कि उनके जनगणना प्रपत्र बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLO) को सौंपे जाएं, ताकि सितंबर 2023 में घरों को गिराए जाने के बाद स्थायी पते के अभाव के बावजूद उनके मतदान के अधिकार को संरक्षित किया जा सके.सोमवार को यह मामला CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने आया. इस दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील एम आर शमशाद कोर्ट में पेश हुए।

**जिला निर्वाचन अधिकारी को आदेश**

CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शुरुआत में संकेत दिया कि वह याचिकाकर्ताओं के आवास से संबंधित विवादित तथ्यों के मामले को रिट याचिका के माध्यम से नहीं देख सकती. हालांकि बेंच ने सना परवीन और 90 अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका का संज्ञान लिया और लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायतों की जांच करने एवं समाधान करने का निर्देश दिया।

**वकील ने कोर्ट में दिया तर्क**

वकील शमशाद ने कोर्ट में तर्क दिया कि निवासी 2025 की पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान विशेष सूची का हिस्सा थे. वकील ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि उनके मुवक्किलों को विस्थापन के कारण मताधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए. हालांकि बेंच ने स्थानीय अधिकारियों को तथ्यात्मक सत्यापन करने की अनुमति देने की इच्छा व्यक्त की.बेंच ने कहा कि हम तथ्यात्मक जांच के प्रश्न पर विचार कर रहे हैं. हाई कोर्ट इस पर विचार कर सकता है।

**कोर्ट ने कही ये बात**

बेंच ने लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी को याचिकाकर्ताओं के पूर्व मतदाता सूची में नाम और उनकी वर्तमान स्थिति के संबंध में तथ्यों का पता लगाने का निर्देश दिया. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं का दावा है कि वो अकबर नगर, लखनऊ के निवासी हैं. यह दावा किया गया है कि यूपी स्ढ्क्र में याचिकाकर्ताओं के नाम इसलिए हटा दिए गए हैं, क्योंकि विध्वंस अभियान के बाद उनका कोई पहचान योग्य पता नहीं है।

**याचिकाकर्ताओं का दावा**

बेंच ने याचिकाकर्ताओं को जिला निर्वाचन अधिकारी से राहत न मिलने की स्थिति में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष अपील करने की स्वतंत्रता भी दी. याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वो अकबर नगर के दीर्घकालिक निवासी हैं, जिनके नाम 2002 से ही मतदाता सूची में दर्ज हैं, और बाद की सूचियों में युवा निवासियों के नाम भी शामिल हैं. हालांकि क्षेत्र में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किए जाने के बाद, जिसे पहले अदालतों ने भी सही ठहराया था. वे यूपी स्ढ्क्र प्रक्रिया से बाहर हो गए. याचिकाकर्ताओं का दावा है कि राज्य द्वारा किए गए विध्वंस और उसके बाद पुनर्वास प्रक्रिया के कारण उनके पास वर्तमान में पहचान योग्य पते नहीं हैं, और उन्होंने बताया कि यही उनके बाहर किए जाने का मुख्य कारण है।

# मजबूत संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता... जानें उत्तराखंड हाई कोर्ट ने क्यों की ये टिप्पणी

● उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में सत्र अदालत द्वारा दी गई सजा को रद्द कर दिया. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मजबूत संदेह भी सबूत का स्थान नहीं ले सकता. जस्टिस आशीष नैथानी ने अपीलकर्ता सुनील दत्त पाठक को बरी करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की।



उत्तराखंड हाई कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बरी कर दिया. हाई कोर्ट ने कहा कि संदेह जितना भी मजबूत हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता. कोर्ट ने ये टिप्पणी आत्महत्या के एक मामले में सत्र अदालत द्वारा दी गई सजा को रद्द करते हुए की. दरअसल हाई कोर्ट 2004 में खटीमा में हुए आत्महत्या के एक मामले में सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ दायर एक आपराधिक अपील पर सुनवाई कर रहा था।

जस्टिस आशीष नैथानी ने सत्र अदालत के सजा के फैसले को रद्द कर दिया. कोर्ट ने अपील पर सुनवाई के बाद अपीलकर्ता सुनील दत्त पाठक को भारतीय दंड सहिता की धारा 306 के तहत उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए लगाए गए आरोपों से बरी कर दिया. इस दौरान जस्टिस नैथानी ने साफ कहा कि कहा कि संदेह जितना भी मजबूत हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता।

**क्या है मामला**

दरअसल ये मामला अपीलकर्ता सुनील दत्त पाठक की पत्नी की आत्महत्या से जुड़ा है. सुनील की पत्नी ने 15 सितंबर 2004 को आत्महत्या कर ली थी. जब पत्नी ने सुसाइड किया था उस दौरान वो अपने मायके में थी. वहीं उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी. शव का पोस्टमार्टम कराया गया, रिपोर्ट में हत्या का कोई संकेत नहीं मिला।

**पति पर आरोप**

सुनील दत्त पाठक पर आरोप था कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था और उसने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिसकी वजह से पत्नी ने कथित तौर पर यह आत्मघाती कदम उठाया. मायके वालों ने सुनील के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**सत्र अदालत ने सुनाई सजा**

उधमसिंह नगर की सत्र अदालत ने आरोपी सुनील दत्त पाठक को दहेज हत्या और दहेज उत्पीड़न के आरोप से तो बरी कर दिया था. लेकिन आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए दोषी ठहराते हुए उसे सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई. इसके साथ ही उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

**हाई कोर्ट ने रद्द की सजा**

सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर करते हुए अपीलकर्ता सुनील दत्त पाठक ने तर्क दिया कि आत्महत्या से ठीक पहले किसी प्रत्यक्ष उकसावे या उत्तेजना का कोई सबूत नहीं मिला. इसके साथ ही कोई आत्महत्या नोट भी बरामद नहीं हुआ.सुनील ने दलील दी कि सिर्फ वैवाहिक कलह या चरित्र के बारे में संदेह को उकसावा नहीं माना जा सकता. इसको लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई और कोर्ट ने सत्र अदालत के फैसले रद्द कर दिया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मीटर लगाने वाली टीम के साथ मारपीट ,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के प्रयागपुरम मोहल्ले में बिजली विभाग की मीटर लगाने वाली टीम के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना सोमवार दोपहर लगभग 1:00 बजे की बताई जा रही है। हमले में बिजली विभाग का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना से आक्रोशित बिजली विभाग के कर्मचारियों ने नैनी कोतवाली पहुंचकर शिकायत पत्र दिया है।कार्रवाई की मांग की है।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि दूसरा पक्ष भी नैनी कोतवाली में लिखित तहरीर दिया है।जहां पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है

### रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष, 13 नामजद समेत कई पर मुकदमा दर्ज

**मोहल्ले में पुलिस बल तैनात, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के पूरे देवी रामलीला मैदान मोहल्ले में रविवार को रास्ते के पुराने विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों ओर से सात लोग घायल हुए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। हालत गंभीर होने पर अजमेर और प्रदीप को जिला अस्पताल रेफर किया गया। अजमेर की स्थिति गंभीर बनी हुई है। रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मामला कई बार तहसील और पुलिस तक पहुंचा, लेकिन समाधान नहीं निकला। रविवार को कहासुनी के बाद विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक पक्ष से अजमेर, शेर बहादुर, मंजू सोनी और कमला घायल हुए। दूसरे पक्ष से सौरभ, प्रदीप और संतोष को चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष से शेर बहादुर, अमरेश, अवधेश, अजमेर, मंजू, सुनील और अनिल नामजद किए गए हैं। दूसरे पक्ष से संतोष वर्मा, नीरज, धीरज, सौरभ और प्रदीप समेत अन्य अज्ञात लोगों पर केस दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस जांच कर रही है। मोहल्ले में एहतियातन पुलिस बल तैनात है।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक: 590 करोड़ का फर्जीवाड़ा, 14000 करोड़ रुपये स्वाहा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। इस एक घटना ने न केवल बैंक की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि शेयर बाजार में भूचाल लाते हुए निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यह धोखाधड़ी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ स्थित एक शाखा में हुई है, जो मुख्य रूप से हरियाणा राज्य सरकार से जुड़े खातों के एक समूह तक सीमित है। 18 फरवरी 2026 को हरियाणा सरकार की संस्थाओं ने अपने खातों के वास्तविक बैलेंस में गड़बड़ी पकड़ी थी।

बैंक के अनुसार, शाखा के कुछ कर्मचारियों ने बाहरी लोगों के साथ मिलीभगत करके इस घटना को अंजाम दिया है। इन लोगों ने फर्जी चेक और जाली प्राधिकरण पत्रों का इस्तेमाल करते हुए मैन्युअल रूप से करोड़ों रुपये बैंक के बाहर अन्य लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। कार्रवाई के तौर पर, बैंक ने चार संदिग्ध अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की तह तक जाने के लिए केपीएमजी को स्वतंत्र फोरेंसिक ऑडिटर नियुक्त किया गया है।

इस घटना के बाद हरियाणा सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए आईडीएफसी बैंक (और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक) को डी-एम्पैनल कर दिया है और अपने विभागों को खाते बंद करने का निर्देश दिया है।

डैमेज कंट्रोल करते हुए बैंक के एमडी और सीईओ वी. वैद्यनाथन ने स्पष्ट किया है कि यह कोई 'सिस्टमिक फेल्योर' नहीं है, बल्कि एक शाखा और एक ग्राहक समूह से जुड़ी एक अलग-थलग घटना है। उन्होंने कहा कि बैंक में चेक क्लियर करने के लिए 'मेकर, चेकर और ऑथराइजर' जैसे जरूरी नियंत्रण मौजूद हैं, लेकिन कर्मचारियों और बाहरी थर्ड-पार्टी की आपराधिक मिलीभगत के कारण ये नियम तोड़े गए। सीईओ ने निवेशकों को आश्वस्त किया है कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और गिरती क्रेडिट लागत के कारण मुनाफे की स्थिति बेहतर है, इसलिए 590 करोड़ रुपये का यह वित्तीय प्रभाव बैंक के लिए प्रबंधनीय होगा। रिकवरी के लिए बैंक ने अन्य बैंकों को संदिग्ध खातों में पड़े बैलेंस पर रोक लगाने का अनुरोध भी भेजा है।

# 'देश रूल ऑफ लॉ से चले, जनता के शासन से नहीं': संवैधानिक नैतिकता पर बोले जस्टिस उज्जवल भुइयां

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्जवल भुइयां ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि देश में निश्चित तौर पर कानून का शासन चलना चाहिए, न कि जनता के द्वारा शासन। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि संवैधानिक नैतिकता को हर हाल में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जस्टिस भुइयां ने हैदराबाद में संवैधानिक नैतिकता और जिला न्यायपालिका की भूमिका पर आयोजित एक सेमीनार में यह बात कही है। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस उज्जवल भुइयां ने तेलंगाना जजेज एसोसिएशन और तेलंगाना स्टेट जुडिशल एकैडमी की ओर से आयोजित सेमीनार में कहा, 'संवैधानिक नैतिकता का मतलब है कि देश कानून के शासन से चलता है, न कि जनता के शासन द्वारा।' जस्टिस भुइयां ने नाज फाउंडेशन बनाम भारत सरकार मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले और नवतेज सिंह जोहर केस में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ से इसके समर्थन का हवाला देते हुए कहा,'हमारी योजना में संवैधानिक नैतिकता को सार्वजनिक नैतिकता के मुकाबले अहमियत मिलेगी, चाहे बहुमत का नजरिया उसी के पक्ष में हो।'

जस्टिस भुइयां बोले, 'एक संवैधानिक अदालत के लिए, उसके सामने मौजूद संवैधानिकता का मुद्दा प्रासंगिक है,प्रभावशाली या लोकप्रिय नजरिया नहीं।' उन्होंने इस दृष्टिकोण को और साफ करते हुए कहा, 'संवैधानिक नैतिकता वह बेंचमार्क है, जिसका पालन संविधान हम सबसे चाहता है...असल में यह साथी इंसानों के प्रति सम्मान और आदर का बर्ताव है।' वहीं न्यायिक स्वतंत्रता को लेकर उन्होंने कहा, 'न्यायिक स्वतंत्रता, जो कि बिना अनुचित प्रभाव से प्रभावित हुए कानून के अनुसार स्वतंत्र तरीके से फैसला लेने की जज की क्षमता है, एक संस्थागत आवश्यकता है...इस संवैधानिक आदेश का मतलब जज अपनी समझ और कारण के आधार फैसला देने में सक्षम है, न कि सुविधा या पक्षपात के हिसाब से।'

2 अगस्त, 1964 को गुवाहाटी में जन्मे जस्टिस उज्जवल भुइयां 14 जुलाई, 2023 को सुप्रीम कोर्ट के जज बने। जस्टिस भुइयां 17 अक्टूबर, 2011 को गुवाहाटी हाई कोर्ट में एडिश्नल जज बने और 20 मार्च, 2013 को उन्हें कंफर्म किया गया। 3 अक्टूबर, 2019 को उनका तबादला बॉम्बे हाई कोर्ट में किया गया और 22 अक्टूबर, 2021 को वे तेलंगाना हाई कोर्ट में जज बने। तेलंगाना हाई कोर्ट में ही 28 जून, 2022 को उन्होंने चीफ जस्टिस के तौर पर कार्यभार संभाला।

# हाई स्कूल के छात्र की डंपर से कुचलकर हुई मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**कोराव, प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र में डंपर से कुलचकर सोमवार की सुबह करीब 8 बजे हाईस्कूल के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना पांडेय का मड़हा सिकरो गांव के पास कोरांव नारी-बारी मुख्य मार्ग पर हुई नगर पंचायत कोरांव के चमनगंज मोहल्ला निवासी शाहिद अली (17) पुत्र स्व. छोटकऊ के साथ कैफ मोहम्मद उर्फ राज पुत्र कप्तान अली और एजाज अहमद पुत्र सरफुद्दीन रिजवी बाइक से यूपी संस्कृत बोर्ड परीक्षा देने जा रहे थे।

आनंद बोधाश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिवारीपुर में उनकी हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा का सेंटर था।और । पांडे का मर्डर गांव के पास बालू लदे एक तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि शाहिद अली डंपर के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घायल एजाज अहमद और गायक उर्फ राज का इलाज कोराव बाजार के एक निजी अस्पताल में चल रहा है सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और चालक के खिलाफ होगा मुकदमा शाहिद अपने दो भाइयों और बहनों में सबसे बड़ा था घटना के बाद से उसकी विधवा मां और भाई बहनों का बुरा हाल है थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि परिजनों को डंपर का नंबर मिल गया है और डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया था परिजनों में इस घटना को लेकर घर आक्रोश व्याप्त है।

# आखिर किसने बनाया फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र, और किसने बनाया फर्जी परिवार रजिस्टर नकल

● पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल का मायका नौरंगाबाद में है इनके पिता का नाम झब्बू है तो फिर हरिराम धोबी पिता कैसे हो गये।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** तहसील गोला के अंतर्गत ग्राम हर दुआ में लगभग 35 वर्ष पूर्व रह रहे और वर्तमान में जिला बस्ती में रहने वाले वाले हरीराम पुत्र रजई की जमीन की फर्जी वरासत में नया मोड़ आ गया है द्य बताते चलें कि हर दुआ निवासी पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल ने लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और प्रधान रामकिशुन से मिली भगत करके फर्जी जाली बनाये गये मृत्यु प्रमाणपत्र में हरीराम को मृतका दिखा कर फर्जी बनाई गई परिवार रजिस्टर नकल में पिंकी देवी को फर्जी तरीके से हरीराम की पुत्री दिखा कर तहसील दार गोला को भारी नजराना देकर फर्जी वरासत आदेश करा लिए जाने का आरोप हरीराम ने लगाया है। हरीराम का आरोप है कि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ह्वने फर्जी रिपोर्ट लगाई है और इस फर्जीवाड़ा के मास्टरमाइंड लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ही है। मामले में अजीबो-गरीब मोड़ सूचना अधिकार अधिनियम से मिली सूचना के बाद हुआ है।सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ब्लॉक बीजूआ के खंड बिकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना में कहा गया है कि हरीराम नाम का कोई आदमी हर दुआ में नहीं रहता है और न ही हर दुआ में मृत्यु ही हुई है। और न ही किसी अधिकारीने मृत्यु प्रमाणपत्र ही जारी किया गया है। तो फिर प्रधान रामकिशुन ने किसका और कैसे जारी कर दिया मृत्यु प्रमाणपत्र? जब हर दुआ के अभिलेखों में हरीराम का नाम दर्ज नहीं है तो परिवार रजिस्टर की नकल कहा से और किसने जारी की? कैसे पिंकी पुत्री हरिराम बन गई? किसी अभिलेख में हरीराम मृतका दर्ज नहीं है तो फिर वरासत के समय लगाए गए दस्तावेजों को किसने किया तैयार?और किस प्रमाणित जानकारी के अनुसार जगन्नाथ और दर्शन ने न्यायालय में दी झूठी गवाही और न्यायालय तहसील दार न्यायिक को किया गया गुमराह? किस प्रमाणित साक्ष्य के आधारित लेखपाल ने लगाई जांच रिपोर्ट? इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं।सभी अपनी-अपनी गर्दन बचाते नजर आ रहे हैं। पिंकी देवी का कहना कहा तक सत्य है कि उनके पिता हरीराम है।सूत्रों और साक्ष्यों के आधार पर पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल के पिता झब्बू है और पिंकी देवी का मायका नौरंगाबाद में है। हरीराम जाति प्रमाण पत्र के अनुसार अनुसूचित जाति (धोबी) है जबकि पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल पिछड़ी जाति के (मुराउ) बिरादरी के है तो कैसे पुत्री हो सकते है? पिंकी देवी के दो पिता कैसे हो सकते है?




सूचना अधिकार अधिनियम से मिली जानकारी भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा की पोल खोलने को काफी है। पीड़ित द्वारा टेलीफोन से दी गई जानकारी के अनुसार वह सभी पर्यास सबूतों के साथ एक दो दिन में पुलिस अधीक्षक खीरी से मुलाकातें कर मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग करेगा।और जिलाधिकारी खीरी के समक्ष प्रस्तुत करेगा सभी साक्ष और जीवित होने के प्रमाण और फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराए जाने का आदेश किए जाने की मांग करेगा।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी इंटरनेशनल के स्थापना दिवस परदिव्यांग बच्चों मे बांटा पाठ्य सामग्री




**बस्ती।** बस्ती जिले के सुर्तीहट्टा पुरानी बस्ती स्थित रिहैब प्लस डे केयर सेन्टर मे दिव्यांग बच्चों के बीच रोटरी इंटरनेशनल का 121 वां स्थापना दिवस 'विश्व सद्भावना दिवस' के रूप मे मनाया गया। रोटरी ने 'विश्व सद्भावना' इस सत्र की थीम निर्धारित किया है। केट काटने के उपरान्त रोटरी कलब बस्ती सेन्ट्रल द्वारा क्लब की थीम के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। क्लब सचिव कलीमुल्ला खान ने कहा रोटरी ने सदैव सद्भावना को बढ़ावा दिया है। अपने सिद्धान्तों पर अरगे बढ़ते हुये रोटरी ने समाजसेवा के क्षेत्र मे 121 साल पूरे किये। आज रोटरी के साथ गौरशाली अतीत जुड़ा हुआ है। चार्टर सचिव डा. एल.के. पाण्डेय ने बताया कि पूरी दुनियां रोटरी की स्थापना के 121 साल पूरे होने पर विश्व सद्भावना दिवस के रूप मे मना रही है। रोटरी का इतिहास इतना गौरवशाली है कि हर किसी को इससे जुड़कर गर्व महसूस होता है। आयोजन के दौरान रिहैब प्लस डे केयर सेन्टर के दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी गई। डा. पाण्डेय ने कहा अपने अतीत को संजोये रखते हुये वर्तमान से प्रेरणा लेकर रोटरी अपने सिद्धान्तों पर निरन्तर आगे बढ़ेगा। बच्चों ने क्लब के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया और सेन्टर की संचालिका नीलम मिश्रा ने क्लब के प्रति आभार जताया।

### रजिस्ट्री कार्यालय का निर्माण कार्य रुकने से अधिवक्ता आक्रोशित

**डीएम से अधिवक्ताओं ने शीघ्र कार्य शुरू कराए जाने के लिए की मांग**

**लंभुआ।** सुल्तानपुर लंभुआ के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय का निर्माण रुकने से आक्रोश जताया है और डीएम से शिकायत की है। वहीं तहसील परिसर में ही अधिवक्ताओं ने एसओसी कैंप कोर्ट की स्थापना कराए जाने की मांग की है। लंभुआ तहसील बार अध्यक्ष रामसागर पाठक, सचिव राज बहादुर श्रीमाली ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत करवाया की लंभुआ तहसील परिसर के बगल सटे हुए भूखंड में उपनिबंधक कार्यालय का निर्माण कार्य हो रहा है। निर्माण कार्य पिछले कुछ दिनों से रुका हुआ है। जिसके कारण ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। उन्होंने अवगत करवाया कि जब मजदूरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों को मजदूरी प्रदान नहीं की गई है। जिसके कारण काम रुका हुआ है। अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया कि निर्माण कार्य रुका होने से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। उधर पूर्व बार सचिव अर्जुन चौरसिया ने तहसील परिसर में एसओसी कैंप कोर्ट की स्थापना कराए जाने की मांग की। उन्होंने अवगत करवाया की एसओसी कैंप कोर्ट की स्थापना तहसील परिसर में होने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ वादकारियों को भी राहत पहुंचाएगी।

### थाना जामो पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना जामो पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं सहित डीपी एक्ट थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अमित कुमार यादव पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम सम्भई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 29 वर्ष व अभियुक्ता रामादेवी पत्नी राधेश्याम निवासी ग्राम सम्भई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

# अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह(बस्ती क्लब) में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,व माननीय कार्यपालक अध्यक्ष उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश श्री शमसुल हक के मार्गदर्शन में आम जनता के विधिक सशक्तिकरण हेतु अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह( बस्ती क्लब ) में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश बस्ती द्वारा पर्यावरण संरक्षण व जनसंरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त मेगा शिविर में महिला सशक्तिकरण हेतु समाज कल्याण विभाग, बाल विकास व पुष्टाहार विभाग,ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग,पंचायती राज विभाग, श्रम एवं सेवा विभाग, चिकित्सा विभाग, परिवहन विभाग, बैंक सहायता एवं ऋण विभाग, जिला कारागार विभाग,सहित लगभग 44 विभागों द्वारा अपना शिविर लगाकर समाज के निर्बल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, स्त्रियों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों व अनुसूचित जाति व जनजाति




हेतु विभिन्न विभागों द्वारा जारी जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुकता पैदा की गयी।

माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा आम जनता की न्याय तक पहुँच को विधि के शासन का अभिन्न अंग बताया गया और कहा गया कि न्याय तक पहुँच की अवधारणा केवल न्यायालय आधारित कानूनी सेवाओं तक सीमित नहीं है। अपितु राज्य के अंतर्गत विभिन्न अधिनियमों और कल्याणकारी योजनाओं तक लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना तथा योजनाओं तक आम जनता की पहुँच सुनिश्चित करना है। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा मेगा शिविर में विभिन्न विभागों के शिविरों के पर्यवेक्षण के लिए न्यायिक अधिकारियों की एक कमेटी गठित की गई थी।उक्त मेगा शिविर में सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा दहेज प्रतिषेध, बाल श्रम निषेध, बाल विवाह निषेध पर नाट्य मंचन कर आम जनता को जागरुक किया गया।उक्त मेगा शिविर में विभिन्न माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के तहत चिन्हित किए गए पात्र लाभार्थी गण को टूल- किट चेक,श्रम पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा प्रधानमंत्री फसल योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना,विश्वकर्मा सम्मान योजना के पात्र लाभार्थी गण को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। श्री राज बाबू सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा उक्त मेगा शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा आम जनमानस हेतु जारी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों को नालसा व सालसा द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर तथा न्याय मार्ग एप के फायदे के बारे में जागरुक किया गया।उक्त कार्यक्रम में जिले के समस्त प्रशासनिक विभागों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उक्त मेगा शिविर में रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

### एनएसएस शिविर में छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**लंभुआ।** सुल्तानपुर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया और बीमारी दूर भगाने पर बल दिया। संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकिया सुलतानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन तेरएं में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि हमारे आसपास का वातावरण अगर शुद्ध रहेगा तो बीमारियां हमारे पास तक भटक नहीं पाएंगी। हार्टफुलनेस सेंटर रामचंद्र मिशन की टीम डॉ रमाशंकर मिश्र,अंजनी कुमार दूबे, अर्पित अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को स्थूल,सूक्ष्म एवं कारण शरीर के बारे में जानकारी देते हुए शिथिली करण ,ध्यान और योग की प्रक्रिया का वर्णन किया और ध्यान का अभ्यास कराया। टीम ने बताया कि कैसे तनावपूर्ण जीवन के बीच हम ध्यान और योग के माध्यम से जीवन को प्रसन्न और तनावमुक्त बना सकते हैं। बौद्धिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ दिवाकर सिंह ने स्वयंसेवकों को भारतीय सेना की संचरना और उनकी कार्यप्रनाली की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्म विजय सिंह और डॉ शीला सिंह मौजूद थे।

### बैरहना में खलिहान की भूमि पर कब्जा प्रशासन की भूमिका दिख रही संदिग्धशिकायत पर कार्रवाई के लिए नही जुटा साहस

**●दबंग कब्जेदारो से साठगांठ कर पहले खलिहान की जमीन पर कब्जा कराया जाता है फिर कार्यवाही का झूठा नाटक करके जनता को मूर्ख बनाया जाता है ।हरैया तहसील प्रशासन की कलई खुलती नजर आ रही है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया तहसील क्षेत्र में सरकारी ज़मीन पर क़ब्ज़े को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, खलिहान की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्ज़ा किए जाने की शिकायत के बावजूद पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर पहले कब्ज़ा कराया जाता है और बाद में औपचारिक कार्रवाई का दिखावा कर जनता को भ्रमित किया जाता है। मामले में तहसील प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि संबंधित अधिकारी पूर्व में देवरिया जनपद में तैनाती के दौरान भी विवादों में रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। इस संबंध में जब तहसील प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या राजस्व नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाता है।

### युवती की नहाते समय फोटो खींची:मां ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज

**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि नहाते समय युवती की फोटो खींची गई और उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की गई। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 21 फरवरी 2026 की शाम करीब 4.10 बजे की बताई जा रही है। वादिनी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि शेखपुरा गांव निवासी पालजी पुत्र राधेश्याम ने उसकी लगभग 20 वर्षीय बेटी की मोबाइल से उस वक्त फोटो खींच ली, जब वह घर के अंदर नहा रही थी। तहरीर के अनुसार, आरोपी ने युवती का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़खानी भी की। पीड़िता की मां ने जब आरोपी से इस बारे में शिकायत की तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वाल्टरगंज पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। विवेचक द्वारा साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी महेश सिंह ने पुष्टि की कि मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रूधौली मे पेड़ से लटकी मिली 21 साल के युवक की लाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में आज फिर एक सुसाइड केस सामने आया है। जनपद के रुधौली थाना क्षेत्र के कुचुरूवा गांव में रविवार सुबह गांव के बाहर जामुन के पेड़ से लटकती 21 वर्षीय प्रिंस कुमार पुत्र गिरीश लाल की लाश मिली। गांव के एक बुजुर्ग शौच के लिए बाहर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पेड़ से लटके युवक पर पड़ी। पास जाकर युवक की पहचान की और तुरंत गांव पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही रुधौली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बताया जा रहा है कि प्रिंस कुमार दो माह पहले ही दिल्ली से गांव लौटा था। यहां वह मेहनत मजदूरी कर अपनी जीविका चलाता था। उसके पिता गिरीश लाल भी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में तीन पुत्र और एक पुत्री हैं, जिनमें प्रिंस सबसे बड़ा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और यह भी देखा जा रहा है कि मामला आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य वजह। गांव में इस घटना के बाद मातम का माहौल है।

# खंड विकास अधिकारी के के सिंह के सह पर बलुआ चौबे ग्राम पंचायत में लिखी जा रही है भ्रष्टाचार की पटकथा

**●गौर ब्लॉक में नहीं थम रहा है मनरेगा में भ्रष्टाचार ग्राम पंचायत बलुआ चौबे में मनरेगा में फर्जी हाजिरी से जुड़ा मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर विकासखंड के बलुआ चौबे ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की पटकथा लिखी जा रही है कई बार शिकायत होने पर खंड विकास अधिकारी के के सिंह की मिली भगत से सचिव प्रधान और मेट मेट द्वारा फर्जी फोटो और हाजिरी लगाई जा रही है जिसकी शिकायत कई बार खंड विकास अधिकारी को किया गया लेकिन भुगतान बिना कार्य किए ही भुगतान किया जा रहा है शासनादेश के शक्त आदेश के बाद भी तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक विकासखंड में बैठ कर गांधी छाप के लालच में दोनों टाइम एनएमएमएस पर फर्जी तरीके से हाजिरी अपलोड कर रहे हैं ताजा मामला जनपद बस्ती के गौर विकासखंड में ग्राम पंचायत बलुआ चौबे में एक ही टाइम एनएमएमएस फर्जी तरीके से हाजिर अपलोड करके भूगतान किया जा रहा है गौर विकासखंड के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत बलुआ चौबे के राम लौत के मंदिर से राम अचीवर के मशीन टेक चकबंद निरमान करिया के बलुवा पीएम मार्ग से अति स्वस्थि स्थल तक चकबंद निर्मलन कारी के

मणिराम के चक से नईम के चक तक चकबंद निरमान करिया कार्य में कोई मजदूर नहीं कर रहे है। काम फिर भी फर्जी तरीके से विकासखंड गौर में धड़ल्ले से फर्जी हाजिरी जारी है। हाल ही में बलुआ चौबे में फर्जी हाजिरी का मामला सामने आया लेकिन उच्च अधिकारी इसकी सुधि नहीं ले रहे है जिससे ग्राम पंचायत बलुआ चौबे में जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। और सरकार के खजाने को अपना माल समझ कर ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक के अधिकारी लूटने में लगे हुए है। इस सन्दर्भ में जब खंड विकास अधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले को जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही गयी अपितु बाद भी बीडीओ साहब द्वारा अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। बीडीओ की सुस्ती के कारण ग्राम पंचायत बलुआ चौबे में धड़ल्ले से फर्जी तरीके से आनलाइन हाजिर अभी भी जारी है। वहीं भष्टाचारियो के हौसले बुलंद आये दिन भ्रष्टाचार का खुले आम अंजाम दे रहे है। और उच्च अधिकारियो को खुले आम चैलेंज कर रहे है।

# एस.ओ.विश्व मोहन राय के नेतृत्व में कूट रचित दस्तावेजों से फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले 4 दबोचे गए......

**●फर्जी मोहर और विकलांग प्रमाण पत्र बनाकर ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, चार आरोपी दबोचे गए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना परसरामपुर पुलिस ने सहज जन सेवा केंद्र की आड़ में मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों के नाम की फर्जी मोहर बनाकर विकलांगता प्रमाण पत्र तैयार करने तथा जनता से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं सहज जन सेवा केंद्र सत्यापन अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 22 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि परसरामपुर बाजार के समीप एक सहज जन सेवा केंद्र पर कुछ लोग फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को विकलांग बनाकर भीख मंगवाने और ठगी करने का काम कर रहे हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां गुमटी में चार युवक बैठे मिले। पूछताछ में उनकी पहचान कुलदीप निवासी रानीजोत थाना धानेपुर जनपद गोण्डा, रज्जन निवासी चौबेपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा, मिथुन निवासी करदा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा तथा शनि कुमार निवासी रतनपुर थाना परसरामपुर जनपद बस्ती के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से लेमिनेशन युक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, जिन पर पुलिस इंस्पेक्टर और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट सिवान (बिहार) की फर्जी मोहर व हस्ताक्षर अंकित पाए गए, बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र और आर्थिक तंगी के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों को ठगते थे तथा इन्हीं के सहारे आजीविका चलाते थे। पुलिस ने मौके से एक एचपी लैपटॉप, दो प्रिंटर, एक लेमिनेशन मशीन, आठ आधार कार्ड, चार मोहर, एक इंक पैड तथा आठ फर्जी प्रमाण पत्र बरामद किए। मामले में धारा 319(2), 318(4), 3(5), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई थानाध्यक्ष विश्वमोहन राय के नेतृत्व में की गई। टीम में एसओजी प्रभारी विकास यादव, उपनिरीक्षक झारखंडे पाण्डेय सहित थाना परसरामपुर व एसओजी टीम के अन्य पुलिसकर्मी तथा सर्विलांस सेल के सदस्य शामिल रहे।

# मुंशीगंज पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के नियम का उल्लंघन करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**● 01 लाइसेंसी रायफल व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही लाइसेंसी रायफल के साथ हिस्ट्रीशीटर श्याम मिश्रा की फोटो के संबन्ध में श्याम मिश्रा उपरोक्त से पूछताछ करने पर श्याम मिश्रा उपरोक्त के द्वारा बताया गया कि दिनांक 21.02.2026 को उसने रवि यादव पुत्र स्व0 दानबहादुर यादव निवासी पूरे चेतन पाण्डेय मजरे कोरारी लच्छनशाह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी की लाइसेंसी रायफल के साथ फोटो खिंचवाकर स्टेटस लगाया था । तत्पश्चात लाइसेंस धारक रवि यादव उपरोक्त से पूछताछ में उसने बताया गया कि दिनांक 21.02.2026 को रात्रि में श्याम मिश्रा ने उसकी रायफल ले ली थी एवं उसके साथ फोटो खींच ली थी । जोकि बाद में व्हाट्सएप्प स्टेटस पर भी लगा दी थी । लाइसेंस धारक को आर्म्स एक्ट की धारा 30 के उल्लंघन का बोध कराते हुये उक्त लाइसेंसी रायफल व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर पुलिस कब्जे में लिया गया तथा अभियुक्त रवि यादव पुत्र स्व0 दानबहादुर यादव निवासी पूरे चेतन पाण्डेय मजरे कोरारी लच्छनशाह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया । प्रकरण के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

### कानपुर के घाटमपुर में बनेगा नया, इंडस्ट्रीयल हब, उद्योग विभाग

**घाटमपुर।** उद्योग विभाग कानपुर के घाटमपुर में स्थित तहरापुर में नए औद्योगिक क्षेत्र के विकास में तेजी लाई है, 55,5 हेक्टेयर में फैले इस क्षेत्र में पहले बाउंड्री वॉल और ज़मीन समतली करण का काम होगा,, जिसके लिए 14,5 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है,,यूपी स्माल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन द्रास विकसित यह इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीयल पार्क ग्रामीण विकास और रोजगार ्जन करेगा जिसमें 125,150, औद्योगिक प्लांट होंगे,, उद्योग विभाग ने घाटमपुर के तहरापुर में प्रस्तावित नए औद्योगिक क्षेत्र के विकास की कवायद तेज कर दी है,55,5 हेक्टेयर से बड़े इस औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों के तहत् बाउंड्री वॉल और ज़मीन समतली का काम किया जाएगा, इसके लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक का प्रस्ताव तैयार किया गया है,, कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता प्रभात बाजपेई ने बताया कि शासन की अनुमति मिलने के तुरंत बाद टेंडर निकाला जाएगा,, कारपोरेशन ने काम शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है,,अगले महीने अनुमति मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

### शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर उदाहरण कृष्ण मोहन हत्या कांडः व्यास

**देवरिया।** जनपद में सहायक अध्यापक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या की घटना पर समाजवादी पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि यदि आरोप सत्य हैं तो यह शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर उदाहरण है। उन्होंने मामले की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए सुसाइड नोट, वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कठोर विधिक कार्रवाई की बात कही। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा और एक सरकारी नौकरी देने की मांग भी उठाई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी जनपद स्तर पर आंदोलन करेगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# होली व ईद-उल-फितर को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** आगामी त्योहार होली एवं ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपजिलाधिकारी तुलसीपुर तथा क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पचपेड़वा थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, डीजे संचालकों एवं ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीजे संचालकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार के अभद्र या आपत्तिजनक गीत न बजाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों से अपील की गई कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। प्रशासनिक अधिकारियों ने युवाओं से विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी न करने और ऐसे संदेशों को आगे न बढ़ाने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया। किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल डायल-112 या स्थानीय थाना को सूचना देने के निर्देश दिए गए। बैठक में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा ओमप्रकाश चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, दो सगे भाइयों की मौत

**● खड़ी ट्रक से टकराई बाइक, कानपुर के रहने वाले थे मृतक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए एक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। यह दुर्घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के किमी 134.20 पर 22 फरवरी की रात लगभग 11:09 बजे हुई, जब एक खड़ी ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान कानपुर जिले के केशव पुरम आवास विकास 1 ह 356 निवासी सुमित गौड़ (30) और उनके भाई शुभम गौड़ (23) के रूप में हुई है। दोनों भाई होंडा एसपी बाइक से लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रहे थे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किमी 134.200 के पास, पीली पट्टी के अंदर एक लोडेड ट्रक खराब होने के कारण खड़ा था। ट्रक पर तिरपाल ढका हुआ था। जयसिंहपुर कोतवाली के सारंगपुर गांव के पास बाइक पीछे से इस खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई बाइक समेत ट्रक में घुस गए। इस दुर्घटना में सुमित गौड़ की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल शुभम गौड़ को ईगल एंबुलेंस द्वारा सौ सैया अस्पताल बिरसिंहपुर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। ईगल एंबुलेंस के कन्हैयालाल ने बाद में घायल व्यक्ति की मृत्यु की पुष्टि की। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी, सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडे और ईगल एंबुलेंस सहित सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी और पंचायतनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक प्रेम कुमार यादव ट्रक को खड़ा कर कूरेभार चला गया था।

# घाटमपुर में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** घाटमपुर रेलवे स्टेशन के पास स्योदी ललईपुर रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई,,यह घटना राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी,, मौके पर पहुंची पुलिस ने म्रतक युवक की शिनाख्त के लिए काफी देर तक प्रयास किया, आपको बताते चलें कि सोमवार को घाटमपुर हमीरपुर रोड कि मी नंबर 1090/17/18 पर एएसआई आरपीएफ, राजकुमार और हेड कांस्टेबल विष्णु कान्त आरपीएफ द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर सिविल पुलिस के साथ मौका मुआयना कर डेड बॉडी की जामा तलाशी ली,तो डेड बॉडी के बग़ल में एक पुराना सेमसंग मोबाइल के अलावा कोई रेल टिकट पहचान पत्र आदि कुछ बरामद नहीं हुआ, कस्बा घाटमपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह द्वारा फ़ोन के जरिए परिजन रामबालक मोबाइल नंबर 9198674116 पर सूचना दी गई, तों रामबालक मय परिवारीजन घटना स्थल पर आकर म्रतक को अपने लड़के हिमांशु पुत्र रामबालक उम्र20, वर्ष निवासी हथेरूआ थाना घाटमपुर जिला कानपुर नगर के रूप में शिनाख्त किया,बाद सिविल पुलिस द्वारा मौके की कार्रवाई शुरू कर डैड बाडी को वास्ते पोस्टमार्टम हेतु अपने साथ ले गए।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे सड़क हादसे में युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के महाबलगंज गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पप्पू 35 वर्ष की बीती रात सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक सवार पवन कुमार रायबरेली में अपनी भांजी के शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार, पवन कुमार को पूरे अवसेरी मजरे मोन स्थित पराग डेयरी के सामने एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार युवक को लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाते समय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह व प्रधान डब्बू सिंह,एवम प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज पासी ,बाबा राम केवल अनशनकारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

### चंडीगढ़ में पूर्व प्रधान की बहू की निर्मम हत्या, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**अकेली पाकर पड़ोसी युवक ने किया हमला, धारदार हथियार और हथौड़े से वार कर उतारा मौत के घाट**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के पूर्व प्रधान श्रीपाल पासी की बहू की दो दिन पहले चंडीगढ़ में निर्मम हत्या कर दी गई। सोमवार को जैसे ही मृतका का शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतका के ससुर श्रीपाल पासी ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा कुलदीप सेना में तैनात है, छोटा बेटा संदीप गांव में रहता है, जबकि मंझला बेटा प्रदीप चंडीगढ़ में परिवार के साथ रहकर काम करता था। घटना के समय प्रदीप काम पर गया हुआ था और दोनों बच्चे स्कूल में थे। घर पर सीमा (35) अकेली थी। इसी दौरान पड़ोस का एक युवक घर में घुस आया और महिला के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार और हथौड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पति प्रदीप घर पहुंचा। खून से लथपथ पत्नी को देख वह स्तब्ध रह गया। मृतका के एक बेटा और एक बेटी हैं। दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। सोमवार को जब शव मुबारकपुर गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की आंखें नम हैं और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### स्वदेशी जागरण मंच का स्वावलंबन केन्द्र खोला गया

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के निराला नगर में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलम्बन केन्द्र की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में करीब 150 से अधिक युवक, व्यापारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। केन्द्र का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अमित राजावत ने किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना स्वदेशी व्यवस्था से ही साकार होगा। स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना समय की मांग है। लघु उद्योग और स्वरोजगार को मजबूत करना जरूरी है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में आगे आना होगा। प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच अमित सिंह वत्स ने युवाओं को उद्यमी बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी मांगने से बेहतर है नौकरी देने वाला बनना। स्वावलम्बन केन्द्र युवाओं को प्रशिक्षण देगा। उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। नए उद्यम शुरू करने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला संयोजक डॉ. अनुभव श्रीवास्तव ने कहा कि यह केन्द्र स्थायी रोजगार परामर्श मंच की तरह काम करेगा। कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय व्यापारियों को संगठित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वरोजगार मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। लोगों ने पहल की सराहना की। अंत में डॉ. अविनाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन द्वारा वरिष्ठ पत्रकार स्व. विधि सिंह को श्रृद्धांजलि दी।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन (जेपीए) की मासिक बैठक दिनांक 22 फरवरी 2026 दिन रविवार को चिनहट क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी स्थित प्रधान कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों वरिष्ठ पत्रकार स्व. विधि सिंह को श्रृद्धांजलि दी गई। मासिक बैठक में समीक्षा के दौरान जेपीए अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि पत्रकारों के हित में जेपीए सतत कार्यरत है। प्रदेश में अगर किसी भी पत्रकार को कोई समस्या है तो जेपीए के पदाधिकारी उसका स्वतः संज्ञान लेकर उनकी हर संभव सहायता करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ पत्रकार स्व. विधि सिंह को श्रृद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। बैठक में संरक्षक सदस्य विवेक विश्व पाण्डेय, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे, वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह एवं धानिश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष सनी शाह, सह मीडिया प्रभारी सौरभ निगम, प्रचार मंत्री सैयद इकबाल, रोशनी सोनकर, पूर्णिमा सोनकर आदि पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहें, जिसमें आगामी होली पर होने वाले कार्यक्रम योजना पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## चंद्रभानु में एल्युमिनाई मीट में ताजा हुई यादें।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



सीतापुर 22 फरवरी चन्द्र भानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 32 वर्ष पुराने दोस्त गेट- टूगेदर के माध्यम से मिले और महाविद्यालय के दिनों की यादों को ताजा किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी एवं प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के सदस्यों को पौधा देखकर स्वागत किया गया तथा पूर्व छात्र- छात्राओं ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए,पुरातन सम्मेलन में रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया और साथ में भोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने सभी पुरातन छात्रों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने पुराने दोस्तों से मिलने की खुशी को अवर्णनीय बताया और बताया कि श्रद्धेय भगवती सिंह जी द्वारा स्थापित किया गया महाविद्यालय पूरे भारत में जाना जाता है इसे अच्छा करने में सभी सहयोग करें । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टी पी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के पुरातन छात्र के महाविद्यालय के गौरव को ऊंचा करने में मदद करे महाविद्यालय के विकास में समर्पण भाव से योगदान करें । रविवार को महाविद्यालय में ये अद्भुत नजारा देखने को मिला।जहां एल्युमनाई मीट में गेट-टू-गेदर होकर सेलिब्रेशन किया गया। महाविद्यालय पुराने दोस्तों ने खूब ठहाके लगाए तथा एक-दूसरे को गले लगाया। महाविद्यालय के पुरातन छात्र आर सी गुप्ता ने बताया की इस महाविद्यालय का मैं छात्र रहा आज हमने अपनी कंपनी बनाई है मेरी कंपनी में बायोटेक्नोलॉजी,बायो पेस्टीसाइड, स्मार्ट बायो उर्वरक के उत्पाद बनाये जाते हैं और किसानों को कम दरों में उपलब्ध करायें जाते हैं । जिसमें हम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार दे रहे हैं। आस्ट्रेलिया में शिक्षक पद पर कार्यरत महाविद्यालय के पुरातन छात्र डॉ तुलसीराम भुसाल ने कहा की महाविद्यालय का शिक्षण कार्य बहुत बेहतर है इसका लाभ लेना चाहिए। महाविद्यालय के मिडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस महाविद्यालय का मैं पुरातन छात्र हूं आज इसी विधालय में शिक्षक हूं विधालय में 32 वर्ष से छात्र और शिक्षक के रूप में जुड़ा हूं। लगभग 7500 कृषि स्नातक एवं 900 परास्नातक कृषि छात्र- छात्राएं इस महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं जो पुरे भारत तथा विदेशों में सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षक राजनीति वैज्ञानिक और उद्यमी के रूप आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के सदस्य अशोक सिंह व डॉ बैजनाथ रावत,जितेंद्र निगम प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय भदोरिया, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी सहित सभी शिक्षक कर्मचारी एवं महाविद्यालय के 150 से अधिक पुरातन छात्रो ने प्रतिभाग किया।

## कृषि महाविद्यालय में फिर लापरवाही के चलते परीक्षा टली

**● परीक्षा के दौरान प्रथम वर्ष के विषय प्रश्न पत्र के बजाय बांट दिए द्वितीय वर्ष के विषय प्रश्न पत्र सिलेबस से इतर प्रश्न देख छात्र-छात्राओं में मची अफरा तफरी**

**● विश्वविद्यालय की जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर अब उठने लगे सवाल विश्वविद्यालय के जिम्मेदार मामले को लेकर परस्पर एक दूसरे के सिर फोड़ रहे ठीकरा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मिल्कीपुर अयोध्या-** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में चल रही सेमेस्टर परीक्षा एक बार फिर कृषि महाविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लापरवाही की भेंट चढ़ गई। निर्धारित विषय प्रश्न पत्र की बजाय द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का प्रश्न पत्र देख परीक्षार्थी हैरान हो गए और कच्छ निरीक्षक से शिकायत की तब मामले में तूल पकड़ा।इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन- फानन में प्रथम पाली की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि अभी उक्त विषय के परीक्षा का दूसरा कार्यक्रम नहीं जारी हो सका है। उधर दूसरी ओर इस भारी लापरवाही का ठीकरा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सहित कृषि अधिष्ठाता तक परस्पर एक दूसरे को बताते हुए किनारा कस रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के अधीन कृषि महाविद्यालय अंतर्गत एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेंट प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की परीक्षा एबीएम-506 (Agriculture food and marketing- I )विषय की सुनिश्चित थी। किंतुपरीक्षा कच्छ में मौजूद छात्र-छात्राओं को एबीएम-507(Agriculture food and marketing- II) प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया।सेमेस्टर से अतिरिक्त प्रश्न देख छात्र-छात्राओं ने परीक्षा कक्षा में मौजूद शिक्षकों से शिकायत की। फिर क्या था विश्वविद्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। थक हारकर विश्वविद्यालय की जिम्मेदार अधिकारियों ने सोमवार की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि विश्वविद्यालय की ओर से अभी उक्त विषय के परीक्षा की दूसरी तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उधर कृषि अधिष्ठाता डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रश्न पत्र व्यवस्था की जिम्मेदारी रजिस्टर की होती है। उधर दूसरी ओर विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ पीएस परमानिक का कहना है किप्रश्न पत्र से कोई दिक्कत नहीं थी, केवल एक प्रोफेसर साहब डॉ महेंद्र सिंह के कहने पर परीक्षा टाली गई है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी लगातार हो रही लापरवाही एवं चूक की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। जिसके चलते छात्र-छात्राओं को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दो दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सरकारी स्कूल में बच्चों को कैद करने का मामला ,जांच करने पहुंचे बीएसए

**● शिक्षा मित्र बोली-SC समुदाय से आती हूं इसलिए बनाया जा रहा निशान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सुल्तानपुर-** लंभुआ कोतवाली वैनी कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को बंद करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने सोमवार को लंभुआ क्षेत्र के वैनी (बेनी) कंपोजिट विद्यालय में हुए विवाद और वायरल वीडियो के मामले में निरिक्षण किया। इस मामले में रामा राजेश्वरी का कहना है कि 13 फ़रवरी को विद्यालय के कुछ शिक्षकों (अमित शांडिल्य, गुड़िया गुप्ता और गरिमा पांडेय) ने उनके कक्ष में घुसकर जबरन वीडियो बनाया और उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने आरोप लगाया कि वे स्ष्ट समुदाय से आती हैं, इसलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार, शिक्षकों ने उन्हें धमकाते हुए कहा, 'तुम्हारी 10 हजार की नौकरी चट कर जाएंगे।' उन्होंने इस मामले की लिखित शिकायत BEO (खंड शिक्षा अधिकारी) और BS (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) से की थी। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने उनकी मदद करने के बजाय उनके खिलाफ ही कार्रवाई की बात कही और उन पर 'राजनीति करने' का आरोप लगाया। बीएसए के अनुसार, प्राथमिक जांच में स्कूल स्टाफ, ग्राम प्रधान और अभिभावकों (SMC) के बीच आपसी तालमेल की कमी और निजी विवाद की बात सामने आई है, जिसका सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि प्रधानाध्यापिका या अन्य स्टाफ की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।बीएसए ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) को तत्काल विस्तृत जांच सौंप दी है। बता दें कि 13 फरवरी को एक वीडियो सामने आया था जिसमें प्रधानाध्यापिका प्रतिभा त्रिपाठी बच्चों को गेट के अंदर बंद करके बाहर जाती दिख रही हैं। वीडियो में बच्चे उनसे गेट खोलने का अनुरोध करते भी सुनाई दे रहे हैं। एक अन्य वीडियो में एक बाहरी व्यक्ति बच्चों की पिटाई करता नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षामित्र उसे रोकने का प्रयास कर रही थी, लेकिन विद्यालय का अन्य स्टॉफ इस घटना को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है।

## एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बा स्थित डाक-बंगले के सभागार में ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी/निकाय के सदस्यों व प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नरायनपुर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार को अपने बेटे का दाखिला प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में कराए जाने के लिए सम्मानित किया गया। वही मोन ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय जुगराजपुर में कायाकल्प के 19 पैरामीटर पूरे करने के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला का बतौर मुख्यअतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके पश्चात् विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह द्वारा संगोष्ठी के उद्देश्यों, डीबीटी, निपुण लक्ष्य व कायाकल्प योजना की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कार्यक्रम की रुपरेखा को स्पष्ट करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था एवं शैक्षिक स्तर के उन्नयन हेतु कायाकल्प के 19 बिन्दुओं के संतृप्तिकरण के लिए मिशन प्रेरणा, निपुण भारत एवं दीक्षा जैसे कई कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे हैं। जिसमें कायाकल्प का कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रधानाध्यापक अपने ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय के अवशेष कार्यों को अति शीघ्र पूरा कराएं। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अवस्थी, मधुकर सिंह, एस आर जी राजवंत चौधरी, पूर्व एआरपी शिव बालक, मनीष सिंह, संजय कनौजिया, जयकरन समेत विकास खण्ड के ग्राम प्रधान व सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## खैराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**●सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक का अच्छा इलाज हो:-डॉक्टर विजय कुमार सिंह**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




सीतापुर स्थानीय जवाहरपुर शुगर मिल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर के आदेशानुपालन के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आर वी एस के टीम के द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें उचित परामर्श के अलावा दवाइयां भी दी गई। आर वी एस के टीम में डॉक्टर शिवानी टंडन, डॉक्टर विजय कुमार सिंह तथा जया तिवारी ने मरीजों की कायदे से जांच की और उचित परामर्श भी दिया गया। फैमिली काउंसलर श्रीमती फातमा के द्वारा एच आई वी, एड्स, और यौन सम्बन्धी बीमारियों के बारे में उचित जानकारी दी गई। स्वास्थ्य पर्यवेक्षण गीता सिंह व मीना कुमारी, के द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व की जांचें की गई, फैमिली काउंसलर गीता सिंह द्वारा परिवार नियोजन प्रदर्शनी का प्रचार प्रसार भी किया गया जबकि एल टी अमित कुमार के द्वारा टी बी, हेपेटाइटिस बी और सी तथा एच आई वी, मधुमेह की उचित जांचें की गई जिसमें जिला अस्पताल की टीम के द्वारा भी सहयोग किया गया जिसमें उदय प्रताप सिंह, नवीन चंद्र दीक्षित,और रजनीश कुमार वर्मा एवं संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर डॉक्टर विजय कार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए और उसका अच्छे से अच्छा इलाज हो सके जबकि डॉक्टर शिवानी टंडन ने कहा कि अक्सर महिलाएं अपनी बीमारियों को छिपा लेती हैं जिनसे उन्हें बाद में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है इस लिए चाहिए कि आप सभी जागरूक रहिए और समय रहते अच्छा और उचित इलाज करवाइए।इस अवसर पर कुल 93 रोगियों की जांच की गई जिसमें टी बी, हेपेटाइटिस बी , एच आई वी,शुगर तथा ए एन सी के 93 मरीज़ देखे गए।

## सुल्तानपुर में 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म का विरोध

**●यादव समाज ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




सुल्तानपुर में 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म के विरोध में यादव समाज ने प्रदर्शन किया। सोमवार को कलेक्ट्रेट पर इकट्ठा होकर समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक मांगपत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। समाज ने प्रस्तावित फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर गंभीर आपत्ति जताई है। उनका मानना है कि फिल्म में ऐसे दृश्य या संवाद हो सकते हैं जो सामाजिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुँचा सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य या अशांति फैलने की आशंका है। समाज का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भारतीय कानूनों और सामाजिक मर्यादाओं के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित प्राधिकरणों से फिल्म की सामग्री की निष्पक्ष और विस्तृत समीक्षा कराने की मांग की है। यदि कोई आपत्तिजनक अंश पाया जाता है, तो उसके प्रसारण या प्रदर्शन पर रोक लगाने की अपील की गई है। इस संबंध में सुरेश कुमार यादव (भजन प्रधान) ने मीडिया को बताया कि मनोरंजन के नाम पर जातिगत टिप्पणियाँ और फिल्मों के ऐसे नाम समाज में वैमनस्य बढ़ाते हैं। उन्होंने 'घूसखोर पंडित' और 'यादव जी की लव स्टोरी' जैसे शीर्षकों पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के नाम और उसकी सामग्री पर सवाल उठाए हैं। यादव ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म में समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कोई भी अंश पाया जाता है, तो वे सुल्तानपुर में फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने देंगे। सुरेश यादव ने सेंसर बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी फिल्में बोर्ड की मिलीभगत के बिना पास नहीं हो सकतीं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी माँगें नहीं मानी गईं और आपत्तिजनक अंश नहीं हटाए गए, तो यादव समाज सड़क जाम, पुतला दहन और सिनेमाघरों के विरोध जैसे कदम उठाने को मजबूर होगा। यादव ने जानकारी दी कि फिल्म के निर्माता और निर्देशक संदीप तोमर तथा अंकित बढ़ाना के खिलाफ अन्य स्थानों पर भी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने सुल्तानपुर में भी इसी तरह की कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

## नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित नहीं रहेगा: नगर पंचायत अध्यक्ष

**●शीघ्र जाम की समस्या से लंभुआ वासियों को मिलेगा निजात**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लंभुआ। सुलतानपुर** लंभुआ नगर पंचायत कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित न हो, ऐसा मेरा पूरा प्रयास है। कुछ लोग चाहते हैं कि जिनको आवास मिले हुए हैं और वह घर भी बनवाना शुरू कर दिए हैं। उनका आवास निरस्त हो जाए और उन्हें पैसे वापस करने पड़ जाएं। हम पूरे नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर जानकारी हासिल कर रहे हैं, तहसील प्रशासन ने लेखपालों को लगाया हुआ है, लेखपाल रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। हमारा पूरा प्रयास रहेगा की नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित न रह जाए। कहा कि अगर कोई सभासद या कोई कर्मचारी या कोई व्यक्ति आवास के नाम पर पैसा वसूलता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या से शीघ्र नगर पंचायत वासियों को मुक्ति मिलेगी, उसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है, वहां पर सब्जी मंडी हो जाएगी। टैक्सी स्टैंड के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद जाम की स्थिति समाप्त हो जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो भी सूखे पेड़ हैं और सड़क के किनारे हैं, जिनके गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, उसकी सूचना हमें उपलब्ध करवाएं। हम विभाग को पत्र लिखकर उसे शीघ्रता के साथ कटवाएंगे। उन्होंने कहा कि नाले का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है, आने वाली बरसात में पानी निकासी की समस्या समाप्त हो जाएगी। क्योंकि लंभुआ में जल निकासी की समस्या सबसे बड़ी समस्या थी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब के निर्माण के लिए शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया।

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर टेट अनिवार्यता का जताया विरोध

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनिहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार ब्लाक कार्य समिति एवं ब्लाक संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बैठककर जोरदार विरोध जताया है। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनिहा की में बैठक में उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा शिक्षकों को टेट परीक्षा अनिवार्य किए जाने को लेकर शिक्षण कार्य में काली पट्टी बांध कर शिक्षकों द्वारा विरोध किया गया है। बैठक में चार मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि 22 फरवरी को ट्विटर अभियान एवं 23 फरवरी से 25 फरवरी तक शिक्षक दाहिने हाथ में काली पट्टी बांध कर टेट अनिवार्यता का विरोध तथा 26 फरवरी को जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन तथा मार्च में तीन सप्ताह दिल्ली धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में शिक्षक चन्द्रभान प्रसाद, उमेश चन्द्र यादव, सूर्यभान उपाध्याय, शत्रुघ्न, पब्बर यादव, कृष्ण पाल सिंह चौधरी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## भारत की सुरक्षा के खिलाफ साजिशें और सतर्कता की जीत आतंकवाद के बदलते स्वरूप पर गंभीर चिंतन

देश की राजधानी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों में हाल ही में जिस प्रकार की आतंकी साजिश का खुलासा हुआ, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद का खतरा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने रूप बदलकर समाज के भीतर घुसपैठ करने की कोशिश करता रहता है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता से एक बड़े षड्यंत्र को समय रहते विफल कर दिया गया। यह घटना केवल कुछ पोस्टर लगाने या संदिग्ध गतिविधियों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके पीछे एक संगठित मॉड्यूल, विदेशी निर्देश और व्यापक नेटवर्क की आशंका सामने आई है।

सात फरवरी को कश्मीरी गेट और आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए देशविरोधी पोस्टरों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। इन पोस्टरों में भारत विरोधी संदेश और आतंकवादी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की तस्वीरें थीं। सबसे पहले इस गतिविधि पर सीआईएसएफ की नजर पड़ी और सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंपी गई। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में जांच आगे बढ़ी और संदिग्धों की धरपकड़ शुरू हुई।

जांच में यह खुलासा हुआ कि इस साजिश के तार बांग्लादेश से जुड़े हुए थे। कोलकाता से एक बांग्लादेशी नागरिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए थे। यह भी सामने आया कि कोलकाता के कई मेट्रो स्टेशनों पर इसी प्रकार की गतिविधियां की गई थीं। आरोपियों को निर्देश देने वाला शख्स शब्बीर अहमद लोन बताया गया, जो जम्मू कश्मीर के गंदेरबल का निवासी है और पूर्व में लश्कर ए तैयबा से जुड़ा रहा है। वर्ष 2007 में उसकी गिरफ्तारी के बाद वह जेल में रहा और 2019 में रिहा हुआ। जांच एजेंसियों का दावा है कि रिहाई के बाद उसने फिर से आतंकी संपर्क स्थापित किए और एक नया मॉड्यूल खड़ा करने की कोशिश की। आतंकवाद की यही प्रवृत्ति सबसे अधिक चिंताजनक है कि वह बार बार नए चेहरों और नई रणनीतियों के साथ सामने आता है। कभी वह हथियारों के जरिए हमला करता है, कभी वैचारिक युद्ध के माध्यम से समाज में जहर घोलने की कोशिश करता है। पोस्टर जैसे प्रतीत होने वाले साधारण माध्यम का उपयोग भी यदि किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकता है, तो यह सुरक्षा तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है। तमिलनाडु से छह बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी ने इस पूरे प्रकरण को और व्यापक बना दिया है। जांच में यह संकेत मिले कि इन लोगों को किसी बड़ी वारदात के लिए तैयार किया जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। यह भी जांच का विषय है कि किस प्रकार सीमापार बैठे हैंडलर भारत के भीतर युवाओं को प्रभावित करने या भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। इस पूरे घटनाक्रम के समानांतर अरब सागर में विदेशी सामान की तस्करी का मामला भी सामने आया, जिसमें अल मुख्तार नामक नाव से लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट बरामद की गई। चार ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया और उनके पास से सैटेलाइट फोन जब्त किए गए। यद्यपि यह मामला सीधे तौर पर आतंकवाद से जुड़ा हुआ सिद्ध नहीं हुआ है, परंतु तस्करी, अवैध वित्तीय लेनदेन और आतंकी गतिविधियों के बीच संबंधों को नकारा नहीं जा सकता। कई बार ऐसे अवैध माध्यम ही आतंकवाद की फंडिंग का आधार बनते हैं। आतंकवाद केवल बंदूक और बम का नाम नहीं है। यह एक विचारधारा भी है जो असंतोष, कट्टरता और भ्रम के सहारे पनपती है। जब कोई संगठन युवाओं को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए प्रेरित करता है, तो वह केवल कानून का उल्लंघन नहीं करता बल्कि समाज की एकता और विश्वास को भी तोड़ने का प्रयास करता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में जहां अनेक धर्म, भाषाएं और संस्कृतियां साथ रहती हैं, वहां ऐसी गतिविधियां सामाजिक सौहार्द के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को हल्के में नहीं लिया जाता। तकनीकी निगरानी, खुफिया सूचनाओं का आदान प्रदान और राज्यों के बीच समन्वय ने इस साजिश को नाकाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किंतु यह भी सत्य है कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल सुरक्षा बलों के भरोसे नहीं लड़ी जा सकती। समाज की सजगता, नागरिकों की जिम्मेदारी और युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास भी उतना ही आवश्यक है।

## डिजिटल क्रांति के दौर में सार्वजनिक पुस्तकालयों की अनिवार्यता ,ई-कंटेंट से दिशा पाते युवा और ज्ञान-संस्कृति की नई धारा

वर्तमान समय को यदि ज्ञान और तकनीक का युग कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने जानकारी को सहज, सुलभ और त्वरित बना दिया है। आज का युवा वर्ग ई-कंटेंट, ऑनलाइन पाठ्यसामग्री, ई-बुक्स और ऑडियो बुक्स की ओर तीव्र गति से आकर्षित हो रहा है। इसके बावजूद यह सत्य उतना ही प्रबल है कि सार्वजनिक पुस्तकालयों की आवश्यकता आज पहले से अधिक बढ़ गई है। पुस्तकालय केवल पुस्तकों का भंडार नहीं, बल्कि समाज की बौद्धिक चेतना, सांस्कृतिक परंपरा और नैतिक मूल्यों के संरक्षक हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो ज्ञान-संस्कृति की जड़ें कमजोर पड़ सकती हैं।

सार्वजनिक पुस्तकालयों ने सदैव पढ़ने-लिखने की आदत को विकसित किया है। अकादमिक शिक्षा हो या स्वाध्याय के माध्यम से आत्मविकास की आकांक्षा, पुस्तकालय हर वर्ग के लिए समान रूप से उपयोगी रहे हैं। शांत वातावरण, अनुशासित परिवेश और विविध विषयों पर उपलब्ध साहित्य व्यक्ति को गहन अध्ययन की ओर प्रेरित करता है। डिजिटल माध्यमों की तात्कालिकता के बीच पुस्तकालय मन को स्थिरता प्रदान करते हैं। यह स्थिरता ही गहन चिंतन और मौलिक विचारों को जन्म देती है। देश में सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थिति पर दृष्टि डालें तो यह स्पष्ट होता है कि विभिन्न राज्यों में इनकी संख्या और गुणवत्ता में व्यापक अंतर है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2018-19 तक देश में 46,746 सार्वजनिक पुस्तकालय थे, जिसका उल्लेख राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन ने किया था। यह संख्या आशाजनक प्रतीत होती है, परंतु देश की विशाल जनसंख्या और युवाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं कही जा सकती। महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में हजारों पुस्तकालय हैं, जबकि कुछ समृद्ध राज्यों में इनकी संख्या अत्यंत सीमित है। इससे यह सिद्ध होता है कि पुस्तकालयों का विकास केवल आर्थिक स्थिति पर निर्भर नहीं करता, बल्कि पढ़ने की संस्कृति और शासन की प्राथमिकताओं पर आधारित होता है।

विशेष रूप से केरल का उदाहरण उल्लेखनीय है, जहां सीमित संसाधनों के बावजूद पढ़ने की परंपरा सशक्त है। इसके विपरीत कुछ धनी राज्यों में पुस्तकालयों की संख्या अत्यल्प है। अनेक राज्यों में पुस्तकालय भवन जर्जर अवस्था में हैं, स्टाफ की कमी है और नई पुस्तकों की उपलब्धता सीमित है। ग्रामीण और छोटे कस्बों में तो डिजिटल संसाधनों का अभाव और भी स्पष्ट दिखाई देता है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पुस्तकालय सामाजिक समानता और ज्ञान के लोकतंत्रीकरण का माध्यम हैं।

डिजिटल युग ने अध्ययन के स्वरूप को परिवर्तित कर दिया है। ई-कंटेंट ने युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। ऑनलाइन कोर्स, डिजिटल जर्नल, शैक्षणिक वीडियो और ऑडियो सामग्री ने सीखने की प्रक्रिया को अधिक लचीला बना दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लाखों विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। कई सार्वजनिक पुस्तकालयों ने भी डिजिटल सेवाएं आरंभ की हैं, जिससे वे युवाओं के लिए अधिक आकर्षक बन रहे हैं। ई-कंटेंट का महत्व इस बात में है कि यह समय और स्थान की सीमाओं को समाप्त करता है। विद्यार्थी घर बैठे विश्वस्तरीय सामग्री तक पहुंच सकते हैं। दृष्टिबाधित या विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए ऑडियो बुक्स और सहायक तकनीक अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। इस प्रकार डिजिटल संसाधन शिक्षा को अधिक समावेशी और व्यापक बनाते हैं। परंतु यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि डिजिटल संसाधनों तक समान पहुंच सभी को प्राप्त नहीं है। इंटरनेट और उपकरणों की कमी डिजिटल विभाजन को जन्म देती है। ऐसे में सार्वजनिक पुस्तकालय इस खाई को पाटने का माध्यम बन सकते हैं। यदि पुस्तकालयों में कंप्यूटर, इंटरनेट और ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो, तो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी भी डिजिटल युग से जुड़ सकते हैं।

प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय आज भी प्रेरणास्थल हैं। कोटा और अजमेर जैसे शहरों में हजारों विद्यार्थी नियमित रूप से पुस्तकालयों में अध्ययन करते हैं। शांत वातावरण और संदर्भ पुस्तकों की उपलब्धता उन्हें एकाग्रता प्रदान करती है। बेंगलूरु में सैकड़ों पुस्तकालय हैं, जिनमें बड़ी संख्या में पंजीकृत सदस्य हैं और उनमें अधिकांश विद्यार्थी हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि यदि पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त हों तो युवा वर्ग उनसे जुड़ने में रुचि रखता है। पुस्तकालयों की प्रासंगिकता केवल शैक्षणिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये हमारी साहित्यिक धरोहर, ऐतिहासिक दस्तावेज और वैचारिक परंपराओं को सुरक्षित रखते हैं। डिजिटल माध्यमों की त्वरित और क्षणभंगुर प्रकृति के बीच पुस्तकालय स्थायित्व का प्रतीक हैं। यहां उपलब्ध सामग्री सत्यापन योग्य और विश्वसनीय होती है, जो युवाओं को भ्रामक सूचनाओं से बचाती है। आज जब सोशल मीडिया पर अप्रमाणित जानकारी का प्रसार तीव्र गति से होता है, तब पुस्तकालय प्रमाणिक ज्ञान के स्रोत के रूप में और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

केंद्र सरकार द्वारा पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु राष्ट्रीय स्तर पर पहल की गई है। राष्ट्रीय लाइब्रेरी मिशन के अंतर्गत राज्यों में केंद्रीय और जिला पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। यह प्रयास स्वागतयोग्य है, परंतु इसकी सफलता राज्य सरकारों की सक्रियता और समाज की सहभागिता पर निर्भर करती है। यदि पुस्तकालय कानून, बुनियादी ढांचा और फंडिंग की व्यवस्था होने के बावजूद अपेक्षित ध्यान न मिले, तो उनका विकास बाधित हो जाता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पुस्तकालयों को केवल परंपरा के प्रतीक के रूप में न देखा जाए, बल्कि उन्हें डिजिटल युग के अनुरूप विकसित किया जाए। पारंपरिक पुस्तकों के साथ-साथ ई-कंटेंट, डिजिटल डेटाबेस और ऑनलाइन संसाधनों को समाहित कर पुस्तकालयों को ज्ञान के समग्र केंद्र के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को पुस्तकालय से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सही और गलत जानकारी में अंतर करने की क्षमता प्रदान की जानी चाहिए।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि डिजिटल युग में सार्वजनिक पुस्तकालयों की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई है, बल्कि उनका स्वरूप परिवर्तित हुआ है। ई-कंटेंट युवाओं को नई दिशा दे रहा है, परंतु उस दिशा को संतुलित और सार्थक बनाने के लिए पुस्तकालयों का शांत, अनुशासित और ज्ञानपूर्ण वातावरण अनिवार्य है। यदि हम चाहते हैं कि हमारी युवा पीढ़ी विवेकशील, संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक बने, तो हमें पुस्तकालयों को सशक्त बनाना होगा। पुस्तकालय और ई-कंटेंट का समन्वय ही भविष्य की ज्ञान-संस्कृति को सुदृढ़ और समृद्ध बना सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## पंच. कुनः एक खिलौने की गोद में मां की ममता तलाशता नन्हा बंदर

जापान के इचिकावा सिटी जूलॉजिकल एंड बॉटनिकल गार्डन्स की चहारदीवारी के भीतर जन्मा एक नन्हा जापानी मैकाकए जिसे दुनिया आज श्पंच.कुनश् के नाम से जानती हैए आधुनिक समय में जीव संवेदनाओं और प्राकृतिक संघर्ष की एक जीवंत मिसाल बनकर उभरा है। जुलाई 2025 में जब इस नन्हे बंदर ने पहली बार अपनी आँखें खोली होंगीए तो उसने एक ऐसे सामाजिक ढांचे की उम्मीद की होगी जहाँ मां की गर्माहट और समूह की सुरक्षा सर्वोपरि होती हैए लेकिन नियति ने उसके लिए एक अलग ही पटकथा लिख रखी थी। जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसकी मां द्वारा उसे त्याग दिए जाने की घटना ने न केवल चिड़ियाघर के प्रशासन को चौंकायाए बल्कि वन्यजीव प्रेमियों के बीच एक गहरी चिंता भी पैदा कर दी। जापानी मैकाकए जिन्हें हम अक्सर श्स्नो मंकीश् के रूप में जानते हैंए अपनी जटिल सामाजिक संरचना और मां.बच्चे के अटूट बंधन के लिए प्रसिद्ध हैं। ऐसे में एक नवजात का अनाथ हो जाना उसके अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा कर देता है। पंच.कुन की कहानी यहीं से एक भावनात्मक मोड़ लेती है जब चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने उसके जीवन में एक श्सरोगेट मदरश् के रूप में एक निर्जीव स्टफ्ड ऑरंगुटान खिलौने को शामिल किया। यह खिलौना देखते ही देखते पंच की दुनिया का केंद्र बन गयाए और यहीं से शुरू हुई एक ऐसी यात्रा जिसने इंटरनेट पर लाखों लोगों की आंखों को नम कर दिया।

पंच.कुन और उसके इस भूरे रंग के खिलौने के बीच का बंधन केवल एक तस्वीर या वीडियो तक सीमित नहीं हैए बल्कि यह प्राइमेट मनोविज्ञान के उन गहरे रहस्यों को उजागर करता है जिन्हें दशकों पहले मनोवैज्ञानिक हैरी हार्लो ने अपने प्रयोगों में सिद्ध किया था। हार्लो के प्रयोगों ने दिखाया था कि एक बच्चा बंदर भोजन देने वाली कठोर तार की मां के बजाय रेशमी कपड़े वाली मां को चुनता हैए क्योंकि जीवों के लिए शारीरिक पोषण से कहीं अधिक महत्वपूर्ण भावनात्मक सुरक्षा और स्पर्श का सुख होता है। पंच.कुन के मामले में भी यही हुआ। वह नन्हा बंदर अपने इस खिलौने को महज़ एक वस्तु नहीं मानताए बल्कि वह उसे हर जगह अपने साथ लेकर घूमता है। जब वह खाता हैए तो खिलौना उसके पास होता हैय जब वह सोता हैए तो वह उसे अपनी छाती से सटाकर रखता हैय और जब वह डरता हैए तो वह उसी बेजान कपड़े के टुकड़े में अपनी जान तलाशता है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में जब हम पंच को अपने से लगभग दोगुने बड़े खिलौने को घसीटते हुए या उसे गोद में उठाकर चलते हुए देखते हैंए तो वह दृश्य सहज ही मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देता है। यह हमें याद दिलाता है कि मां का अभाव किसी भी प्रजाति के लिए कितना बड़ा शून्य पैदा कर देता है।

जैसे.जैसे पंच.कुन बड़ा हो रहा हैए चिड़ियाघर के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसे वापस उसके अपने समाज यानी बंदरों के समूह में एकीकृत करने की है। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो ने इस प्रक्रिया की जटिलता और क्रूरता के दावों को जन्म दियाए जब पंच को एक वयस्क मादा बंदर द्वारा डांटते और घसीटते हुए देखा गया। इंटरनेट पर कई लोगों ने इसे पशु क्रूरता करार दियाए लेकिन यदि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखेंए तो यह पंच के सामाजीकरण का एक अनिवार्य हिस्सा था। चिड़ियाघर के विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि पंच जब समूह के दूसरे बच्चों के पास जाने की कोशिश करता हैए तो उसे अभी तक सामाजिक संकेतों की समझ नहीं है। एक मां के बिना पले बढ़े होने के कारण उसे यह नहीं पता कि कब रुकना है और कब दूरी बनाए रखनी है। जब वह किसी दूसरे बच्चे के पास गया और उस बच्चे की मां ने उसे दूर धकेलाए तो वह वास्तव में बंदरों के समाज का श्अनुशासनश् था। यह अनुशासन ही उसे भविष्य में एक स्वतंत्र और सशक्त वयस्क बंदर बनाने में मदद करेगा। हालांकिए उस डांट के बाद पंच का तुरंत भागकर अपने ऑरंगुटान खिलौने से लिपट जाना यह दर्शाता है कि वह अभी भी भावनात्मक रूप से कितना कमजोर है और वह खिलौना उसके लिए एक सुरक्षित पनाहगाह की तरह काम कर रहा है।

इस पूरी घटना ने श्अटैचमेंट थ्योरीश् और श्ट्रांजिशनल ऑब्जेक्ट्सश् जैसे मनोवैज्ञानिक विषयों पर एक नई बहस छेड़ दी है। जिस तरह मानव शिशु अपने माता.पिता की अनुपस्थिति में किसी कंबल या टेडी बियर से गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं ताकि उन्हें सुरक्षा का एहसास होए पंच.कुन भी उसी दौर से गुजर रहा है। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी उठता है कि क्या मानवीय हस्तक्षेप और खिलौनों का यह सहारा उसे प्राकृतिक रूप से सक्षम बना पाएगाघ् इचिकावा चिड़ियाघर का स्टाफ इस दिशा में बेहद संवेदनशीलता से काम कर रहा है। वे श्सॉफ्ट रिलीजश् की प्रक्रिया अपना रहे हैंए जहाँ पंच को धीरे.धीरे समूह के साथ रहने का समय दिया जाता है ताकि वह खिलौने पर अपनी निर्भरता कम कर सके। यह एक लंबी और कठिन प्रक्रिया हैए क्योंकि एक बंदर जो अपनी शुरुआती महीनों में बंदरों की भाषा नहीं सीख पाताए उसे बाद में समूह का हिस्सा बनने में काफी संघर्ष करना पड़ता है। पंच की कहानी केवल एक अनाथ बंदर की कहानी नहीं हैए बल्कि यह वर्तमान समय में हमारे अपने बच्चों और समाज की स्थिति का भी प्रतिबिंब है। जिस तरह पंच एक डिजिटल और कृत्रिम दुनिया में अपने खिलौने में मां को तलाश रहा हैए कहीं न कहीं आधुनिक मानव समाज भी असली भावनात्मक जुड़ाव की जगह गैजेट्स और निर्जीव वस्तुओं में सांत्वना खोज रहा है।

पंच.कुन की इस लोकप्रियता ने वन्यजीव संरक्षण और चिड़ियाघरों की भूमिका पर भी सकारात्मक प्रकाश डाला है। अक्सर चिड़ियाघरों को जानवरों को कैद करने वाली जगह के रूप में देखा जाता हैए लेकिन पंच जैसे मामलों में ये संस्थान जीवन रक्षक की भूमिका निभाते हैं। यदि चिड़ियाघर के कीपर्स ने हस्तक्षेप न किया होताए तो पंच अपनी मां के त्याग के कुछ ही घंटों बाद दम तोड़ देता। आज वह सुरक्षित हैए स्वस्थ है और दुनिया भर के लोगों के लिए सहानुभूति का प्रतीक बना हुआ है। उसके माध्यम से लोग जापानी मैकाक प्रजाति के बारे में जान रहे हैं और उनके संरक्षण की आवश्यकता को समझ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते शहरीकरण के कारण इन बंदरों के प्राकृतिक आवास कम हो रहे हैंए जिससे उनके व्यवहार में तनाव और इस तरह की घटनाएं ;मां द्वारा बच्चे को छोड़नाद्ध बढ़ सकती हैं। पंच की कहानी हमें यह संदेश देती है कि प्रकृति में हर जीव को प्यार और सुरक्षा की आवश्यकता होती हैए और जब प्रकृति अपना हाथ खींच लेती हैए तो करुणा ही वह सेतु बनती है जो जीवन को बचाए रखती है।

अंततःए पंच.कुन की यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। वह हर दिन सीख रहा हैए गिर रहा है और फिर से संभल रहा है। उसका वह ऑरंगुटान खिलौना शायद कुछ समय बाद पुराना होकर फट जाए या उसे समूह के दबाव में छोड़ना पड़ेए लेकिन उस खिलौने ने उसे वह प्रारंभिक आत्मविश्वास दिया है जो उसे जीने के लिए चाहिए था। यह कहानी हमें सिखाती है कि करुणा किसी भाषा या प्रजाति की मोहताज नहीं होती। एक बेजान खिलौना भी एक मरते हुए जीव के लिए संजीवनी बन सकता है। भविष्य में जब पंच.कुन पूरी तरह से अपने समूह का हिस्सा बन जाएगा और शायद अपने खिलौने को पीछे छोड़ देगाए तब भी उसकी यह संघर्ष गाथा दुनिया को यह याद दिलाती रहेगी कि कठिन से कठिन समय में भी अगर सहारा मिल जाएए तो जीवन फिर से मुस्कुरा सकता है। पंच.कुन आज केवल जापान का सितारा नहीं हैए बल्कि वह उन सभी के लिए आशा की एक किरण है जो अपनी लड़ाई अकेले लड़ रहे हैं और किसी न किसी रूप में अपनी श्सुरक्षित पनाहगाहश् की तलाश में हैं। उसकी मासूमियत और उसके अटूट बंधन ने यह साबित कर दिया है कि संवेदनाएं ही ब्रह्मांड की सबसे शक्तिशाली कड़ी हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## एआई ईपैक्ट और महिलाओं से जुड़ी प्रचुर संभावनाएं

**महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण की ज्यादा जरूरत।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई आज केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक अवसरों और शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने वाला परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी वर्ग के लिए सर्वाधिक संभावनाएँ छिपी हैं तो वह है महिला वर्ग, क्योंकि सदियों से अवसरों की असमानता, संसाधनों तक सीमित पहुँच और निर्णय-निर्माण में कम भागीदारी जैसी बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एआई एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नया इम्पैक्ट लेकर आया है।

विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीन आँकड़े यह संकेत देते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी संतोषजनक नहीं है, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार एआई से जुड़े कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 28 से 30 प्रतिशत के बीच है, जबकि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है, भारत में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत एआई पेशेवर महिलाएँ हैं, परंतु यदि प्रशिक्षण, डिजिटल पहुँच और नीतिगत समर्थन को व्यापक बनाया जाए तो 2027 तक इस संख्या के चार गुना तक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। यह आँकड़ा केवल सांख्यिकीय वृद्धि का संकेत नहीं बल्कि सामाजिक शक्ति संतुलन में संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। एआई इम्पैक्ट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। जहाँ पारंपरिक लैंगिक पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल ट्यूटर, एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण और कोडिंग सिमुलेटर उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं जो भौगोलिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुँच पाती थीं। इस संदर्भ मे यूनेस्को ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि एआई को समावेशी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए तो यह महिलाओं की कार्यभागीदारी और नेतृत्व क्षमता को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा सकता है, इसी प्रकार डिजिटल ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्टों में उल्लेख किया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना वैश्विक विकास की अनिवार्य शर्त है।

एआई इम्पैक्ट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम कार्यस्थल पर महिलाओं की आवाज़ को सशक्त करना है। मीटिंग एनालिटिक्स कंपनी की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि एआई-सहायता प्राप्त वर्चुअल मीटिंग टूल्स के उपयोग से महिलाएँ औसतन 9 प्रतिशत अधिक बोलती हैं, क्योंकि एआई आधारित नोट-टेकिंग और समय प्रबंधन उपकरण उन्हें बिना बाधा अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। यह परिवर्तन प्रतीकात्मक नहीं बल्कि संरचनात्मक है, क्योंकि निति-निर्माण में आवाज़ की उपस्थिति ही शक्ति का पहला चरण होती है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में एआई इम्पैक्ट का एक और आयाम उभर कर आया है जहाँ डिजिटल सखी, एआई चैटबॉट और स्मार्ट कृषि सलाह प्लेटफॉर्म महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ अब एआई आधारित बाजार विश्लेषण, मूल्य पूर्वानुमान और ग्राहक पहुँच टूल्स का उपयोग कर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचा पा रही हैं इससे आय में वृद्धि के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। यह आर्थिक सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में रूपांतरित हो रहा है; स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई इम्पैक्ट और भी गहरा है। मातृ स्वास्थ्य निगरानी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट और प्रारंभिक रोग पहचान प्रणाली ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं, जहाँ पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुँच कठिन थी वहाँ अब मोबाइल आधारित एआई समाधान प्राथमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य असमानताओं में कमी आने की संभावना है; किंतु एआई का यह सकारात्मक पक्ष तभी स्थायी होगा जब इसके नकारात्मक आयामों को भी गंभीरता से समझा जाए, अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि लगभग 40 प्रतिशत एआई मॉडल किसी न किसी रूप में लैंगिक पूर्वाग्रह से प्रभावित होते हैं, यदि प्रशिक्षण डेटा असंतुलित है तो निर्णय भी असंतुलित होंगे, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि डिजिटल हिंसा, डीपफेक और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएँ महिलाओं को प्रभावित कर रही हैं। अनुमान है विश्व की लगभग 38 प्रतिशत महिलाएँ किसी न किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का अनुभव कर चुकी हैं। अतः एआई इम्पैक्ट को सकारात्मक बनाए रखने के लिए सख्त डेटा नैतिकता, एल्गोरिथमिक पारदर्शिता और लैंगिक संवेदनशील नीति ढाँचा अत्यंत आवश्यक है।एआई महिलाओं के लिए केवल नौकरी का साधन नहीं बल्कि नेतृत्व का माध्यम भी बन सकता है । डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ा सकती है जिससे महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो, जब निर्णय तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित होंगे तो पूर्वाग्रहों की गुंजाइश घटेगी, इसके अतिरिक्त फ्रीलांसिंग, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, एआई ट्रेनिंग और माइक्रो-टास्किंग जैसे नए क्षेत्रों ने उन महिलाओं को भी आर्थिक स्वतंत्रता दी है जो पारंपरिक नौकरी संरचना में शामिल नहीं हो पाती थीं। यह लचीला कार्य-मॉडल मातृत्व और पारिवारिक दायित्वों के साथ संतुलन बनाने में सहायक है। एआई इम्पैक्ट का मनोवैज्ञानिक पहलू भी उल्लेखनीय है, जब महिलाएँ तकनीक की उपभोक्ता मात्र न रहकर उसकी निर्माता और नवोन्मेषक बनती हैं तो आत्मविश्वास और पहचान दोनों का विस्तार होता है, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में महिला सहभागिता बढ़ाने के प्रयास यह संकेत देते हैं कि आने वाले दशक में एआई क्षेत्र में महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी उभरेगी; निष्कर्षतः एआई एक दोधारी तलवार अवश्य है परंतु यदि इसे समावेशी नीति, लैंगिक संतुलन, डिजिटल साक्षरता और नैतिक नियमन के साथ आगे बढ़ाया जाए तो इसका इम्पैक्ट महिलाओं के लिए ऐतिहासिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है, यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक, बौद्धिक और राजनीतिक शक्ति संतुलन का परिवर्तन होगा, जहाँ महिला केवल भागीदार नहीं बल्कि निर्णयकर्ता, निर्माता और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित होगी, और यही एआई की वास्तविक सफलता होगी कि वह तकनीक को मानवता और समानता की दिशा में प्रयुक्त करे, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है तो राष्ट्र प्रगतिशील बनता है।

**संजीव ठाकुर**

## 24 फरवरी 2002: नरेंद्र मोदी के राजनीतिक उत्कर्ष का प्रज्वलित आरंभ

**[ 24 फरवरी 2002: लोकतंत्र में जनादेश की सर्वोच्चता का दिवस ]**

**[ प्रचारक से पुरुषार्थी शासक बने नरेंद्र मोदी: 24 फरवरी का अमर अध्याय ]**

24 फरवरी 2002–यह तिथि केवल एक उपचुनाव की घोषणा नहीं थी, यह भारतीय लोकतंत्र के विस्तृत आकाश में उगते एक नए सूर्य का प्रथम उषाकाल था। वडनगर की साधारण पृष्ठभूमि से निकला एक अनुशासित प्रचारक, नरेंद्र मोदी, जब राजकोट की राजकोट-द्वितीय विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुआ, तब वह क्षण प्रतीक बना–संघर्ष से शिखर तक की यात्रा का, विचार से शासन तक के रूपांतरण का। 45,298 मतों के साथ प्राप्त जनादेश केवल जीत का प्रमाण नहीं था; वह जनविश्वास का उद्घोष था। 14,728 मतों का अंतर उस दौर की राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अटूट आस्था का संकेत बना। यह वही क्षण था जिसने 'प्रचारक से शासक' बनने की दिशा को स्थिरता दी और एक ऐसी यात्रा का प्रारंभ किया, जिसने आगे चलकर राष्ट्रीय परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया।

उस समय गुजरात का राजनीतिक वातावरण अनिश्चितताओं से भरा था। अक्टूबर 2001 में केशुभाई पटेल के स्थान पर मोदी को मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया, परंतु वे विधानसभा के सदस्य नहीं थे। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार 6 महीनों के भीतर सदन में प्रवेश आवश्यक था। इसीलिए गुजरात विधान सभा की सदस्यता प्राप्त करने के लिए उपचुनाव अनिवार्य बना। सीट खाली कर मार्ग प्रशस्त किया वजुभाई वाला ने। विपक्ष ने इसे अवसर के रूप में देखा और कांग्रेस प्रत्याशी अश्विनभाई मेहता को चुनावी मैदान में उतारा गया। आरोपों, आक्षेपों और तीखे प्रचार के बीच यह चुनाव केवल एक सीट का नहीं, नेतृत्व की वैधता का प्रश्न बन गया। किंतु मतदाता ने असमंजस नहीं, निर्णायक नेतृत्व चुना–और यही इस जीत की सबसे बड़ी शक्ति थी।

यह विजय आकस्मिक नहीं थी; इसके पीछे वर्षों की तपस्या और संगठनात्मक साधना थी। किशोर अवस्था में राष्ट्रीय चेतना से प्रेरित होकर मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक के रूप में स्वयं को समर्पित किया। अनुशासन, समयनिष्ठा और जनसंपर्क उनके व्यक्तित्व की पहचान बने। 1987 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाई और संगठन विस्तार में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। 1990 के दशक में रणनीतिक कौशल के कारण वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हुए। किंतु चुनावी राजनीति का प्रत्यक्ष परीक्षण शेष था। राजकोट ने वह अवसर दिया, जहाँ वैचारिक प्रतिबद्धता और जनस्वीकृति का संगम हुआ। इसीलिए 24 फरवरी 2002 की जीत केवल मतगणना का परिणाम नहीं, बल्कि दीर्घकालीन विश्वास का प्रमाणपत्र बनी।

प्रचार अभियान के दौरान मोदी ने संवाद को हथियार बनाया। उन्होंने विकास, सुरक्षा और सुशासन को केंद्रीय विषय रखा। सभाओं में स्थानीय अपेक्षाओं को व्यापक दृष्टि से जोड़ा और प्रशासनिक स्पष्टता का आश्वासन दिया। विपक्ष ने वैचारिक प्रश्नों और अनुभव पर आक्षेप लगाए, किंतु मतदाता ने कार्यदृष्टि को प्राथमिकता दी। 57.32 प्रतिशत मत प्राप्त कर उन्होंने स्पष्ट जनादेश अर्जित किया, जबकि प्रतिद्वंद्वी को 38.68 प्रतिशत मत मिले। यह अंतर संख्यात्मक से अधिक मनोवैज्ञानिक था–इसने मुख्यमंत्री पद को वैधानिक स्थिरता दी। 25 फरवरी को शपथ ग्रहण के साथ सदन में उनका प्रवेश हुआ और शासन की दिशा को विधायी समर्थन मिला। यह क्षण लोकतंत्र में जनादेश की सर्वोच्चता का सजीव उदाहरण बना।

किन्तु यह विजय आसान समय में नहीं आई थी। 27 फरवरी 2002 को गोधरा की दुखद घटना और उसके बाद उपजे दंगों ने राज्य को गंभीर संकट में डाल दिया। प्रशासनिक क्षमता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और सामाजिक संतुलन की कठोर परीक्षा हुई। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचनाएँ उठीं, प्रश्नों की बौछार हुई। ऐसे समय में राजकोट से मिला विश्वास ही संबल बना। कानून-व्यवस्था की पुनर्स्थापना, पुनर्वास और दीर्घकालिक स्थिरता की दिशा में प्रयास किए गए। इसी कालखंड में आर्थिक पुनरुत्थान की रूपरेखा उभरी, जिसका विस्तार आगे चलकर वाइब्रेंट गुजरात जैसे निवेश सम्मेलनों में दिखाई दिया। औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना और ऊर्जा सुधारों ने राज्य को नए आत्मविश्वास से जोड़ा। इस परिवर्तन की आधारशिला राजकोट की वही पहली जीत थी।

राजकोट-द्वितीय की विजय ने नेतृत्व को आत्मविश्वास की स्थायी धुरी प्रदान की। 2002, 2007 और 2012 के विधानसभा चुनावों में लगातार सफलता ने प्रशासनिक मॉडल को स्थिरता दी। ग्रामीण विद्युतीकरण, सड़क विस्तार, कृषि वृद्धि और निवेश आकर्षण जैसे क्षेत्रों में परिणामों ने परिवर्तन का संकेत दिया। शासन में लक्ष्यनिर्धारण, समयबद्ध क्रियान्वयन और उत्तरदायित्व की शैली प्रमुख रही। इस क्रम में विकास-केंद्रित विमर्श को बल मिला, जिसने समर्थकों के बीच उन्हें निर्णायक और परिणामोन्मुख नेता के रूप में स्थापित किया। राजकोट से प्रारंभ यह यात्रा केवल पदोन्नति की कहानी नहीं थी; यह शासन-कार्य संस्कृति में बदलाव का प्रयास थी, जिसका प्रभाव राज्य की सीमाओं से परे गया।

राष्ट्रीय राजनीति में 2014 का वर्ष उसी क्रम का विस्तार माना गया। प्रधानमंत्री पद की शपथ ने उस यात्रा को राष्ट्रीय आयाम दिया, जिसकी प्रथम सीढ़ी राजकोट में रखी गई थी। संगठनात्मक अनुभव, प्रशासनिक प्रयोग और चुनावी विश्वसनीयता–इन तीन आधारों पर राष्ट्रीय नेतृत्व का निर्माण हुआ। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय कूटनीति, आधारभूत संरचना पर बल और जनकल्याण योजनाओं की व्यापकता ने समर्थकों के बीच उनकी पहचान को विशिष्ट बनाया। आलोचनाओं और प्रतिस्पर्धा के बावजूद चुनावी सफलता का सिलसिला जारी रहा। इस दृष्टि से 24 फरवरी 2002 केवल अतीत का अध्याय नहीं, वर्तमान की निरंतरता का स्रोत है।

आज जब उस ऐतिहासिक दिन को स्मरण किया जाता है, तो वह तिथि समय की धूल में खोई घटना नहीं, बल्कि परिवर्तन की ज्वलंत प्रेरणा बनकर सामने आती है। राजकोट ने एक प्रचारक को विधायी मान्यता दी, और उसी से प्रशासनिक प्रयोगों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। समर्थकों की दृष्टि में यह यात्रा साधारण पृष्ठभूमि से वैश्विक नेतृत्व तक पहुँचे व्यक्तित्व की अप्रतिम गाथा है–अथक परिश्रम, अटूट संकल्प और जनविश्वास से निर्मित। 24 फरवरी 2002 इसलिए अमर है, क्योंकि उसने संघर्ष को अवसर में, विचार को शासन में और विश्वास को विजय में रूपांतरित किया। वह दिन केवल एक जीत नहीं था; वह युगारंभ था–और उसकी गूँज आज भी भारतीय लोकतंत्र की धड़कनों में सुनाई देती है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**


स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील कार्यालय में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध तहसील बार संघ लामबंद

**रुद्रपुर,देवरिया।** तहसील रुद्रपुर के विभिन्न न्यायालयों एवं कार्यालयों में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध अधिवक्ता बार एसोसिएशन, रुद्रपुर लामबंद होकर एक बैठक किया और 12 सूत्रीय पत्रक जिलाधिकारी देवरिया को रजिस्टर्ड डाक से भेजा गया है। जिसमें यह मांग किया गया है कि 7 फरवरी को दिए गए 19 सूत्रीय पत्रक में उल्लेखित बिंदुओं का कोई निस्तारण नहीं हो पाया है। जिसके बाद विभिन्न न्यायालयों में अन्य तथ्य भी प्रकाश में आए हैं जिस पर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी से मांग की गई है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सत्यानंद पांडे व महामंत्री विनोद कुमार पाठक ने इस बात की जानकारी दी है कि संगठन की कार्यकारिणी की एक बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है कि उपरोक्त बिंदुओं को सुलझाने का दायित्व अब जिलाधिकारी महोदय को सौंपा गया है क्योंकि तहसील प्रशासन समस्याओं के निराकरण में कोई रुचि नहीं ले रहा है। इस अवसर पर फणींद्र नाथ पांडे, रामेश्वर मणि, पंकज शुक्ला, कृष्नमूर्ति मणि त्रिपाठी, शशि भूषण मिश्रा, एवं मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश गुप्ता सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत डीएम ने किया एम.पी.पी. इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**बलरामपुर–** बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने सोमवार को एम.पी.पी. इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की निगरानी व्यवस्था तथा अभिलेखों की समीक्षा की। उन्होंने सीसीटीवी मॉनिटरिंग, उपस्थिति पंजी एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा और सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने उत्तर पुस्तिका संकलन कक्ष का अवलोकन किया तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव और समयबद्ध संकलन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं शासन के मानकों के अनुरूप रहें, परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता हर स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 18 वर्ष से कम बालिका व 21 वर्ष से कम युवक का विवाह कराने पर एक लाख जुर्माना व दो वर्ष कारावास का प्रावधान : संजय



**देवरिया।** पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजय गुप्ता नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग ने की तथा संचालन जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई ने किया। बैठक में किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एएचटीयू व अन्य अधिकारियों ने बाल संरक्षण, गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु ऑपरेशन खोज, बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास संबंधी निर्देश दिए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत 18 वर्ष से कम बालिका व 21 वर्ष से कम आयु के युवक का विवाह कराने पर एक लाख रुपये जुर्माना व दो वर्ष कारावास का प्रावधान बताया गया। सभी को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई तथा 181, 1098 और 112 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# शंकराचार्य पर दर्ज मुकदमा 'साजिशन', कानून की नजर में निराधार - सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर –** शिव अवतारी जगतगुरु शंकराचार्य अभिमुक्तेश्वरानंद जी महाराज से जुड़े प्रकरण ने तूल पकड़ लिया है। अधिवक्ता सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने पूरे मामले को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा है कि यह कदम शंकराचार्य और हिंदू सनातन धर्म को बदनाम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**स्नान से रोकने के बाद बढ़ा विवाद**

जानकारी के अनुसार 18 जनवरी 2026 को प्रयागराज में गंगा स्नान के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए जगतगुरु शंकराचार्य को स्नान से रोक दिया था। श्रीवास्तव का कहना है कि उसी दिन देश-विदेश की मीडिया और स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में उन पर गंभीर आरोप लगाए गए, जो प्रथम दृष्टया असंगत प्रतीत होते हैं। उनका दावा है कि जिस समय की घटना बताई जा रही है, उस समय पुलिस



स्वयं शंकराचार्य को अपने संरक्षण में रखे हुए थी।

**'हिस्ट्रीशीटर' की याचिका पर मुकदमा दर्ज**

अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के आदेश पर जिस व्यक्ति की प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया, वह स्वयं कई आपराधिक मामलों में आरोपी बताया जा रहा है और थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति के आरोपों के आधार पर देश के प्रमुख सनातन पीठाधीश्वर पर मुकदमा दर्ज होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**कानूनी प्रक्रिया पर उठाए सवाल**

श्रीवास्तव ने कहा कि हत्या, डकैती या बलात्कार जैसे गंभीर आरोपों में सामान्यतः पुलिस तत्काल मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। यदि न्यायालय को आदेश देकर मुकदमा दर्ज कराना पड़ा, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उनका कहना है कि यदि आरोप इतने गंभीर थे, तो स्थानीय पुलिस ने तत्परता क्यों नहीं दिखाई?

**स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग**

अधिवक्ता ने पूरे प्रकरण की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप असत्य और साजिशन पाए जाते हैं, तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस पर आमजन का विश्वास कमजोर हुआ है, इसलिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट (गोरखपुर), ने कहा कि हिंदू समाज इस प्रकार के आरोपों को स्वीकार नहीं करेगा और सच्चाई सामने लाने के लिए कानूनी लड़ाई जारी।

## सहजनवां तहसील में हो रहे विकास कार्यों का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**सहजनवां –** सोमवार को तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने सहजनवां तहसील में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किए। उन्होंने तहसील भवन में हो रहे रंगाई पोताई के साथ हो रहे मरम्मत कार्यों को देखकर संतुष्ट दिखाई दिए। इसके अलावा नाजिर कक्ष ,मालबाबू कक्ष तथा तहसील भवन के अंदर हो रहे कार्यों की हकीकत जानी। इसके अलावा उन्होंने मतदाता पंजीकरण कक्ष में हो रहे एसआईआर की फीडिंग की भी जानकारी लेते हुए तेजी लाने का निर्देश दिए। उन्होंने हो रहे विकास कार्यों को समय से पूर्ण कराने भी निर्देश दिए।

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का बड़ा प्रदर्शन, काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार, गोरखपुर –** विकास खंड गोला के परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर किया गया। शिक्षकों का कहना है कि देश में टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर अब टीईटी की अनिवार्यता थोपना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। प्रदर्शन के दौरान शिक्षक विद्यालय पहुंचे और नियमित शिक्षण कार्य भी किया, लेकिन हाथों पर काली पट्टी बांधकर सरकार के फैसले के प्रति असंतोष जाहिर किया। प्राथमिक शिक्षक संघ गोला के अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी ने कहा कि 1 अप्रैल 2010 को देश में तथा 27 जुलाई 2011 को उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व जारी शासनादेश के तहत नियुक्त शिक्षकों की सेवा शर्तें स्पष्ट थीं। ऐसे में वर्षों बाद टीईटी अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह ने कहा कि 20-25 वर्षों से सेवा दे रहे और सरकार द्वारा निर्धारित योग्यता के आधार पर चयनित शिक्षकों को दोबारा परीक्षा के कटघरे में खड़ा करना उनके आत्मसम्मान के साथ अन्याय है। जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह ने कहा कि 50-55 वर्ष की आयु के शिक्षकों पर नई परीक्षा थोपना अव्यावहारिक निर्णय है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र मिश्र ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने सरकार और न्यायालय से पुनर्विचार की मांग की। शिक्षक मिथिलेश राय और विनोद सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त संगठनों के एक मंच पर आने को ऐतिहासिक कदम बताया। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में एसआरएम टीम का निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि

**●रजिस्ट्रेशन से लेबर रूम तक व्यवस्थाओं की परखी हकीकत,**

**साफ-सफाई और सूचना प्रदर्शन के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर–** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में एसआरएम विजिट के तहत जनपद संत कबीर नगर से पहुंची टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। टीम में जिला मलेरिया अधिकारी राकेश कुमार पाल एवं डिस्ट्रिक्ट डेटा मैनेजर सर्वेश श्रीवास्तव शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने विभिन्न इकाइयों का बारीकी से अवलोकन करते हुए समग्र व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण की शुरुआत रजिस्ट्रेशन काउंटर से हुई, जहां मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया और



अभिलेखों की जांच की गई। इसके बाद दवा वितरण कक्ष में फार्मासिस्ट द्वारा उपलब्ध दवाओं के स्टॉक एवं उपकरणों का परीक्षण किया गया। टीम ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन उपलब्ध दवाओं की सूची सूचना पट पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि मरीजों को पारदर्शी जानकारी मिल सके। प्रयोगशाला में विभिन्न जांचों की उपलब्धता और गुणवत्ता की समीक्षा की गई। वहीं लेबर रूम में मौजूद मरीजों से सीधे संवाद कर मुफ्त इलाज और दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। मरीजों ने संतोषजनक सेवाओं की पुष्टि की, जिस पर टीम ने प्रसन्नता जताई। चिकित्सक कक्ष में मरीजों के उपचार संबंधी विवरण एवं रिकॉर्ड का भी परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ओपीडी, फार्मेसी, प्रयोगशाला, ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, शौचालय, बीपीएमयू यूनिट, लेबर रूम तथा अभिलेखों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। टीम ने परिसर में और अधिक साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी, कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के टीकाकरण तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा भी की गई। निरीक्षण के उपरांत टीम क्षेत्रीय एएएम सब सेंटर के निरीक्षण के लिए रवाना हो गई। इस दौरान डॉ. रजनीश राहुल, डॉ. चंद्र कुमार मौर्य, चीफ फार्मासिस्ट जे.के. सिंह, फार्मासिस्ट अनुप श्रीवास्तव, के.एम. उपाध्याय, स्टाफ नर्स मीना, स्वाती सिंह, सरिता राय, गायत्री मिश्रा, लैब टेक्नीशियन अरुण मिश्रा, पूनम मौर्य, अफरीन जिलानी, काउंसलर संजीव अग्रहरी, विन्ध्यवासिनी एवं अजीत राय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।


## यूजीसी नेट क्वालीफाई करने पर नेहा वर्मा व सोफिया शेख सम्मानित

**रुद्रपुर,देवरिया।** नगर के रामजी सहाय पीजी कॉलेज की पूर्व छात्रा नेहा वर्मा और सोफिया शेख के यूजीसी नेट उत्तीर्ण करने पर विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित कर मुंह मीठा कराया। रुद्रपुर के मच्छरहट्टा निवासी नेहा वर्मा पुत्री मोहन वर्मा तथा मदनपुर कोटिया निवासी सोफिया शेख पुत्री शेख हजरत अली ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा हिंदी विषय में सफलता प्राप्त की है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. बृजेश पाण्डेय, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष यादव, सुधीर दीक्षित, डॉ. विनीता दीक्षित सहित समस्त प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## श्रद्धा और विश्वास का मिलन है शिव - पार्वती विवाह : ज्योति किशोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर–** भनवापुर क्षेत्र के कमसार गांव के राम जानकी मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन रविवार को शिव-पार्वती विवाह का अत्यंत भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।भव्य शिव विवाह की मनोरम झांकी भी निकाली गई। श्रीधाम वृंदावन से पधारी देवी ज्योति किशोरी ने अपने ओजस्वी व मधुर स्वर में इस पावन प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा स्थल को भक्तिमय बना दिया। कथावाचिका ने बताया कि माता पार्वती द्वारा भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की गई। उनकी अटूट श्रद्धा, संयम और भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने विवाह के लिए सहमति प्रदान की। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान शिव बारात का मनोहारी वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। उनके गण भूत, पिचास, देवता और ऋषि-मुनियों से सजी



शिव बारात का दृश्य सुनते ही कथा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।देवी जी ने कहा कि शिव-पार्वती का विवाह केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि त्याग, तप, विश्वास और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। यह प्रसंग गृहस्थ जीवन में संयम और आपसी सम्मान का संदेश देता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया, कई श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। इस अवसर पर आचार्य दुर्गेश शुक्ल, सचिन तिवारी,शिवा विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण, उर्दू बाबा,राजेंद्र यादव, अनिल त्रिपाठी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीजे की आवाज पर विवाद, युवक घायल

**●सुल्तानपुर में भागवत कार्यक्रम के दौरान मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया एक पक्ष से केस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर –** कुड़वार में डीजे की तेज आवाज को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। भागवत कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। यह घटना कुड़वार के पूरे कस्तूरी मसेतवा गांव में रामकृष्ण शुक्ला के घर पर चल रहे भागवत कार्यक्रम के दौरान हुई। 21 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे, पड़ोसी रामकरन, सौरभ, सचिन, सीमा, शुभम, अंकित, सुमन, राधा, शांति, निशा और शीला सहित अन्य लोग लाठी-डंडों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए डीजे और कार्यक्रम को रोकने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस ने डीजे बंद



करवा दिया था। हालांकि, अगले दिन 22 फरवरी की सुबह करीब 10:30 बजे, वही लोग 15 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ दोबारा रामकृष्ण शुक्ला के घर के बाहर आ धमके।

उन्होंने फिर से गाली-गलौज की, कार्यक्रम को जबरन रोका और कार्यक्रम के सामान व प्याज गद्दी को क्षतिग्रस्त कर दिया। जब रामकृष्ण के मामा के लड़के विशाल मणि पांडे ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा। विशाल को पेट में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें सुल्तानपुर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। रामकृष्ण शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरे पक्ष की सीमा यादव ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे भागवत पाठ के दौरान डीजे की आवाज बहुत तेज थी। जब उन्होंने आवाज कम करने को कहा, तो शुक्ला के रिश्तेदार और परिवार के लोग इकट्ठा हो गए और उन्हें व उनके परिवार को गाली-गलौज कर मारपीट की धमकी देने लगे। सीमा यादव के अनुसार, 22 फरवरी की सुबह करीब 10:00 बजे, उपरोक्त लोग फिर से उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे और हाथापाई भी हुई। सीमा ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनके बच्चे के पेपर होने के कारण पढ़ाई में व्यवधान आ रहा था, इसलिए उन्होंने डीजे की आवाज धीमी करने को कहा था। पुलिस इस तहरीर पर कार्रवाई नहीं की।

# बिना भूमि अधिग्रहण व मुआवजा के सड़क निर्माण का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महाराजगंज।** नौतनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़हरा में बिना भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान के सड़क निर्माण का का आरोप लगा है। पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग से न्याय की गुहार लगाया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत निपनिया निवासी कृष्णकुमार पाण्डेय उर्फ किशुन कुमार पुत्र बहादुर ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी पैतृक संक्रमणीय भूमिधरी भूमि आराजी संख्या 358, रकबा 0.138 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बड़हरा, तहसील नौतनवा में लोक निर्माण विभाग द्वारा कजरी वाया मदरी मार्ग के अंतर्गत सड़क का नाप जोख कार्य शुरू करा दिया गया है। आरोप है कि उक्त भूमि का न तो विधिवत अधिग्रहण किया गया और न ही किसी प्रकार का मुआवजा या प्रतिकर उन्हें अथवा उनके पूर्वजों को दिया गया। पीड़ित के अनुसार राजस्व अभिलेखों में आज भी उक्त आराजी पर उनका एवं अन्य सहखातेदारों का नाम दर्ज है। इसके बावजूद विभाग द्वारा बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के सड़क का निर्माण कराना नियमों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विभागीय कर्मचारियों द्वारा सड़क के चौड़ीकरण के लिए नाप-जोख भी की जा रही थी। जब उन्होंने मुआवजे के विषय में जानकारी चाही तो कथित रूप से स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया और यह कह दिया गया कि सड़क बनी है तो चौड़ीकरण भी किया जाएगा। पीड़ित कृष्णकुमार पाण्डेय ने बताया कि बिना प्रतिकर भुगतान के किसी भी काश्तकार की भूमि पर सड़क निर्माण और उसका विस्तार कराना पूर्णतया मनमाना एवं अनुचित है। उन्होंने इसे भूमि अधिग्रहण से संबंधित नियमों का उल्लंघन बताते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। पीड़ित ने मांग की है कि उनकी भूमि पर निर्मित सड़क के एवज में वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार उचित प्रतिकर का भुगतान कराया जाए। साथ ही जब तक विधिवत अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी न हो और मुआवजा अदा न कर दिया जाए तब तक सड़क के चौड़ीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

## महिला रेजिडेंट डॉक्टर से छेड़खानी, नस्लीय टिप्पणी और 'बैड टच'- शहर में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए एम्स गोरखपुर की एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ छेड़खानी, नस्लीय उत्पीड़न और 'बैड टच' का मामला सामने आया है। पीड़िता नागालैंड की रहने वाली हैं और प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग की तृतीय वर्ष की रेजिडेंट बताई जा रही हैं। घटना 22 फरवरी की रात करीब 8 बजे की है, जब वह शहर के Orion Mall से लौट रही थीं। जानकारी के अनुसार, मॉल से निकलते ही तीन युवकों ने डॉक्टर का पीछा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि करीब डेढ़ किलोमीटर तक वे लगातार पीछे-पीछे चलते रहे, घूरते रहे और अभद्र व गंदे कमेंट करते रहे। पीड़िता पूर्वोत्तर भारत से होने के कारण उन पर नस्लीय टिप्पणियां भी की गई। स्थिति तब और भयावह हो गई जब आरोपियों में से एक युवक ने डॉक्टर को डराने के इरादे से अपनी शर्ट उतार दी। एम्स के गेट नंबर-2 की ओर जाने वाली सड़क



पर, सेना शिविर के पास, एक युवक ने महिला डॉक्टर को गलत तरीके से छू लिया। अचानक हुए इस हमले से डॉक्टर गहरे सदमे में आ गई। उनके शोर मचाने पर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। किसी तरह कैंपस पहुंचकर उन्होंने घटना की जानकारी दी और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

मामले को North East Federation of All India Resident Doctors (नाफोर्ड) ने गंभीरता से उठाया। संगठन ने अपने आधिकारिक X हैंडल पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए घटना को 'गंभीर नस्लीय उत्पीड़न और यौन हमला' बताया। पोस्ट में कहा गया कि देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र से आने वाले डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। घटना के बाद पुलिस हरकत में आई है। एम्स पुलिस चौकी और स्थानीय थाने की टीमों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना के बाद मेडिकल समुदाय में आक्रोश है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, गश्त बढ़ाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शहर में भी इस घटना को लेकर नाराजगी है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि डॉक्टर ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। वही पुलिस मामले को गम्भीरता से लेते हुए सीसी फुटज खनलते हुए मुक़दमा पंजीकृत कर आरोपियों के दबोचने के लिये चार टीम गठित कर धड़ पकड़ में जुट गई है ।

## होली एवं अन्य त्यौहारों को लेकर डीएम व एसपी ने की सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

**●त्यौहारों के दृष्टिगत रहेगी पुलिस, प्रशासन की पैनी नजर**

**त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में सोशल मीडिया एवं फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस व प्रशासन की रहेगी नजर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा ।** आगामी आयोजित होने वाले होली एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य सोमवार को जिला पंचायत




सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व सभी थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी होली एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, सभी धर्मो के धर्मगुरु सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न अंग है: नगर पंचायत अध्यक्ष

**●जैतपुर भिटार ने कादीपुर टीम को हराकर जीता फाइनल मैच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ, सुल्तानपुर–** खेलकूद हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह हमें फिट रहने और टीमवर्क, अनुशासन तथा नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने में मदद करता है। खेल युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का एक मंच है। उक्त बातें क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते समय नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने कही। लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के शिव नगर वार्ड में शिव नगर क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जैतपुर भिटार टीम ने फाइनल मैच जीत लिया। फाइनल मैच में जैतपुर भिटार टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 212 रन का स्कोर खड़ा किया। वहीं कादीपुर टीम 182 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम को नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने पंद्रह हजार रुपया तथा उपविजेता टीम को दस हजार रुपया नगद इनाम दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम जीतते हैं तो विनम्र बने रहते हैं, जब हम हारते हैं तो जीतने का अथक प्रयास करते हैं। खेलों में भाग लेने से हमारा शरीर स्वस्थ और मन तरोताजा रहता है। हार जीत अपनी जगह है। जीत के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में हर संभव मदद कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रिपल राइडिंग व बगैर हेल्मेट भर्रटा भर रहे लोगो के काटे गये चालान



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** आगामी त्योहारो पर शान्ति बनाये रखने के उद्देश्य के चलते पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी व प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह के आदेशानुसार चौकी प्रभारी नानक योगेश चौधरी ने मय हमराहियो के सहित गोला लखीमपुर रोड पर ट्रिपल राइडिंग व बगैर हेल्मेट फर्राटा भर रहे लोगो के चालान काटे है। इस दौरान चौकी इंचार्ज नानक योगेश चौधरी ने बताया कि अभियान चलाकर लगभग ऐक दर्जन से अधिक ट्रिपल राइडिंग कर रहे व बगैर हेल्मेट फर्रटा भर रहे लोगो के चालान काटे गये है।

### श्रद्धा और आस्था की साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**मैलानी**–आज श्रद्धा और आस्था के प्रतीक श्री खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई। फाल्गुन मास के चलते एक पावन अवसर पर एक धार्मिक कार्य का आयोजन बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।26 वर्षो से चली आ रही इस परंपरा पर सभी ने भाग लिया। इसका आयोजन प्राचीन शिव मंदिर से किया गया,जो चमन चौराहा,मैलानी तिराहे से लेकर शिव मंदिर में पहुंचा। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तजन हाथों में निशान लिए,भजन-कीर्तन करते हुए और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारों के साथ पूरे नगर में भ्रमण करते रहे।जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।इस यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी,समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी और जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर ने अपना अमूल्य समय दिया और श्याम प्रेमियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर सभी का सम्मान किया।नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने बाबा श्याम जी से कामना की कि उनकी कृपा सभी पर बनी रहे और नगर में सुख-समृद्धि का वास हो।यही सब की कामना है। इस अवसर पर गोला विधायक अमन गिरी, मैलानी व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा उर्फ राजा भैया, गोपाल सिंघल और कई भक्त जन उपस्थित हुए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ वापस लौट रहे पीड़ित




**बरेली/रिठौरा।** थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला धर्मपुर में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नौ जनवरी को सांसद छत्रपाल गंगवार एम0एल0सी0 बहोरन लाल मौर्य शुभारंभ कर दिया । लेकिन ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी लेकिन धरातल पर प्रशासन ने रेखा मानव उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सेवी वीरेंद्र पाल गंगवार द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत कर केंद्र को शुरू करवाने की मांग पर प्रशासन ने औपचारिक रूप से भले शुभारंभ कर दिया है।

लेकिन लाखों की एक्स-रे मशीन, पैथॉलाजी लैब धूल फांक रही हैं, वहीं दंत चिकित्सक की नियुक्ति भले कर दी गई है। लेकिन उपकरण नहीं है। न ही केंद्र पर गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। लगभग बीस हजार की आबादी को स्वास्थ्य लाभ के लिए शहर या बिथरी चैनपुर, नवाबगंज को दौड़ना पड़ता है।

# ह्यूमपाइप खरीद तथा ठेलिया मरम्मत एवं नल रिबोर के नाम पर लाखों का गोलमाल-आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** मामला जनपद लखीमपुर-खीरी, विकासखंड बांकेगंज, ग्राम पंचायत भरिगवां का है। पंचायत में प्रधान डालचंद व ग्राम पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं। ह्यूम पाइप निर्माण व ठेलिया खर्च में अनियमितता का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है सूत्र बताते हैं कि ह्यूम पाइप निर्माण में धन निकासी के बावजूद कार्य न दिखने की बात कही गई है।गांव में इसको लेकर आक्रोश का माहौल बना हुआ है। आरोप है कि 15/08/2023 को ?1,79,124 ह्यूम पाइप निर्माण के नाम पर निकाले गए। अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शाया गया है। लेकिन पंचायत क्षेत्र में ह्यूम पाइप कहीं नजर नहीं आ रहे। ग्रामीणों का आरोप हैं

ग्रामीणों ने कार्यस्थल सार्वजनिक करने की मांग की है। ठेलिया मरम्मत व ठेलिया क्रय में भी हजारों रुपये खर्च दिखाए गए।पर कहीं पर भी ह्यूम पाइप नहीं डलवाया गई और न ही ठेलिया खरीद की गई और न ही मरम्मत कार्य ही कराया गया है द्य अलग-अलग तिथियों पर धनराशि निकासी दर्ज है।

लेकिन मौके पर न नई ठेलिया मिली न पुरानी में सुधार दिखा। इससे ग्रामीणों में संदेह और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेलिया मरम्मत के नाम पर एक चैन तक नहीं डलवाई गई। निरीक्षण के दौरान ठेलिया जर्जर हालत में मिली। मरम्मत के कोई स्पष्ट संकेत नहीं पाए गए।सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की अपील की गई है।

पूरे खर्च, क्रय-विक्रय और भुगतान की जांच कराने की मांग उठी है। अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। अभिलेखों और जमीनी हकीकत का मिलान कराया जाए तो कई और अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं।लोगो का आरोप है कि मामला केवल ह्यूम पाइप और ठेलिया तक सीमित नहीं है।नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा किए जाने के आरोप लगाए गए हैं जांच होने पर प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा संभव है।

### सिंगाही पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न



**सिंगाही खीरी।** सिंगाही पब्लिक स्कूल के एनुअल फंक्शन में नन्हे छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्तिगीत और फिल्मी गीतों की भावविभोर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गुरुजन एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। सोमवार को विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केशरी के लाल भजन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, देशभक्ति गीतों तथा मेरा दीवाना पन जैसे फिल्मी गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। विद्यालय का पूरा शिक्षक-स्टाफ चाहता है कि छात्र- छात्राएं शैक्षिक के साथ- साथ सांस्कृतिक, खेल और अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ें, ताकि उनके सर्वांगीण विकास को बल मिले। विद्यालय का एनुअल फंक्शन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चला। कार्यक्रम में सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, मदन गोपाल वर्मा, डॉ. एन. यू. खान, आलोक शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हरे चारे के नाम पर सूखा भुसा. खाने को विवस गोवंश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नगर पंचायत धौरहरा गौशाला में एक गौ माता मरने की स्थिति में गोवंशों की खाने की नांद में भूसा के साथ गोबर खाने पे मजबूर निराश्रित गौवंश संबंधित अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान नगर अध्यक्ष नफीस अहमद व अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह के द्वारा नहीं किया जाता गौशाला का निरीक्षण जिससे आए दिन गौशाला में बनी रहती है समस्याएं लगातार समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी आखिर किस प्रकार गौवंशों की रक्षा व सुरक्षा की जाए।

**जनपद लखीमपुर** खीरी विकासखंड धौरहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवा पुर खुर्द में बने गौ आश्रय स्थल में गौवंशो को सूखा भूसा व हरे चारे के नाम पर कई दिन पुराने रखें अगोड़ा खिलाए जा रहे हैं जबकि एक तरफ माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश की प्रतिदिन गौशालाओं में पर्याप्त हरा चारा गुड पालिश चोकर खली आदि गोवंशों को दिया जाए तो वहीं दूसरी तरफ ग्राम प्रधान ग्राम सचिव व खंड विकास अधिकारी की मिली भगत से गौशाला में गौ माता सूखा भूसा खाने पर है मजबूर प्रशासनिक अधिकारी नहीं ले रहे गौशाला की सुध, ग्राम प्रधान ग्राम सचिव गौशाला के पैसे का कर रहे हैं बंदरबाट गौशाला में चर्मचारी नदारत गोवंशों की खाने की नांद में मिला गोबर गौशाला के कर्मचारियों के द्वारा की गई गौरक्षकों से अभद्रता गौवंशो के पीने के नांद में लगी पर्यास कई गौ माता गंदा पानी पीने पर मजबूर संबंधित अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, मुख्यमंत्री के आदेशों को लगा रहे पलीता।

## सिंगाही पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** सिंगाही पब्लिक स्कूल के एनुअल फंक्शन में नन्हे छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत- प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्तिगीत और फिल्मी गीतों की भावविभोर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गुरुजन एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। सोमवार को विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केशरी के लाल भजन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, देशभक्ति गीतों तथा मेरा दीवाना पन जैसे फिल्मी गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। विद्यालय का पूरा शिक्षक-स्टाफ चाहता है कि छात्र-छात्राएं शैक्षिक के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल और अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ें, ताकि उनके सर्वांगीण विकास को बल मिले। विद्यालय का एनुअल फंक्शन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चला। कार्यक्रम में सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, मदन गोपाल वर्मा, डॉ. एन. यू. खान, आलोक शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा किया गया आकस्मिक निरीक्षण




**भदोही** सोमवार दिनांक 23.02.2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉ संतोष कुमार चक द्वारा केदारपुर में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आंगनबाड़ी केंद्र केदारपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान anm smt अनिता देवी मौजूद नहीं पाई गई cmo द्वारा anm, heo, bcpm moic सेमराध, ms deegh का 1 दिवस का वेतन बाधित किया गया घनश्यामपुर मै anm के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था aro एवं moic जंगीगंज का 1 दिवस का वेतन बाधित किया गया।

## सैकड़ों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जेदारो की लह लहा रहीं फसले

● हरदुआ में तालाब पर बना श्री राम का पक्का मकान,तो जटपुरा में खेल मैदान पर बैन गए पक्के मकान और दुकान

मुड़ा बुजुर्ग में खलिहान की जमीन और खेल मैदान पर खड़ी लाखों की फसल

आखिर इन अवैध कब्जों का जिम्मेदार कौन? किन सक्षम अधिकारियों के रहमोकरम से फल फूल रहा भू माफिया ओ का गोरख धंधा ?




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** भले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर योगी आदित्य नाथ भू माफियाओं को 24 घंटे में जमीनों पर से अवैध कब्जा हटाने की नसीहत दे रहे हों और कब्जा न छोड़ने पर इससे अर्जित की गई सम्पत्ति व धनराशि ज़ब्त करने के फरमान सुना रहे हो। इनके फरमानौ का लैसमात्र असर भू माफियाओं पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। और न ही जरा सा भी खौफ ही दिखाई पड रहा हैं। इसका सीधा सा कारण तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों का मिल रहा खुला संरक्षण बताया जाता है।

गौर करने वाली बात तो यह है कि जब सरकार से भरी भरकम वेतन , नौकर, और गाड़ी, बंगला, सहित तमाम सुख सुविधा मिलने के बाद भी उनका पेट शायद नहीं भरता है और चंद गांधी छपे काग़ज़ के टुकडो की खातिर भू माफियाओं के यहां हाजरी लगाते देखे जा रहे हैं। और अपनी ही सरकार के ताबूत में कील ठोकने का काम करते रहेंगे तो फिर कैसे अवैध कब्जा मुक्त हो पाएँगी सरकारी जमीनें। सूत्र बताते हैं कि जब से तहसील दार भीमचंद गोला तहसील में ट्रांसफर होकर आए हैं तब से तहसील गोला में अवैध कब्जों की बाढ़ सी आ गई है। तहसील दार गोला पर भू माफियाओं को संरक्षण देने और इसके बदले मोटी कमाई किए जाने के गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं।

यह सहाब लखीमपुर तहसील में अपनी तैनाती के दौरान काफी सरकारी ज मन पर कब्जा कराया था अपनी काली कमाई वाली करतूतों के लिए खासा जाने पहचाने जाते हैं।जब से सहाब गोला तहसील में ट्रांसफर होकर आए हैं तब से एक भी सरकारी जमीन कहीं सुरक्षित नहीं बच पाई है। लोग बताते हैं कि तहसीलदार पहले तो तहसील दार अपने चहेते इन्हीं भू माफियाओं पर कार्रवाई नहीं करते बस जांच के नाम पर लेखपाल भेजकर अवैध कब्ज़ा दारो.से सेटिंग कर जेब गरम कर लेते है और उनको अवैध कब्जा की खुली छूट दे दी जाती हैं और जब कभी मामला ज्यादा अखबारी सुर्खिया बना तो पहले पत्रकार को बुलाकर छोटा सा टुकड़ा डालकर शांत कर दिया जाता है। जब उससे भी काम नहीं चलता है तो फिर साहब अपना तरीका निकालते हैं। तुरंत नोटिस जारी कर दी जाती हैं और भू माफियाओं को समझा दिया जाता है कि होगा कुछ भी नहीं जो हम है नोटिस तो गुमराह करने का बहाना है 78 एकड जमीन पर अवैध कब्जा मामले में डेढ़ साल पहले से नोटिस भेजी गई आजतक कुछ नहीं हुआ। अवैध कब्जे धारक आज भी अपनी जेबे भारी करने में लगे देखे जा सकते हैं। नियमानुसार तो फसल को कटवाकर ग्राम पंचायत कोश में जमा कारवाई जानी चाहिए।

अवैध कब्जे दारो को फसल काटने से रोका जाना चाहिए। इस मामले में मितौली यस डी. एम ने साहसिक कदम उठाते हुए पूरी फसल कटवाकर ग्राम पंचायत के खाते में जमा करा दिया था और कब्जा मुक्त जमीन को भी करवा दिया था। लकिन गोला तहसीलदार साहब का मामला ही कुछ और है। मामले में समस्त साक्ष्यों को संकलित करके शासन से शिकायत करने के साथ उच्च न्यायालय मे जनहित याचिका दायर कर सरकारी जमीनों, तालाब, खेल मैदान खलिहान आदि अन्य सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग किए जाने की बात कही गई है।

## राष्ट्रीय संत गाड़गे महाराज की धूमधाम से निकाली भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला**– राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। आधा दर्जन से अधिक झाकियों जिन पर बहुजन समाज में जन्में महापुरूप की मूर्तियों बैंड ?बाजे संग आकर्षण का केन्द्र रही।शोभायात्रा का कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष ओमप्रकाश दिवाकर द्वारा फीता काटकर किया गया तथा अनार दिवाकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया।शोभायात्रा एसबीआई बैंक स्टेशन रोड से चलकर दीपा चौराहा मैन बाजार, कोतवाली रामलीला मैदान, सिटी सेंटर, भारत माता चौक, सब्जी मंडी अम्बेडकर पार्क होते हुए। सुभाष चौराहा से होकर सूर्यनगर कालौनी पहुंची जहां समापन किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह एवं मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित कर पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश दिवाकर ने कहा कि समाज को महापुरुषों के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। दिवाकर समाज का इतिहास बहुत गौरव शाली है। संत गाड?गे महाराज अनपढ़ होते समाज में स्वच्छता, शिक्षा, न्याय, समानता एवं बंधुता की अलख जगाते रहे। संत गाड?गे एक कर्मयोगी राष्ट्र संत के रूप में पहचाने जाते है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार माथुर ने किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर,नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता,जयजीव पाराशर,विष्णु तिवारी, दीपक ठेनुआ,महेन्द्र झा,पूर्व सभासद नीलम दिवाकर, जयप्रकाश दिवाकर, के एस दिवाकर, अनार सिंह, तारा चन्द दिवाकर, विजय सिंह, सतीश दिवाकर, मनोज, माथुर, सुनील दिवाकर, नौरंगी लाल, जीवाराम सिह, संजय दिवाकर, अशोक दिवाकर, राजेश दिवाकर धर्मेन्द्र किशोर, मनोज दिवाकर, रश्मी, पंचम सिंह, देवेश, लाल दिवाकर, महेश चन्द्र दिवाकर, कमल सिह, राकेश दिवाकर, मान सिह, प्रभात, रघुवीर दिवाकर आदि के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### शहिद ध्रुव लाल इंटर कॉलेज व थाना सुरियावा परिसर का होगा कायाकल्प विनय चौरसिया अध्यक्ष नगर पंचायत सुरियावां



**सुरियावां** सोमवार 23 फरवरी 2026 को नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावां विनय चौरसिया ने नगर मे हो रहे बघेल कटरा से अटल चौराहे तक सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जेई को निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए तथा आतिशबाजी मोहल्ला में इंटरलॉकिंग रोड बनने के लिए निरीक्षण किया तथा थाना सुरियावां परिसर में इंटरलॉकिंग शहिद ध्रुव लाल इंटर कॉलेज परिसर के बगल में डेढ़ सौ मीटर नाली निर्माण कार्य के लिए अनुमानित लागत 9 लाख75000 होगी तथा इंटर कॉलेज से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य के लिए विभागीय विभागीय नाप जोख कराया इससे विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं एवं आने जाने वाले लोगों को काफी सहुलीयत प्रदान होगी तथा नगर के विकास में एक नई कड़ी जुड़ जाएगी इस मौके पर सभासद मंत्त लाल कैलाश सरोज राजा बाबू रमाकांत जायसवाल पप्पू वर्मा डीम जयसवाल गिरजा शंकर गणेश जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तिलहनी फसलों का उत्पादन एवं क्षेत्रफल बढ़ाना आवश्यक



**आजमगढ़** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा आजमगढ़ प्रथम द्वारा क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन ऑयल सीड अंतर्गत तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने एवं तिलहनी फसलों में लग रहे कीट रोग निदान के लिए ग्राम कोटवा विकास खंड रानी की सराय में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार यादव ने अन्नदाता को तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए समय से बुवाई एवं सल्फर के उपयोग के महत्व के बारे में बताया और कहा कि अधिक से अधिक तिलहनी फसलों का उत्पादन करके देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाना होगा ताकि दूसरे देशों से हमें खाद्य तेल न मंगाना पड़े द्य केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर रणधीर नायक ने सरसों में उर्वरक प्रबंधन के साथ साथ लाइन से बुवाई के फायदे के बारे में बताया। कार्यक्रम में केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ विजय कुमार विमल ने सरसों में खरपतवार एवं रोग कीट नियंत्रण एवं सरसों के बीज उत्पादन तकनीक के बारे में बताया। कार्यक्रम में कोटवा ग्राम प्रधान श्री काशी नाथ यादव भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने कृषकों से वैज्ञानिक विधि से खेती करने के लिए प्रेरित किया । इस दौरान किसानों ने अपने अनुभव एवं जिज्ञासा को कार्यक्रम के बीच साझा किया।

### बलिया में पुलिस मुठभेड़: 25 हजार का इनामी गोतस्कर पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**बलिया।** जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। कार्रवाई के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी गोतस्कर को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश का इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 11:42 बजे हुसैनाबाद मोड़ पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पीछा करने पर उसकी बाइक फिसल गई और वह गिर पड़ा। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई। मौके से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बबलू नट (30 वर्ष), निवासी आदर, थाना बांसडीह के रूप में हुई है। वह गोवंश तस्करी के मामले में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। 8 फरवरी 2026 को उसके एक साथी को गिरफ्तार किया गया था, जबकि वह फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दो दिवसीय बांके बिहारी ऑटो फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता' का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के नवनिर्मित फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय बांके बिहारी ऑटो फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंकज सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, विशिष्ट अतिथि रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ एस एस बेदी एवं सह क्रीड़ा सचिव डॉ. विजय सिन्हाल, प्रबन्ध समिति के महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित), क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, महेश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, क्रीड़ाधिकारी इं. धीरज अग्रवाल ने किया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता को महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के मंत्री एवं बांके बिहारी ऑटो, बरेली के निदेशक पंकज अग्रवाल ने प्रायोजित किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। क्रीड़ा सचिव गिरीश चन्द्र अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रायोजक पंकज अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि फुटबॉल उनका प्रिय खेल है तथा वे इसको बचपन से खेलते आ रहे है और अभी भी इस खेल के प्रति समर्पित है उन्होंने कहा कि यह एक सज्जन व्यक्तियों का खेल है और हमे इसका आनन्द लेना चाहिए।

महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल ने फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रायोजक एवं समस्त टीमों के खिलाड़ियों को शुभाशीष देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय सिन्हाल ने विजयी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा सभी टीमो का स्वागत करते हुए कहा कि हार जीत एक सिक्के के पहलू है इसको सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने छात्र जीवन में खेल -कूद की महत्ता को समझाते हुए विजयी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं प्रेषित की। क्रीड़ाधिकारी इं. धीरज अग्रवाल ने खेल प्रतियोगिता की रूपरेखा से सबको अवगत कराया।

प्रथम मैच महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय एवं इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें दोनों टीमों ने 02-02 गोल दागकर बरावरी की इस मैच का निर्णय पैनाल्टी शूटआउट द्वारा किया गया। जिसमें इन्वर्टिस विश्वविद्यालय ने 03 गोल दागे वहीं महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के खिलाड़ी केवल 01 गोल ही दाग सके। इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की ओर से जैद एवं कैबिन तथा महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की ओर शान टम्टा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

दूसरा मैच आर्मी स्कूल एवं एम.ई.एस. टीमों के मध्य खेला गया जिसमें आर्मी स्कूल ने 05 गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। वहीं दूसरी ओर एम.ई.एस. की टीम केवल 02 गोल ही कर पायी। एम.ई.एस. के वेदान्त सिंह रावत ने पूरी टीम को संजोक कर रखा तथा बेहतरीन गोलकीपिंग तो आर्मी स्कूल की ओर से हर्षित शाही द्वारा बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मंडल में निष्कर्ष सिंह कंडारी महेश चंद एवं सी.के.यादव रहे। मंच संचालन डॉ. रेशू जौहरी ने किया। कल फाइनल मुकाबला इनवर्टिस विश्वविद्यालय एवं आर्मी स्कूल के मध्य अपराह्न 12 बजे से खेला जाएगा। इस अवसर पर डॉ. के.के.अग्रवाल, मंयक शर्मा, शोभित अग्रवाल, अजीत सिंह, रामलखन, प्रफुल्ल पाठक, संचित कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## साइबर ठगी के शिकार पत्रकार को पुलिस ने लौटाए 49,805 रुपये

**भदोही।** जनपद में साइबर ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सुरियावां की साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित पत्रकार कृष्ण कुमार उपाध्याय के खाते में 49,805 रुपये वापस कराए। जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार उपाध्याय (निवासी ग्राम कोडर, थाना सुरियावां) के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक एपीके फाइल भेजी गई थी। फाइल डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और बैंक खाते से 49,805 रुपये निकल गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंक से संपर्क कर धनराशि को होल्ड कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर पूरी रकम वापस खाते में ट्रांसफर करा दी। खाते में धनराशि वापस आने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल को डाउनलोड न करें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर सूचना

## अग्निवीर शहीद धीरज गुप्ता को डीएम व एसपी ने दी श्रद्धांजलि

**माता को सौंपा गया आवासीय पट्टा प्रमाण पत्र**



**भदोही।** औराई क्षेत्र के जेठूपुर गांव में सोमवार को शहीद अग्निवीर धीरज गुप्ता के आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। अधिकारियों ने शहीद की माता, भाई दीपक व नीरज, बहनों तथा जीजा से घर पर मुलाकात कर उनका ढांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन शहीद परिवार के साथ खड़ा है और शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहीद की माता को आवासीय पट्टा का प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने बताया कि अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत भी नियमानुसार सहायता दी जाएगी, ताकि परिवार को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र, पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शहीद धीरज गुप्ता के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि राष्ट्र उनके त्याग का सदैव ऋणी रहेगा।

## पावरलिफ्टिंग में भदोही पुलिस अव्वल



**31वीं अंतर जनपदीय प्रतियोगिता में जीती चलवैजंती**

**भदोही।** रिजर्व पुलिस लाइन गाजीपुर में आयोजित 31वीं अंतर जनपदीय भारोत्तोलन, क्लस्टर महिला/पुरुष, योग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता-2026 में भदोही पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पावरलिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर चलवैजंती अपने नाम की। प्रतियोगिता 17 से 19 फरवरी 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें वाराणसी जोन की टीमों ने प्रतिभाग किया। उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को पुलिस कार्यालय ज्ञानपुर में खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उत्साहवर्धन के लिए बधाई दी सम्मानित खिलाड़ियों में उपनिरीक्षक हरिवंश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राजा यादव, उपेंद्र सिंह, ओम प्रकाश यादव, अरविंद यादव, राजित यादव, देवांशु यादव, मुनेश सिंह, अखिलेश सरोज, रविंद्र कुमार, रोहित गोंड, चंद्रकला, ज्योति एवं स्नेहा शामिल रहे।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है और भविष्य में भी जनपद इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत जन चौपाल संपन्न, 25 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

**● आम जन की विद्युत संबंधी समस्याओं का डीएम ने जन चौपाल लगाकर किया समाधान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की जन चौपाल का आयोजन किया गया। आम जनमानस की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस जन चौपाल में बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे। जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान करना रहा। इस दौरान विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, मीटर जांच एवं परिवर्तन, नए विद्युत कनेक्शन, लोड वृद्धि, नाम परिवर्तन, ट्रांसफार्मर, लाइन एवं वोल्टेज सम्बन्धी शिकायतों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सब्सिडी की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्राप्त शिकायतों के तत्काल निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। जन चौपाल से पूर्व ही संबंधित शिकायतकर्ताओं को दूरभाष के माध्यम से सूचना देकर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने हेतु अवगत कराया गया था। शिकायतकर्ता अपने साथ विद्युत बिल की प्रति, पहचान पत्र तथा शिकायत से संबंधित आवेदन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंचे, जिससे समस्याओं के समाधान में सुगमता रही। जन चौपाल के दौरान कुल लगभग 25 शिकायतों का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत राधेश्याम को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की गंभीरता से जांच करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्युत जन चौपाल जैसे आयोजनों से न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास भी मजबूत होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य,अधिशासी अभियंता विद्युत भदोही व ज्ञानपुर, समस्त एसडीओ आदि विद्युत विभाग के अधिकारीगण एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत जन चौपाल संपन्न, 25 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

**● आम जन की विद्युत संबंधी समस्याओं का डीएम ने जन चौपाल लगाकर किया समाधान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की जन चौपाल का आयोजन किया गया। आम जनमानस की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस जन चौपाल में बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे। जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान करना रहा। इस दौरान विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, मीटर जांच एवं परिवर्तन, नए विद्युत कनेक्शन, लोड वृद्धि, नाम परिवर्तन, ट्रांसफार्मर, लाइन एवं वोल्टेज सम्बन्धी शिकायतों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सब्सिडी की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्राप्त शिकायतों के तत्काल निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। जन चौपाल से पूर्व ही संबंधित शिकायतकर्ताओं को दूरभाष के माध्यम से सूचना देकर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने हेतु अवगत कराया गया था। शिकायतकर्ता अपने साथ विद्युत बिल की प्रति, पहचान पत्र तथा शिकायत से संबंधित आवेदन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंचे, जिससे समस्याओं के समाधान में सुगमता रही। जन चौपाल के दौरान कुल लगभग 25 शिकायतों का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत राधेश्याम को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की गंभीरता से जांच करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्युत जन चौपाल जैसे आयोजनों से न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास भी मजबूत होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य,अधिशासी अभियंता विद्युत भदोही व ज्ञानपुर, समस्त एसडीओ आदि विद्युत विभाग के अधिकारीगण एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तुलापुर बहादुरान में 'हर घर नल-हर घर जल' योजना के कार्य से सड़कें क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सुरियावां।** ग्राम तुलापुर बहादुरान में केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल-हर घर जल' योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आरोप है कि ठेकेदारों द्वारा पाइप डालने के लिए सड़कों को खोदने के बाद उन्हें पूर्व अवस्था में ठीक नहीं कराया जा रहा है, जिससे पूरे गाँव में आवागमन बाधित हो गया है। युवा समाजसेवी विवेक कुमार दुबे ने बताया कि अभिया-सुरियावां रोड से लेकर गोस्वामी बस्ती तक की इंटरलॉकिंग सड़क को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसी प्रकार बाबासाहब की मूर्ति स्थल से गौतम बस्ती, विश्वकर्मा बस्ती, कनौजिया बस्ती व बिंद बस्ती तक जाने वाली इंटरलॉकिंग रोड भी खराब कर छोड़ दी गई है। गौड़ बस्ती और ठाकुर बस्ती में भी सड़क की हालत दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कें उखाड़ देने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी गंभीर हो गई है। बारिश की स्थिति में कीचड़ व गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो गाँववासी सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान युवा समाजसेवी विवेक कुमार दुबे, शिवनाथ पूरी, मेवालाल पूरी, लालमणि, अमृतलाल गौतम, हयात अली, पप्पू बिंद, बाबूलनाथ गौतम, सुनील, नेता गौतम, मुकेश, शुभम, काशीराम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल ट्रामा सेंटर रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित हथेड़ा गांव मे सोमवार को दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी 35 वर्षीय राजन सिंह गुर्जर बहन रविता को बाइक से लेकर हाई स्कूल की परीक्षा दिलाने भटवारी गांव स्थित जगधारी प्रसाद इंटर कॉलेज जा रहे थे बाइक जैसे ही हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित हथेड़ा गांव के पास पहुंचे कि सामने से आ रहे बाइक सवार स्वतंत्र फाइनेंस कंपनी में कार्यरत जिगना थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी 19 वर्षीय मनोज कुमार सिंह की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर होते ही दोनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा के पायलट दिलीप यादव इएमटी राजकुमार ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत दोनों घायलों के सर पर गंभीर चोट को देखते हुए ड्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। डॉ अवधेश कुमार ने बताया कि राजपुर गांव निवासी राजन सिंह के सर की गंभीर चोट तथा दूसरे घायल के सर में आई चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया है।

# महिला को मोहरा बनाकर कागजातों में धोखाधड़ी कर पैसा वसूलि, ब्लैकमेलिंग करने का गिरोह सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** थाना चुनार के बल्लीपुर में महिला (आंचल )को मोहरा बनाकर कागजातों में धोखाधड़ी कर पैसा वसूलि, ब्लैकमेलिंग करने का गिरोह सक्रिय साजिश में परिवार के लोग अधिवक्ता भी शामिल पुलिस अधीक्षक जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर कार्यवाही करने की मांग की चुनार थाना क़े बल्लीपुर एक महिला आंचल पुत्री पाखंडु चाचा, गुड्डु पुत्रगण जवाहिर एवं संजू देवी की ने एक अधिवक्ता से मिलकर जमीन की दो-दो बार रजिस्ट्री कराके और गलत चौहद्दी देकर पैसा वसूलीमे एवं ब्लैकमेलइंग का मामला सामने आया है.मान मर्यादा खराब करने एवं अवैध कब्जा करने की धमकी तथा पैसा मांगने का आरोप एक सुनियोजित साजिश के तहत फसाने का प्रयास किया जा रहा है जिला ओलंपिक एवं वालीबाल संघ के महासचिव एस.पी.त्रिपाठी ने प्रेस को बताया कि 10 बिस्वा जमीन 2021 में सीता देवी पत्नी ओमप्रकाश मौर्य जो निहायत गरीब महिला को अपने बंटवारे की जमीन बेच दिया था उसका खारिज़ दाखिल भी है और कब्जा भी है परिवार के एक भाई वकील की हेली मेलि एवं मुझे परेशान और दिया पैसा वसूलने की नीयत से आंचल नाम को मोहरा बनाकर पाखंडू गुड्डू बल्लीपुर जो शातिर अपराधी प्रवृत्ति के हैं के साथ मिलकर आनंद प्रकाश (पंकज) एवं आशीष पुत्र विजय प्रकाश जो शगे परिवार के हैं निरंतर साजिश रच रहे हैं तथा अधिकारियों एवं पुलिस न्यायालयों में फर्जी कागजात शिकायत देकर परेशान कर रहे हैं श्री त्रिपाठी जो ग्राम भुवालपुर शिखड थाना चुनार के मूल निवासी हैं इस साजिश पूर्ण कार्य से बेहद दुखी होकर जिलाअधिकारी पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर इन सब के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने का मांग किया है ताकि पुनः किसी और परिवार को फसाने की साजिश ना करें और इन सब गलत कारनामा उजागर हो सके पुनः किसी और परिवार को फसाने की साजिश ना कर सके।

# होली एवं बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए कोतवाली विंध्याचल में पीस कमेटी की बैठक

**● डीजे संचालकों को धीमी आवाज में संगीत बजाने के निर्देश, शांति बनाए रखने की अपील**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** होली पर्व, अन्य त्योहारों तथा बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सोमवार को विंध्याचल कोतवाली में थाना प्रभारी अविनाश प्रकाश राय ने पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की । बैठक शाम 4 बजे थाना परिसर में हुई, जिसमें थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, सभासद, ग्राम प्रधान, डीजे संचालक और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए बैठक का मुख्य उद्देश्य होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकना था। थाना प्रभारी अविनाश प्रकाश राय ने सभी से अपील की कि होली पूर्ण शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जाए। साथ ही, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को देखते हुए डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे धीमी आवाज में ही संगीत बजाएं। तेज आवाज में डीजे चलाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र ने डीजे संचालकों की बैठक ली इस दौरान उन्होंने कोर्ट के आदेशों, ध्वनि प्रदूषण नियमों तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई ताकि वे इनका पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने शांति बनाए रखने का संकल्प लिया और पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र, एसएसआई विजय शंकर तिवारी, संतोष कुमार उपाध्याय, हेड कांस्टेबल गोपाल सिंह, तारकेश्वर सिंह, उपेन्द्र सिंह आदि पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सभासद राजकुमार दुबे, ग्राम प्रधान बबलू यादव, उनका प्रतिनिधि बमबम छोटा नेता आशीष निषाद, नाविकों के मुखिया कल्लू निषाद, फूसे निषाद, अर्जुन, समाजसेवी राकेश कुमार बिंद सहित लगभग 50 से 60 लोग शामिल हुए।

# नपाध्यक्ष एवं ईओ जी लाल ने की कर वसूली की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी एवं अधिशासी अधिकारी गोवालाल ने नगर पालिका के प्रधान कार्यालय के छत्रपति शिवाजी हाल में गृहकर,जलकर और जलमूल्य वसूली की समीक्षा बैठक की।इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कर समाहर्ताओं से वर्तमान वित्तीय वर्ष के वार्डवार वसूली की जानकारी ली।कम वसूली को लेकर ईओ ने सभी बड़े बकाएदारो को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।ईओ ने कहा है कि नगर में अठ्ठाईस हजार घरों में पानी का कनेक्शन है,उन घरों से लगभग चालीस लाख रुपया बकाया है।इसके साथ ही गृहकर जलकर इस वित्तीय वर्ष में डेढ़ करोड़ रुपया बकाया है।ईओ ने बताया है कि लगभग डेढ़ सौ बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर नोटिस भेजवाने के बाद आरसी जारी की जायेगी।नोटिस जारी होने के बाद भी बड़े बकायेदारों द्वारा यदि बकाए की अदायगी नहीं की जाती है तो उन घरों के पानी के कनेक्शन को काटा जाएगा और आरसी भी जारी की जायेगी।ईओ ने नगर के गृहस्वामियों से अपने कर को समय से अदा करने की अपील भी की है साथ ही अधिशासी अधिकारी द्वारा जनता से आग्रह करते हुए कहा कि टैक्स जमा करने हेतु ह्वाट्स ऐप बनाया गया हैं जिसके माध्यम से आप घर बैठे मोबाइल से अपना गृहकर जलकर जमा कर सकते हैं।।इस मौके पर कर निर्धारण अधिकारी रीता रानी विक्रम,कर अधीक्षक शरदेंदु सिंह,राजस्व निरीक्षक अनिल जायसवाल,राजित यादव,संजय पटेल,कर समाहर्ता धनंजय कश्यप,परवेज, विक्की मौर्या,नवीन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की बैठक में भाई चारे की तरह मिल जुल कर त्योहार मनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र में आगामी होली व रमजान पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण मनाने के लिये सोमवार को थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। होलिका दहन व रमजान त्योहार पर लोगों से आने वाली समस्या की जानकारी ली। थाना अध्यक्ष ने सरकारी नम्बर के साथ प्राइवेट नम्बर दे कर किसी समस्या को अवगत कराने को कहा। किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने को कहा। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बीट प्रभारियों को भी अपने क्षेत्र में पौनी नजर रखने ही हिदायत दी। इस मौके पर एस आई श्याम लाल, महेन्द्र यादव, अच्छे, शशी पटेल, लाल,प्रधान पन्ना लाल, राजेश मौर्य, जितेन्द्र,लालजी मौर्य, चंदू, आदि सहित मजिस्द के इमाम व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आसाम राज्य के राज्यपाल के घर सामने जल जीवन मिशन का पानी बह रहा सड़क पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** विकास खंड-जमालपुर,मीरजापुर में आसाम राज्य के राज्यपाल महामहिम श्री लक्ष्मण आचार्य जी के विद्यालय के सामने जल जीवन मिशन का पानी घरों में जाने की बजाय सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीण सड़कों के लिए 'सड़क संकट मिशन' बन चुका जल जीवन मिशन शायद अब तक का सबसे बड़ा सरकारी धन के दुरूपयोग का साक्षी बनने जा रहा है।जल जीवन मिशन परियोजना के तहत लोगों के घरों में नल लगें धीरे-धीरे लगभग पांच-छः साल बीतने को है,लेकिन अभी तक घरों में पानी नहीं पहुंचा और जो पहुंच मार्ग थे उसको भी जल जीवन मिशन द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए खोद कर ध्वस्त कर दिया गया।जब महामहिम राज्यपाल जैसे सख्त के घर के सामने सड़क पर जल जीवन मिशन का पानी बहकर बर्बाद हो रहा है तो पुरे उत्तर प्रदेश राज्य में जल जीवन मिशन की स्थिति क्या होगी आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं। लापरवाही का आलम यह है कि पुरे विकास खंड-जमालपुर में ऐसे ही सड़कों,नहरों,नालियों में जल जीवन मिशन का पानी बह रहा है और संबंधित विभाग के अधिकारी,कर्मचारी मस्त है।अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि गर्मी आने से पहले जल जीवन मिशन का पानी जहां जहां भी लीकेज हो रहा है,उसको तुरंत मरम्मत कर संबंधित विभाग द्वारा सभी के घरों में शुद्ध जल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### संत गाडगे बाबा की 150 वी जयंती मनाई गई



**नैनी,प्रयागराज।** नयापुरवा स्टेनली रोड पर सोमवार को संत गाडगे बाबा की 150 वी जयंती केक काटकर धूमधाम से मनाई गई।समाजसेवी अनन्त कुमार चौधरी ने कहा कि सन्त गाडगे जी को भारत रत्न मिलना चाहिए केंद्र सरकार से अनुरोध है की अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति- रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। अपने कीर्तन में वे श्रोताओं को उनके अज्ञान, दोषों और दोषों से अवगत कराने के लिए विभिन्न प्रश्न पूछते थे। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। तुकाराम महाराज को अपना गुरु मानते थे।वरिष्ठ समाजसेवी अनंत कुमार चौधरी, शंभू शाहू, आनंद कुमार सिंह, विकास यादव संदीप चौधरी, दीपक यादव,अरूण चौधरी राम शेखर समस्त उपस्थित रहे।

# वैश्विक रेल मानचित्र पर भारत की छाप- बरेका का दसवां स्वदेशी 3300 एचपी लोकोमोटिव मोजाम्बिक रवाना

**● वाराणसी बन रहा है रेलवे लोकोमोटिव निर्यात केंद्र।**

**मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित 3300 एचपी का स्वदेशी लोकोमोटिव।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।




**ब्यूरो प्रयागराज।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने एक बार फिर लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। बरेका द्वारा निर्मित स्वदेशी 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी 2026 को मोज़ाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि बरेका को मोज़ाम्बिक के लिए 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों का निर्यात आदेश प्राप्त हुआ था।

इन लोकोमोटिवों की आपूर्ति एम/एस राइट्स (RITES) के माध्यम से 10 लोकोमोटिवों के निर्माण एवं निर्यात के अनुबंध के अंतर्गत की गई है। पहले दो लोकोमोटिव जून 2025 में, तीसरा सितंबर में, चौथा अक्टूबर में तथा पाँचवाँ लोकोमोटिव 12 दिसंबर को भेजा गया था। इसके पश्चात छठा लोकोमोटिव 15 दिसंबर 2025, सातवां 8 जनवरी 2026, आठवां 23 जनवरी 2026, नौवां लोकोमोटिव 17 फरवरी 2026 को रवाना किया गया था

यह निर्यात वैश्विक मंच पर लोकोमोटिव निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है।

बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से संचालन में सक्षम हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चालक-अनुकूल सुविधाएँ जैसे रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर तथा आधुनिक केबिन डिजाइन उपलब्ध हैं, जो चालक सुविधा और परिचालन दक्षता को और अधिक बेहतर बनाते हैं। भारतीय रेल की उत्पादन इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) जो वाराणसी में स्थित है, अब लोकोमोटिव निर्माण के एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्वदेशी डिजाइन और उन्नत रेलवे प्रौद्योगिकी के निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के बल पर बरेका वैश्विक रेलवे बाजार में भारत की उपस्थिति को सशक्त बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक बरेका श्रीलंका, म्यांमार और मोज़ाम्बिक जैसे देशों को लोकोमोटिव निर्यात कर चुका है, जिससे उन देशों की रेलवे प्रणालियों के विकास में सहयोग मिला है। 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विज़न के अनुरूप, ये निर्यात भारतीय रेल की उस क्षमता को प्रदर्शित करते हैं जिसके माध्यम से वह विश्व में प्रचलित विभिन्न गेज प्रणालियों के अनुरूप रोलिंग स्टॉक का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति कर सकती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल भागीदार देशों को उनके रेल अवसंरचना उन्नयन में सहयोग प्रदान कर रही है, साथ ही रेलवे रोलिंग स्टॉक एवं संबंधित सेवाओं के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत कर रही है। लोकोमोटिव निर्यात के क्षेत्र में बरेका की ये उपलब्धियाँ भारत की बढ़ती तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक रेलवे उपकरण बाजार में उसके निरंतर विस्तारित होते प्रभाव को प्रतिबिंबित करती हैं।

### समाजसेवी नाजिम खान ने पेश की इंसानियत की मिसाल



**नैनी, प्रयागराज।** रमज़ान के पवित्र महीने में जहां इबादत और सब्र का महत्व बढ़ जाता है, वहीं समाजसेवी नाजिम खान ने सेवा और इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे क्षेत्र में सराहना का विषय बनी हुई है।रमज़ान के इस मुबारक महीने में नाजिम खान ने जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन किट, इफ्तार का सामान और रोज़ेदारों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था करवाई। उन्होंने कहा कि 'रमज़ान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि दूसरों के दर्द को समझने और उनकी मदद करने का महीना है। '

**जरूरतमंदों के लिए राहत**

नाजिम खान की पहल पर सैकड़ों गरीब और असहाय परिवारों तक राशन सामग्री पहुंचाई गई। इफ्तार के समय रोज़ेदारों को खजूर, फल, पानी और अन्य जरूरी सामान वितरित किया गया,जिससे रोज़ा खोलने में किसी को परेशानी न हो।

**समाज में सकारात्मक प्रभाव**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाजिम खान हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबों की मदद के क्षेत्र में उनका योगदान लगातार जारी है। रमज़ान के इस पवित्र महीने में उनका यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक बन गया है।

# आदिवासी समाज के मुद्दों पर काम के लिए सम्मानित किए गए डॉ अतुल मलिकराम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

*दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।*

**भोपाल प्रयागराज।** इंदौर के ऐतिहासिक गांधी हॉल में जनजातीय सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम को आदिवासी समाज के उत्थान और कल्याण से जुड़े उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने बताया कि डॉ. मलिकराम लंबे समय से आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने से जुड़े प्रयासों में सक्रिय रहे हैं। शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और नीतिगत संवाद के माध्यम से उन्होंने समुदायों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम किया है। इसी योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान डॉ. मलिकराम ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान जिम्मेदारियों को और बढ़ा देते हैं। उनके अनुसार आदिवासी समाज सदैव जल, जंगल और जमीन के साथ अपनी संस्कृति का संरक्षक रहा है, और आज आवश्यकता है कि संवेदनशील और प्रतिबद्ध लोग उनके साथ खड़े हों। उन्होंने यह भी कहा कि वे आगे भी आदिवासी समाज के हित में जो संभव होगा, करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आदिवासी समाज के सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा के विस्तार और समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और जमीनी स्तर पर काम कर रहे लोगों को प्रोत्साहन और पहचान मिलनी चाहिए। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के सम्मान कार्यक्रम सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को रेखांकित करने और उन्हें सार्वजनिक मान्यता देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अप्पे और बोलेरो में जोरदार भिड़ंत, तीन घायल



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र के रामपुर चौराहे के समीप सोमवार को बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के समीप अप्पे और बोलेरो में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद दोनों चालकों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ा तो सूचना पुलिस को दी गई। इस हादसे में अप्पे चालक सहित एक महिला और एक बच्ची घायल हो गई।घटना के बाद मौके पर रहे राहगीरों की मदद से पुलिस ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया। वहीं दोनों वाहन को पुलिस थाने उठा लाई। थाने पर घंटों पंचायत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।थाना प्रभारी के मुताबिक रामपुर बृज मंगल इंटर कॉलेज के पास एक बोलेरो और अप्पे के बीच टक्कर हो गई थी। घटना में चालक समेत महिला और एक बच्ची घायल है। जिसे इलाज के लिए भेजा गया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया है।

### पीएम मोदी के दौरे को लेकर इजरायल में घमासान, विपक्षी नेता ने संसद में बायकॉट करने की धमकी दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायल दौरा वहां की घरेलू राजनीति में उलझता दिख रहा है. वहां के विपक्षी नेता याइर लैपिड (Yair Lapid) PM मोदी के इजरायली संसद के संबोधन भाषण को बॉयकॉट करने की धमकी दे रहे हैं. पीएम मोदी 25 फरवरी को दो दिवसीय इजरायल दौरे पर जाने वाले हैं. इस दौरान वो नेसेट (इजरायली संसद) को संबोधित कर सकते हैं। विपक्षी नेता लैपिड ने बुधवार को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष जस्टिस आइजैक अमित को विशेष सत्र में आमंत्रित नहीं किया जाता है तो वो अगले सप्ताह भारतीय प्रधानमंत्री नरंद्र मोदी के संबोधन का बहिष्कार करेंगे। लैपिड की यह धमकी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सत्तारूढ़ गठबंधन के देश के शीर्ष न्यायाधीशों को लगातार नजरअंदाज किए जाने के विरोध में आई है. विपक्षी दलों का मानना है कि प्रोटोकॉल का यह उल्लंघन न्यायपालिका की गरिमा को कम करने की कोशिश है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 फरवरी को प्रस्तावित इसराइल यात्रा ऐसे समय हो रही है जब पूरा मिडिल-ईस्ट असाधारण तनाव से गुजर रहा है। यह दौरा केवल एक नियमित राजनयिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऐसे भू-राजनीतिक माहौल में लिया गया फैसला है जिसके दूरगामी कूटनीतिक संदेश निकल सकते हैं। सवाल यह है कि क्या भारत ने इस यात्रा के समय और उसके संभावित असर पर पर्याप्त संवेदनशीलता दिखाई है? खासकर भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है।

मौजूदा हालात में अमेरिका और ईरान के बीच टकराव की आशंकाएं बनी हुई हैं और इसराइल लगातार तेहरान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुए है। कई मुस्लिम देशों ने क्षेत्र में सैन्य तनाव से बचने की अपील की है। ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री का तेल अवीव जाना स्वाभाविक रूप से प्रतीकात्मक अर्थ पैदा करता है- चाहे नई दिल्ली की आधिकारिक मंशा कुछ भी क्यों न हो। भारत लंबे समय से 'रणनीतिक संतुलन' की नीति पर चलता रहा है- एक ओर इसराइल के साथ मजबूत रक्षा सहयोग, दूसरी ओर खाड़ी देशों और ईरान के साथ गहरे आर्थिक और ऊर्जा संबंध। लेकिन आलोचकों का तर्क है कि हाल के वर्षों में इस संतुलन की धारणा कमजोर पड़ती दिख रही है। यदि भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी कूटनीति रही है, तो उसे प्रतीकों की राजनीति से भी उतनी ही सावधानी बरतनी चाहिए। मोदी की इसराइल यात्रा प्रतीकों की राजनीति का ही हिस्सा है।

### गृह मंत्री से भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी ने की मुलाकात



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं मंत्री भारत सरकार अमित शाह के निजी निवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रयागराज एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शिष्टाचार मुलाकात की उक्त भेंटवार्ता के दौरान दोनों नेताओं में जनपद प्रयागराज की जन समस्या, विकास कार्यों एवं मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गहन वार्ता हुई। नीरज त्रिपाठी पूर्व अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय गृहमंत्री को अपनी पांचों विधानसभा विमर्श शहर दक्षिणी कच्छना, बारा, मेजा एवं कोरांव में सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को बताया और साथ ही। उपरोक्त भेंटवार्ता में भाजपा के प्रदेश मंत्री,उत्तर प्रदेश कविता त्रिपाठी भी मौजूद रहीं। नई दिल्ली से वापसी पर नीरज त्रिपाठी का स्वागत अभिनंदन क्षेत्र नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके आवास पर गर्मजोशी से किया गया। स्वागत करने वाले कार्यकर्ताओं में प्रमुख सुभाष तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, अनिल मिश्रा, शिवरत्न मिश्रा, शिवम मिश्रा, बृजेश कुमार, विकास शुक्ला एवं पंकज द्विवेदी आदि गणमान्य जन शामिल रहे।

# प्रधानमन्त्री विकसित भारत रोजगार योजना के सम्बन्ध में वर्कशाप का किया गया आयोजन

**● जिलाधिकारी ने जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर योजना के प्रचार-प्रसार हेतु कैम्पों का आयोजन कराये जाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमन्त्री विकसित भारत रोजगार योजना के सम्बन्ध में वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज द्वारा योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता, विनिर्माण एवं उद्योगों को बढावा देने के साथ कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से उक्त योजना का शुभारम्भ मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 01-8-2025 से प्रारम्भ किया गया है, जो कि दिनांक 31-7-2027 तक प्रभावी रहेगी।

उक्त योजना के अन्तर्गत प्रथम बार रोजगार पाने वाले कर्मचारी को 6 माह की निरन्तर सेवा पूर्ण करने पर प्रोत्साहन राशि रूपया 15000 मिलेगी एवं भविष्य निधि संगठन द्वारा विकसित की जाने वाली वित्तीय साक्षरता पाठयक्रम को पूर्ण करने के उपरान्त दूसरी किस्त का भुगतान किया गया। दूसरी ओर अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले प्रतिष्ठानों को नियमानुसार 02 वर्ष तक की अवधि के लिए प्रोत्साहन राशि दी जायेगी तथा विनिर्माण क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का यह प्रोत्साहन राशि 04 वर्ष की अवधि तक दी जायेगी। इस योजना का लाभ पुराने एवं पुर्ननियोजित दोनो प्रकार के श्रमिक प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज क्षेत्र द्वारा इस योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी शासकीय विभागों, उद्योगों एवं व्यापारिक संगठनों से सहायोग की अपेक्षा करते हुए इस योजना का व्यापक प्रचार, प्रसार एवं योजना से आच्छादित होने वाले प्रतिष्ठानों एवं डाटा को शेयर करने का अनुरोध किया गया।

जिलाधिकारी ने योजना कों अत्यन्त लाभदायक योजना बताते हुए सभी शासकीय विभागों को इस योजना का प्रचार-प्रसार करने हेतु एवं योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित प्रतिष्ठानों को इस योजना में अपना पंजीयन करवाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश प्रदान किये गयें हैं। जिलाधिकारी ने भविष्य निधि संगठन एवं श्रम विभाग को इस योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर कैम्पों का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। इस वर्कशाप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज, उप श्रम आयुक्त, प्रयागराज क्षेत्र जिला विकास अधिकारी, प्रयागराज, सहायक आयुक्त उद्योग, प्रयागराज, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत विभाग, प्रयागराज, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज, समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रयागराज, नेशनल चौम्बर आफ कामर्स एवं लघु उद्योग भारती, प्रयागराज के प्रतिनिधि, इफ्कों, प्रयागराज के प्रतिनिधि एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### डंपर की चपेट में आने से छात्रा की दर्दनाक मौत



**नैनी, प्रयागराज।** मिर्जापुर मार्ग पर स्थित बेथनी कान्वेंट स्कूल में सोमवार सुबह पढ़ने जा रही कक्षा दो की छात्रा को डंपर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्कूल गेट के समीप हुई घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी निवासी 10 वर्षीय फालिशा पुत्री नाजिम हुसैन बेथनी कान्वेंट स्कूल में कक्षा दो में पढ़ती थी। उसके पिता का निधन हो चुका है,जिससे वह ननिहाल में ही रहती थी।सोमवार की सुबह उसके मामा वली हाफिज बाइक से उसे पहुंचाने गए थे।स्कूल के समीप पहुंचने पर अचानक एक कार सामने आने पर उन्होंने ब्रेक लगा दिया, जिससे फ़लीशा सड़क पर गिर गई। इस दौरान पीछे से आ रही डंपर ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक कुछ दूर जाकर डंपर खड़ी कर फरार हो गया।स्कूल गेट पर बड़ी संख्या में अभिभावक खड़े थे उन्होंने डंपर को घेर लिया, जिससे मिर्जापुर मार्ग पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया।जिसके बाद यातायात समान्य हो सका।

# गुवाहाटी टर्मिनल का विस्तार: असम की कनेक्टिविटी को मिली नई ताकत

**● क्षमता 1 करोड़ 30 लाख तक।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकप्रिय गोपीनाथ बरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एलजीबीआईए) पर नए टर्मिनल ने आज शाम कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया है, जिससे सालाना यात्री क्षमता बढ़कर 1 करोड़ 30 लाख तक होगी है और दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया के लिए भारत के रणनीतिक उत्तर-पूर्वी प्रवेश द्वार के रूप में गुवाहाटी की प्रमुख एविएशन प्रवेश द्वार के रूप में स्थिति मजबूत हुई है। यह परिवर्तन चरणबद्ध, ऑपरेशन आधारित एक्टिवेशन के बाद हुआ, जिसमें पूर्ण तैनाती से पहले चेक-इन, बैगेज हैंडलिंग, सुरक्षा और एयरक्राफ्ट टर्न-अराउंड समेत विभिन्न क्षेत्रों में लाइव परीक्षण किए गए। टर्मिनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 दिसंबर, 2025 को किया था। ऑपरेशन के शुभारंभ के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा और भारत के सबसे बड़े निजी एयरपोर्ट संचालक, अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के निदेशक जीत अदाणी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पहले प्रस्थान करने वाले यात्री को औपचारिक बोर्डिंग पास जारी किया गया और मुंबई से आई अकासा एयर की उड़ान का नए परिसर में आगमन हुआ। अराइवल हॉल में पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई, जिनमें शिल्पकार समुदायों, चाय बागान कर्मियों, फ्रंटलाइन स्टाफ और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों ने भाग लिया, जो बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ क्षेत्रीय सांस्कृतिक पहचान को भी रेखांकित करता है।

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा,' की उन्होंने पिछले वर्ष एडवांटेज असम 2.0 के दौरान किए गए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश के अपने वादे को पूरा किया है। मेरा विश्वास है कि इस नए टर्मिनल के संचालन से असम के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह असम के लिए एक गेमचेंजर साबित होगा। नए एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण के दौरान असम की संस्कृति का सम्मान किया गया है,और एक असमिया होने के नाते हमें इस पर गर्व है। '

जीत अदाणी ने कहा कि,' यह विस्तार क्षेत्र की बढ़ती मांग और लंबे समय तक विकास पथ को दर्शाता है। आज का दिन कोई कमर्शियल उपलब्धि नहीं है। यह असम और उत्तर-पूर्व के लोगों के लिए गर्व का क्षण है। यह उन अनगिनत हाथों और दिलों की देन है जिन्होंने इस सपने को साकार किया।

यह माननीय प्रधानमंत्री के भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे के दृष्टिकोण और माननीय मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा के असम को उत्तर-पूर्व के आर्थिक इंजन के रूप में स्थापित करने के मिशन के अनुरूप है।

गुवाहाटी पिछले दशक में भारत के सबसे तेजी से बढ़ते गैर-मेट्रो हवाई अड्डों में उभरा है, जहाँ यात्री यातायात में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। हाल के वर्षों में यात्री संख्या नौ मिलियन से अधिक होने के साथ, यह हवाई अड्डा यात्री संख्या के आधार पर देश के शीर्ष 10-12 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल है। विस्तारित 1 करोड़ 30 लाख की क्षमता, नए मार्गों की शुरुआत, उड़ानों में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। हवाई अड्डा 21 घरेलू गंतव्यों और तीन अंतरराष्ट्रीय मार्गों बैंकॉक, पारो और सिंगापुर से जुड़ा है तथा वर्तमान में प्रतिदिन 130 से अधिक विमान यातायात आवागमन संभालता है। अतिरिक्त क्षमता से गुवाहाटी की क्षेत्रीय हब के रूप में भूमिका और मजबूत होने की उम्मीद है जो उत्तर-पूर्व को मुख्य भूमि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ता है।



सिस्टम वैलिडेशन प्रैक्टिस में एयरलाइन कॉर्डिनेशन, ग्राउंड हैंडलिंग, इमरजेंसी प्रोटोकॉल और डिजिटल इंटीग्रेशन शामिल थे। डिजी यात्रा-सक्षम प्रोसेसिंग, इंटीग्रेटेड वेफ़ाइंडिंग और सेन्ट्रल कम्युनिकेशन सिस्टम चालू हैं। रिटेल और फूड सर्विस फेज-वाइज तरीके से शुरू की जा रही हैं।

**वास्तुकला और सांस्कृतिक पहचान**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त भारतीय वास्तुकार नुरु करीम द्वारा डिज़ाइन किया गया यह टर्मिनल असम के कोपो फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) से प्रेरणा लेता है और इसमें 140 मीट्रिक टन से अधिक बांस का उपयोग किया गया है। असम की भलुका बांस शिल्पकारी और अरुणाचल प्रदेश की अपातानी जनजाति से जुड़ी बांस आधारित संरचनात्मक परंपराओं के वास्तुशिल्पीय संदर्भ उत्तर-पूर्व के व्यापक सांस्कृतिक ताने-बाने को दर्शाते हैं। गुंबदनुमा छत स्थानिक निरंतरता और प्राकृतिक प्रकाश वितरण को बढ़ाती है, जबकि एम्फीथिएटर शैली का आगमन प्रांगण यात्रियों को क्षेत्रीय कला और प्रदर्शन परंपराओं से परिचित कराता है। इस डिज़ाइन को समकालीन बुनियादी ढांचे के साथ क्षेत्रीय पहचान को एकीकृत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वास्तुकला पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह हवाई अड्डा एएएचएल द्वारा अपनी सहायक कंपनी गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) के माध्यम से संचालित किया जाता है। एएएचएल तिरुवनंतपुरम, मुंबई, नवी मुंबई, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद और मंगलुरु में भी हवाई अड्डों का प्रबंधन करता है।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने बहाल किया पुराना नियम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने हायर पेंशन से जुड़े एक अहम मुद्दे पर स्पष्टीकरण जारी किया है। इस स्पष्टीकरण के साथ एक पुराना प्रावधान फिर से बहाल कर दिया गया है। इसके तहत कुछ पात्र कर्मचारी अब अपने वास्तविक मूल वेतन और महंगाई भत्ते (DA) के आधार पर पेंशन में अधिक योगदान का विकल्प चुन सकेंगे।यह फैसला उन कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो लंबे समय से पेंशन गणना की सीमा को लेकर असमंजस में थे।

**2014 से पहले क्या था नियम?**

1 सितंबर 2014 से पहले कर्मचारियों को यह विकल्प मिलता था कि वे अपनी वास्तविक बेसिक सैलरी के आधार पर पेंशन योगदान बढ़ा सकें। खासकर सार्वजनिक क्षेत्र (क्ष-) के कर्मचारियों को इससे बड़ा लाभ होता था, क्योंकि उनकी सैलरी तय सीमा से अधिक होती थी।लेकिन 2014 में संशोधन लागू होने के बाद पेंशन योग्य वेतन की अधिकतम सीमा 15,000 रुपये (मूल वेतन+ DA) तय कर दी गई। इसके बाद हायर पेंशन का विकल्प व्यावहारिक रूप से बंद हो गया।

वर्तमान नियमों के अनुसार:पेंशन योग्य अधिकतम वेतन: ?15,000 प्रति माह,न्यूनतम मासिक पेंशन: 1,000, अधिकतम संभावित EPS पेंशन: 7,500 प्रति माह यानी भले ही किसी कर्मचारी की सैलरी 15,000 रुपये से ज्यादा हो, पेंशन की गणना इसी तय सीमा के आधार पर होती रही। यही कारण है कि 2014 के बाद भर्ती हुए या जिनका वेतन तय सीमा से अधिक था, वे वास्तविक वेतन पर पेंशन योगदान नहीं कर सके।

सरकार द्वारा जारी स्पष्टीकरण में साफ किया गया है कि हायर पेंशन की बहाल सुविधा कोई नया लाभ नहीं है। यह सिर्फ पुराने प्रावधान की बहाली है।महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका लाभ केवल उन कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 1 सितंबर 2014 के संशोधन से पहले उच्च पेंशन का विकल्प चुना था। यह सभी EPFO सदस्यों पर स्वतः लागू नहीं होगा। इसलिए 2014 के बाद नौकरी में आए कर्मचारी या जिन्होंने पहले यह विकल्प नहीं चुना था, वे इस बहाली के दायरे में नहीं आते।

## संक्षिप्त खबरें

### नुकीले बिखरे स्टोन मेटल रोड पर आवागमन में होती है अत्यधिक कठिनाई : पूर्व मुखिया सखावत अली



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** पाकुड़िया प्रखण्ड अंतर्गत खाकसा पंचायत के मलिकपुर ग्राम की सड़क विगत कई वर्षो से ध्वस्त व जीर्ण रहने से लोगों के आवागमन में बड़ी कठिनाई होती रही है। उक्त जर्जर स्टोन मेटल पथ की महत्ता के संदर्भ में तेज-तर्रार पूर्व मुखिया ने बताया कि उक्त रोड से पलियादह, दोमुहानी, मलिकपुर, शिवरात, खजूरचुंआ ग्राम के अलावा सीमावर्ती राज्य बंगाल से भी लोग अपने निकट संबंधियों के यहाँ आते-जाते रहे हैं। सड़क वर्षो से ध्वस्त रहने एवं उस पर बिखरे नुकीले स्टोन मेटल के कारण साइकिल व बाइक चलाना जोखिम भरा है। नंगे पाँव चलने में पैरों के कटने का डर बना रहता है। वर्षा के मौसम में मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। सखावत ने बताया कि लोग इसी रोड से रामपुरहाट बाजार जाकर सब्जियां तथा अन्य सामानों की खरीदारी करते रहे हैं। वहीं रामपुरहाट अस्पताल, बाजार और ट्रेन सेवा की सुविधा हेतु भी लोगों का आवागमन इसी पथ से होता है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़क बन जाने पर लोग आसानी से ऑटो-टोटो से आवागमन कर सकेंगे। पूर्व मुखिया सहित मलिकपुर ग्राम के लोगों ने विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी से आवागमन की सुविधा के लिए इस जीर्ण पथ के निर्माण की मांग की है।

### भटके हुए 10 वर्षीय बालक को बरही पुलिस ने सुरक्षित परिजनों से मिलाया



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** ग्रामीणों की सूचना पर एक अज्ञात भटके हुए बच्चे को बरही पुलिस ने सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाया। बरही थाना के सब इंस्पेक्टर सुरजीत कुमार ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे देवचंदा मोड़ के समीप लगभग 10 वर्षीय एक अनजान बच्चा भटकता हुआ देखा गया, जो अपना नाम व पता बताने में असमर्थ था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार को दी। सूचना को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी ने आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देशानुसार सब इंस्पेक्टर सुरजीत कुमार गश्ती दल के साथ देवचंदा मोड़ पहुंचे और बच्चे को अपने संरक्षण में लिया। काफी पूछताछ के बाद बच्चे की पहचान रहमत नगर जिला धनबाद निवासी मो. एहसान के 10 वर्षीय पुत्र मो. रेहान के रूप में हुई। तत्पश्चात इसकी सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन थाना पहुंचे और आवश्यक सत्यापन के उपरांत बच्चे को सुरक्षित उनके हवाले कर दिया गया। इससे परिजनों को पुलिस के प्रति विश्वास बच्चा अपने परिजनों के साथ सकुशल रहमत नगर पहुंच चुका है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

### चोरी की बाईक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**देवरिया।** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना बनकटा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त अजय शाह पुत्र स्व. स्वामीनाथ, निवासी ग्राम सोहनपुर, थाना बनकटा देवरिया को ग्राम सोहनपुर स्थित ईंट भट्ठे के पास से पकड़ा गया। उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर फर्जी नंबर प्लेट बी आर 29ए एच 4894, वास्तविक नंबर क्क2बीबी 7540 तथा एक अवैध चाकू बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर बनकटा थाने में मु.अ.सं. 40/2026 धारा 317(2), 341(2) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, उक्त बरामद मोटरसाइकिल से संबंधित थाना कोतवाली में दर्ज मु.अ.सं. 20/2026 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण भी किया गया है।

## झारखंड निकाय चुनाव- 2026, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने किया मतदान

**●लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें, वोट जरूर करें, नगर निकायों में सुशासन और विकासयुक्त शासन स्थापित करें : मनीष जायसवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड नगर निकाय चुनाव-2026 के दौरान लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और सुबह ही अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग नगर निगम के वार्ड संख्या 27 स्थित मुनका बगीचा धर्मशाला ( दक्षिणी भाग) में बालिका मध्य विद्यालय, कुम्हारटोली अवस्थित अपने बूथ संख्या 04 पर पहुंचे, जहां मतदान से पूर्व की सारी प्रक्रिया पूरी कर लोकतंत्र के स्पर्म में अपने मत का उपयोग किया। सांसद मनीष जायसवाल स्काई ब्लू रंग के कुर्ते में बूथ पर पहुंचे। यहां उन्होंने मतदान करने पहुंचे कई लोगों से मिलकर उनका आभार जताया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के सभी जिलों के मतदाताओं से अपील किया अपने-अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें, वोट जरूर दें और अपने पसंद का नगर की सरकार चुनकर अपने नगर निकायों में सुशासन और विकास युक्त शासन स्थापित करें। यहां मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर की सरकार का गठन होने जा रहा है। यह हमारे दैनिक जीवन की आधारशिला है। हमारी सुबह की स्वच्छता से लेकर, रात की स्ट्रीट लाइट और घर की नल में आने वाले पेयजल तक सब कुछ इसी नगर निकाय से संचालित होता है। इसलिए नगर के सर्वांगीण विकास और सुशासन के लिए आपका घर से निकलकर बूथ तक पहुँचना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त होगा, जब इसके सभी स्तंभ पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपनी भूमिका निभाएंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि आज मतदान के दौरान मैंने एक व्यक्तिगत विडंबना का अनुभव किया। चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट प्रबंधन की त्रुटि के कारण आज मेरे ही परिवार का विभाजन हो गया। मेरा संपूर्ण परिवार वार्ड संख्या 28 में है, जबकि मुझे अकेला वार्ड संख्या 27 में डाल दिया गया। यह अत्यंत चिंता का विषय है कि एक ही घर दो अलग-अलग वार्डों में कैसे हो सकता है? अमूमन मतदान एक पारिवारिक उत्सव होता है जहाँ पूरा परिवार एक साथ वोट देने निकलता है। लेकिन आज जब मैं अकेला वोट देने निकला, तो मन में यह मलाल था कि ऐसा प्रशासनिक बंटवारा उचित नहीं है। यदि एक जनप्रतिनिधि के साथ ऐसी त्रुटि हो सकती है, तो आम जनमानस को अपने बूथ ढूंढने में कितनी कठिनाई हो रही होगी, इसका अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है। मेरा जिम्मेवार अधिकारियों से यह विनम्र आग्रह है कि भविष्य में वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण को और अधिक संजीदगी और सूक्ष्मता से किया जाए, ताकि किसी भी मतदाता को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने में असुविधा न हो।

## रमजान के पाक महीने में सरकारी कर्मचारियों को शाम 4 बजे तक मिले छुट्टी : मो वारिश अंसारी

**●कोनरा के समाजसेवी ने सरकार से की विशेष व्यवस्था की मांग, रोजेदार कर्मचारियों को राहत देने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा निवासी समाजसेवी मो वारिश अंसारी ने रमजान के पवित्र महीने को देखते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों को शाम 4 बजे तक विशेष छुट्टी दी जाए। उन्होंने कहा कि रमजान आत्मसंयम, इबादत और सेवा का महीना है, ऐसे में रोजा रखने वाले कर्मचारियों को कार्य के साथ-साथ धार्मिक दायित्वों के निर्वहन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मो वारिश अंसारी ने कहा कि रमजान के दौरान रोजेदार सुबह सहरी से लेकर शाम तक बिना भोजन और पानी के रहते हैं। दिनभर की ड्यूटी के बाद इफ्तार, नमाज और अन्य धार्मिक कार्यों की तैयारी करनी होती है। ऐसे में यदि सरकार कार्यालय समय में एक घंटे की छूट दे दे तो कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी और वे बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन भी कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कई राज्यों में पहले भी त्योहारों और विशेष अवसरों पर कर्मचारियों को समय में छूट दी जाती रही है। इसलिए रमजान जैसे पवित्र महीने में मानवीय आधार पर यह निर्णय लिया जाना चाहिए। इससे सरकार की धर्मनिरपेक्ष और संवेदनशील छवि भी मजबूत होगी। समाजसेवी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी यह मांग किसी विशेष सुविधा के लिए नहीं, बल्कि रोजेदार कर्मचारियों की सेहत और धार्मिक भावनाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए की गई है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि इस विषय पर सकारात्मक पहल कर आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि रमजान के दौरान रोजा रखने वाले कर्मचारियों को सहूलियत मिल सके।

### हजारीबाग में 87 वर्षीय ब्रजकिशोर जायसवाल ने व्हीलचेयर पर पहुँचकर किया मतदान, पेश की लोकतंत्र की मिसाल



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत आज हजारीबाग में लोकतंत्र की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के पूज्य पिता और हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने अपनी शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 87 वर्षीय ब्रजकिशोर जायसवाल ने वार्ड संख्या 28 स्थित उर्दू स्कूल, काजी मुहल्ला के बूथ केंद्र पर व्हीलचेयर से पहुँचकर वोट डाला। इस उम्र में भी मतदान के प्रति उनका यह जज्बा देख वहां मौजूद अन्य मतदाता और चुनाव कर्मी बेहद प्रभावित हुए।

## विष्णु महायज्ञ हेतु भूमि पूजन से लोगों में दिखी उल्लास की झलक

**●विष्णु महायज्ञ से बिखरेगी प्रखण्ड के चहुँ ओर आध्यात्मिक सुरभि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** यज्ञ सनातन संस्कृति की अमूल्य निधि है। यज्ञ पूर्णतः वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होते हुए इसके व्यापक अर्थ में संगतिकरण का भाव निहित है। यज्ञ केवल धार्मिक कर्मकांड ही नहीं है अपितु लोक रंजन का सशक्त सेतु भी है। वहीं यज्ञ के वैज्ञानिक पक्ष की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि यज्ञ वेदी पर निर्मित हवन कुंड में होमी गई आम, पाकड़ आदि विभिन्न वृक्षों की समिधाएं व हवन सामग्रियों का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि देव-दानवों के अलावा याज्ञवल्क्य, पराशर, संदीपनी, अगस्त्य, विश्वामित्र सहित ऋषि-महर्षियों ने विधिवत यज्ञ का अनुष्ठान कर दुर्लभ सिद्धियां प्राप्त कीं। शास्त्रोक्त रीति-नीति से यज्ञ कर दशानन रावण और बड़े-बड़े राजाओं ने मनोवांछित फल प्राप्त किए। यज्ञ से देवों को बल मिलता है एवं वे प्रसन्न होकर मानव के सारे मनोरथ पूर्ण करते हैं।

हालांकि सनातन सांस्कृतिक मूल्यों में उल्लेखित यज्ञ की महत्ता बताना संभव नहीं है। यदि इसके एक पक्ष संगतिकरण को भी हम साकार रूप में लें तो मानवीय हित को संबल मिलता रहेगा। अस्तु, विगत कई वर्षो के उपरांत प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित रामलल्ला यज्ञ मैदान में पुनः विष्णु महायज्ञ के भव्य आयोजन किए जाने से प्रखण्डवासियों में अपूर्व उत्साह और उल्लास से प्रखण्ड का कण-कण रोमांचित होता दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर विष्णु महायज्ञ के आयोजन से पाकुड़िया प्रखण्ड में आध्यात्मिक सुगंध बिखरने से लोगों के मन-मस्तिष्क में अपूर्व उत्साह का संचार होगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा। इससे लोगों में सामाजिक सद्भाव की वृद्धि होगी और नकारात्मक भाव का लोप होता दिखेगा। विष्णु यज्ञ के विशाल आयोजन और मनोरंजन की सामग्री आने तथा संध्या को बंगला, संथाली व लाल मोहन तिवारी की मनोहारी शैली में हिन्दी, बंगला, खोरठा भाषा में श्रीराम विवाह, शिव-पार्वती सहित कई आख्यायिकाओं की प्रस्तुतियों से प्रखण्डवासियों की उत्सुकता बढ़ती दिख रही है और 21 से 29 अप्रैल की वेला की प्रतीक्षा में लोग पलकें बिछाए बैठे हैं। यज्ञ समिति के उत्साही तरुणों के प्रति लोगों ने बधाई दी है और विश्वास जताया है कि वे विष्णु महायज्ञ के आयोजन में पूर्णतः सफल होंगे।

## 32वां केसरवानी मिलन समारोह का भव्य आयोजन, समाज की एकता और उत्थान पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** सोमवार को पटना रोड स्थित केसरवानी आश्रम के प्रांगण में 32वां केसरवानी मिलन समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष बिनोद केशरी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के संगठन मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी तथा विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के उपाध्यक्ष सह व्यवसायिक संघ अध्यक्ष कपिल केशरी एवं झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पूर्व संगठन मंत्री महेंद्र केशरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। समारोह के दौरान समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार, युवा वर्ग के मार्गदर्शन तथा सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में बिनोद केशरी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सहयोग एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से एकजुट होकर समाज के उत्थान एवं प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन मंत्री भगवान केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की मजबूती शिक्षा, संगठन और संस्कार से आती है। उन्होंने युवाओं को नेतृत्व के लिए आगे आने तथा सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि व्यवसायिक संघ अध्यक्ष कपिल केशरी ने कहा कि व्यवसाय, शिक्षा और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में समाज को संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। संगठित प्रयास से ही समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। वहीं झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पूर्व संगठन मंत्री महेंद्र केशरी ने कहा कि मिलन समारोह केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने समाज की निरंतर प्रगति के लिए सामूहिक सहयोग पर बल दिया। समारोह के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। नंदिनी केशरी के नेतृत्व में आदर्श केशरी, ओम केशरी, पूजा केशरी, गुड्डू केशरी, आशीष केशरी, मून केशरी, अनमोल केशरी एवं रीतीक केशरी ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली मंच संचालन राजेश केशरी एवं नंदिनी केशरी द्वारा किया गया। भोजन की व्यवस्था महेंद्र केशरी के सौजन्य से की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष बिनोद केशरी, महामंत्री उदय केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक केशरी, संरक्षक सह मार्गदर्शक संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू, पूर्व नगर सचिव रत्नेश्वर केशरी, पूर्व पंचायत अध्यक्ष दसरथ केशरी, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज केशरी, संगठन मंत्री शंकर केशरी, सह सचिव आशीष केशरी, मीडिया प्रभारी राजेश केशरी उर्फ मेवालाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनटीपीसी के सौजन्य से कारियातपुर प्लस टू उच्च विद्यालय में खेल सामग्री का वितरण

**●सांसद मनीष जयसवाल के प्रयास से तीन विद्यालयों को मिली खेल सामग्री**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल के प्रयास से एनटीपीसी के सौजन्य से प्लस टू उच्च विद्यालय कारियातपुर में खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर, उच्च विद्यालय बरकट्ठा तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर के विद्यार्थियों के बीच विभिन्न खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि मणिलाल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि सह बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट सहित अन्य आवश्यक खेल उपकरण प्रदान किए और उन्हें खेल के प्रति जागरूक रहने तथा पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने माननीय सांसद से विद्यालय की अधूरी चाहरदीवारी को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि चाहरदीवारी पूर्ण हो जाने से विद्यालय परिसर सुरक्षित होगा और शैक्षणिक वातावरण और बेहतर बनेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मणिलाल यादव ने कहा कि सांसद मनीष जयसवाल शिक्षा और खेल के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। खेल सामग्री मिलने से बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और वे जिला व राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। सांसद प्रतिनिधि सह बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ खेल एवं पढ़ाई में आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास, उपमुखिया संतोष प्रजापति, प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश ठाकुर, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पंचायत कर्मियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित पंचायत सचिवों का द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में मुखिया, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर कार्यों की पारदर्शिता, जवाबदेही और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के दौरान विभागीय पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं, ऑनलाइन कार्य प्रणाली, अभिलेख संधारण, वित्तीय प्रबंधन तथा ग्रामीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को पंचायतों में चल रही योजनाओं के बेहतर संचालन, रिपोर्टिंग प्रणाली और जनहित से जुड़े कार्यों के निष्पादन के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में बेहतर प्रशासन और सेवा प्रदान करने में करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी बताते हुए विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण देने में वालों में कामेश्वर कुमार सिंह, ममता देवी, प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मुखिया शमशेर आलम, सिकंदर राणा, उषा देवी कुमारी मीरा, पंचायत सेवक ललिता कुमारी, प्रियंका प्रकाश, संजू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी पंचायत सहायक संतोष कुमार, बजरंगी प्रसाद केसरी, मनोज कुमार, अमर प्रकाश रवि, प्रमिला देवी, रानी देवी, मधुबाला देवी, प्रियंका कुमारी, सरिता देवी, प्रियंका कुमारी मंटू कुमार, शत्रुघन कुमार, सिकंदर कुमार, मनोज कुमार, पिंटू कुमार रजक, हसबून निशा, विनोद कुमार, नकुल कुमार, मिथुन कुमार इत्यादि शामिल हुए।

## समस्याओं के निदान के लिये लेखपालों ने शोहरतगढ़ में बैठक कर बुलंद किया आवाज

**●तहसील लेखपाल संघ भवन सभागार शोहरतगढ़ में समस्याओं को लेकर बैठक करते लेखपाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** तहसील लेखपाल संघ भवन सभागार शोहरतगढ़ में लेखपालों की समस्याओं को लेकर लेखपाल संघ ने बैठक कर एकजुटता से समस्याओं के निदान के लिये आवाज बुलंद कर प्रशासन से शीघ्र समस्या समाधान की मांग किया। लेखपाल संघ तहसील इकाई अध्यक्ष आशीष संगम ने कहा कि अधिकारियों को कई बार लिखित व मौखिक अनुरोध के बावजूद अधिकांश समस्याओं का समाधान अब तक नहीं हो सका है, जिससे लेखपालों का मनोबल प्रभावित हो रहा है तथा सरकारी कार्यों एवं जनसेवा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लेखपालों की समस्या की अनदेखी की जा रही है। समस्याओं के निदान के लिये संघ एकजुटता से लड़ाई लड़ेगा। मंत्री रजनीश कुमार विश्वकर्मा ने पूर्व में उपजिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापनों की चर्चा करते कहा कि जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्त के प्रकरण में तहसीलदार द्वारा लंबित जांच रिपोर्ट पर शीघ्र कार्रवाई करने, लेखपालों का फरवरी माह का रोका गया वेतन अविलंब जारी करने व जगदीश चौरसिया, ओम प्रकाश एवं दुर्गेश शर्मा के विरुद्ध लंबित विभागीय कार्यवाही को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर समाप्त करने की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विजय किशोर, उप मंत्री श्रीमती पूजा कुमारी, कोषाध्यक्ष अखिलेश चौधरी तथा संप्रेक्षक पंचम लाल पटेल आदि सहित तमाम लेखपाल मौजूद रहे।

## सामाजिक सद्भाव बैठक संपन्न, समाज की एकजुटता पर दिया गया बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** माधव भवन सरस्वती विद्या मंदिर कमदालालपुर में 'सामाजिक सद्भाव बैठक' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और संघ के पदाधिकारियों ने समाज में समरसता और एकता के महत्व पर गहन चर्चा की कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग सद्भाव प्रमुख ज्योतिष मणि जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए सामाजिक सद्भाव अनिवार्य है। उन्होंने भेदभाव से ऊपर उठकर एक संगठित हिंदू समाज और समर्थ भारत के निर्माण का आह्वान किया। प्रमुख उपस्थिति बैठक की अध्यक्षता हरिराम गुप्ता ने की। इस अवसर पर जिला प्रचारक अवनीश और कार्यक्रम पालक नगर संघचालक राधेश्याम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर खंड कार्यवाह श्यामलाल नगर कार्यवाह मथुरा जायसवाल, खंड प्रचार प्रमुख नंदलाल सोनी , पत्रक प्रमुखः सुनील वर्मा , नगर विस्तारकः राहुल, बैठक के अंत में वक्ताओं ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग और स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने सामाजिक एकता की दिशा में कार्य करने की शपथ ली।

# संक्षिप्त खबरें

## ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर द्वारा अभद्रता करने पर भड़के साथी अधिवक्ता, सड़क पर किया प्रदर्शन



**कोंच (जालौन)-** जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर (टीएसआई) वीर बहादुर पर अधिवक्ता गोविंद भदारी के साथ अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाते हुए उनकी तत्काल बर्खास्तगी की मांग की। प्रदर्शन के चलते न्यायालय परिसर के बाहर तनावपूर्ण माहौल बना रहा और सड़क पर यातायात भी आंशिक रूप से बाधित रहा। बड़ी संख्या में अधिवक्ता एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं का कहना था कि अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार बेहद निंदनीय है और इससे अधिवक्ता समाज में आक्रोश व्याप्त है। वहीं मामले की सूचना मिलते ही सीओ सिटी राजीव शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं से वार्ता कर स्थिति को नियंत्रित किया और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी देर चली बातचीत के बाद अधिवक्ताओं ने धरना समाप्त किया जिसके बाद सड़क पर लगा जाम खुल सका और फिर यातायात सामान्य हो सका। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत शरण मिश्रा और महासचिव पंकज खरे ने किया। बार पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आरोपी सब इंस्पेक्टर और अन्य शामिल पुलिसकर्मी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ता आंदोलन को और तेज करेंगे।

## हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित, उपस्थिति रही बेहतर

**ललितपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत सोमवार को जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की कड़ी निगरानी और परीक्षा केन्द्रों पर सुदृढ़ व्यवस्थाओं के चलते परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के विषय अंग्रेजी) में कुल 19,379 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 18,433 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। वहीं 946 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। संस्थागत परीक्षार्थियों में 10,492 बालक व 8,746 बालिकाएं पंजीकृत थीं, जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की संख्या 141 रही। वहीं इंटरमीडिएट के व्यावसायिक विषय में कुल 257 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 248 ने परीक्षा दी, जबकि 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। संस्थागत श्रेणी में 156 बालक व 98 बालिकाएं पंजीकृत थीं। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए उडन दस्तों द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

## शामिल दीवार के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम कोरवास में एक महिला के पति और बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सौरई बारी पत्नी धर्मदास कुशवाहा ने थाना सौजना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती 21 फरवरी 2026 को रात करीब 8 बजे उसके परिवार के मागीलाल, रामकिशन और राजेश ने शामिल की दीवार के विवाद को लेकर उसके पति धर्मदास को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की।बताया कि जब उसने और उसके लडक़े सतीश कुमार ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष की ओर से मागीलाल पुत्र चऊवां कुशवाहा ने बताया कि उसके भाई धर्मदास और बेटे सतीश ने शामिल की दीवार के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए उसे लाठी-डंडों से मारपीट की। पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# विधानसभा क्षेत्र में एक भी सड़क जर्जर हालत में नहीं रहने दी जाएगी- मूलचंद्र

**●नावली से एमपी सीमा को जोड़ने वाली सड़क और प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** कोंच तहसील के विकास खंड नदीगांव क्षेत्र से सीमावर्ती मध्य प्रदेश आने-जाने के लिए सड़क मार्ग को सुगम और व्यवस्थित बनाए जाने के लिए क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन का अथक प्रयास अब धरातल पर उतरता हुआ नजर आ रहा है। क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों के बाशिंदों हेतु आवागमन की उम्दा व्यवस्था के लिए विधायक ने ग्राम नावली नहर किनारे से बंगरा, रेंढर, लगामपुरा होते हुए मध्यप्रदेश सीमा तक 22 करोड़ की लागत से करीब 10.600 किमी की 7 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण कार्य का सोमवार को भूमि पूजन कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। साथ ही विधायक ने मध्यप्रदेश सीमा पर 2 करोड़ रूपये की लागत से बनाए जाने वाले प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य हेतु भी भूमि पूजन किया। विद्वतजनों द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक ने भूमि पूजन कर प्रतीक स्वरूप फावड़े से मिट्टी खोदकर सड़क और प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान मौजूद क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्षो पहले यह सड़क मात्र 3 मी. चौड़ी थी जो वर्तमान समय में क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षेत्र के लोगों की आवागमन में परेशानी को देखते हुए उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की अन्य सड़कों की तरह इस सड़क को भी नए सिरे से बनवाए जाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किया। शासन ने विकास के नए आयाम स्थापित कर इस सड़क को 7 मी. चौड़ा बनाए जाने के लिए उनका प्रस्ताव पास किया है जिसके लिए वह मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में एक भी सड़क जर्जर हालत में नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और स्नेह से विधानसभा क्षेत्र में विकास के कामों को रुकने नहीं दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस सड़क के निर्माण कार्य को पूरा किए जाने के लिए एक वर्ष का समय निर्धारित है लेकिन एक वर्ष के पहले ही निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। वहीं मौजूद क्षेत्रवासियों ने आवागमन की समस्या से अब निजात मिल सकने पर प्रसन्नता जताते हुए विधायक का माल्यार्पण और तिलक कर स्वागत सम्मान किया और आभार जताया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, भाजपा जिला मंत्री ज्योतिष सिंह कुरौती, मंडल अध्यक्ष नदीगांव अनुराग खरे, अनिल उपरिम, कमल सिंह दद्दू, लालू द्विवेदी, कृपाल सिंह प्रधान अनघोरा, भुजगेन्द्र सिंह प्रधान कुर्रा, संतराम राठौर प्रधान नावली, सुभाष पाल प्रधान सर्र, जितेंद्र द्विवेदी प्रधान डीहा, रघुवीर कुशवाहा प्रधान परावर, नीरज गुर्जर प्रधान कुसमरा सहित लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नंदकिशोर, अवर अभियंता हेमंत नामदेव, सुनील कुमार, सुनील आनंद के अलावा भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को किया गया प्रशिक्षित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर 2026 के सोमवार को तृतीय दिवस का आयोजन टीम लोटस के नेतृत्व में ध्वजारोहण के साथ बीपी सिक्स (लॉर्ड बैडेन पॉवेल) के सम्मान में संपन्न हुआ जो रोवर रेंजर आंदोलन की भावना को जीवंत करता है ध्वजारोहण के उपरांत प्राचार्य डॉ. विजय विक्रम सिंह एवं एनसीसी प्लाटून के लेफ्टिनेंट डॉ हरीशचंद्र तिवारी ने शिविर में भाग ले रही टीमों एवं क्रू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीमों की अनुशासन, तैयारी तथा शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना की गई, जो युवाओं में नेतृत्व एवं कौशल विकास के उद्देश्य को सशक्त बनाता है। द्वितीय सत्र में रेंजर प्रभारी डॉ. मधुरलता द्विवेदी ने समस्त रोवर-रेंजर सदस्यों को विभिन्न प्रकार की गांठें लगाना सिखाया। उन्होंने क्लोव हिच, बोलाइन, शीट बेंड, फिगर ऑफ ऐंठ जैसी महत्वपूर्ण गांठों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया तथा इनकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। गांठों के अनुप्रयोगों में आपदा प्रबंधन, शिविर स्थापना, प्राथमिक चिकित्सा एवं जल-उद्धार जैसे क्षेत्र शामिल थे। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अभ्यास किया जो उनके सर्वाइवल स्किल्स को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध हुआ। सत्र के अंतिम चरण में रोवर प्रभारी डॉ. भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने समस्त रोवर-रेंजर को तंबू लगाने की कला सिखाई। उन्होंने तंबू स्थापना में प्रयुक्त होने वाली विशेष गांठों (जैसे टेंशनर नॉट्स एवं गाइलाइन हिच) का विस्तृत प्रदर्शन किया। इसके अलावा संसाधनों के अभाव की स्थिति में बिना बर्तनों के भोजन बनाने की तकनीकें (जैसे स्टोन बायलिंग एवं लीफ कुकिंग) तथा सर्वाइवल स्किल्स पर जानकारी दी। इनमें जंगल में आग जलाना, जल संग्रहण, प्राथमिक उपचार एवं मानसिक मजबूती जैसे पहलू शामिल थे। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि ये कौशल न केवल शिविर जीवन में, अपितु वास्तविक जीवन की चुनौतियों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरा भाई गंभीर



**उरई(जालौन)-** रविवार की देर शाम बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। पनवाड़ी निवासी 24 वर्षीय पुष्पेंद्र अहिरवार अपने 18 वर्षीय चचेरे भाई अमन के साथ बाइक पर सवार होकर दिल्ली से घर लौट रहा था, तभी जालौन कोतवाली क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही राहगीरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया। अमन की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और एक्सप्रेस वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## दिवंगत पूर्व प्राचार्य को दी श्रद्धांजलि



**कोंच(जालौन)-** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ टीआर निरंजन का गत दिनों पूर्व आकस्मिक निधन हो जाने के बाद आयोजित त्रयोदशी संस्कार के दिन जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी, किसान नेताओं आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। कोंच ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम चमरसेना पहुंचे क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, जद यू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश निरंजन भईयाजी, तेजसिंह मास्टर, शिवशंकर पटेल झांसी, प्रो वीरेंद्र सिंह, शिवप्रसाद निरंजन बब्बू, शारदा प्रसाद भदारी, लाखन सिंह चांदनी, सुशील कुमार इमलिया, जितेंद्र सिंह भेंपता, राघवेंद्र सिंह नगरी, शैलेन्द्र कुमार भदवा, महेंद्र सिंह दिराबटी, विटोली निरंजन धनतौली, कुसुम निरंजन भदवा, मिथिलेश निरंजन दिरावटी, सुनीता निरंजन किशुनपुरा आदि ने दिवंगत पूर्व प्राचार्य के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संचालन मनोहर पटेल किशुनपुरा ने किया जबकि आभार डॉ महेश्वरी व प्रीति निरंजन ने व्यक्त किया।

## एसडीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** एसडीएम ज्योति सिंह ने सोमवार को नगर के हाटा क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षण सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आवासीय छात्रावास की व्यवस्था देखी। पंजीकृत 161 छात्राओं में 100 छात्राएं मौके पर उपस्थित मिली जबकि 3 शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाई गई, जिनमें ऋतु वर्मा आकस्मिक अवकाश पर थीं जबकि रूबी और प्रमिला बीते माह जनवरी से ही लगातार अनुपस्थित पाई गई। अनुपस्थित छात्राओं की एसडीएम ने समुचित जानकारी हासिल की। स्टेशनरी एवं बाथकिट की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। लक्ष्मी ट्रेडर्स द्वारा उपलब्ध कराई गई खाद्य सामग्री का निरीक्षण करने पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक नही पाई गई। विद्यालय में निर्माणाधीन बिल्डिंग की जांच करने पर पाया गया कि बिल्डिंग का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा एसडीएम ने शिक्षण कक्षों, रसोई, शौचालय में साफ सफाई, पेयजल, बिजली आपूर्ति, पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस की व्यवस्था देखी, साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से छात्रावास के गेट, खिड़की और चौकीदार की स्थिति जांची। एसडीएम ने निर्माणाधीन बिल्डिंग निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक न मिलने पर जेई को नोटिस दिए जाने की बात कही है। वहीं अनुपस्थित दोनों शिक्षिकाओं पर कार्यवाही किए जाने, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता ठीक न मिलने पर संबंधित ट्रेडर्स को नोटिस दिए जाने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए। इस दौरान विद्यालय की वार्डन सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## लूट की फर्जी सूचना देने वालों का शांतिभंग में चालान

**कोंच(जालौन)-** पुलिस को लूट की फर्जी सूचना देना तीन लोगों को भारी पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने फर्जी कॉल की पुष्टि होने के बाद तीनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी देवेंद्र कुमार, मुहर सिंह व संजीव रजक रविवार रात कस्बे के पंचानन चौराहा पर किसी बात को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। इसी दौरान इनमें से किसी एक व्यक्ति ने यूपी 112 पर कॉल कर लूट की फर्जी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही यूपी 112 की गाड़ियां और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच-पड़ताल और पूछताछ में मामला फर्जी पाए जाने पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। सोमवार सुबह कोतवाली पुलिस ने तीनों का शांतिभंग में चालान कर दिया। कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह का कहना है कि मुहर सिंह ने 15 हजार रुपये की लूट हो जाने की सूचना दी थी। मौके पर जांच पड़ताल में मामला फर्जी पाया गया जिसके बाद तीनों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

## शिक्षक हत्याकांड के फरार इनामिया दो अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** बीते दिनों पूर्व सरकारी शिक्षक का अपहरण कर उसकी हत्या करने और शव को सीमावर्ती मध्यप्रदेश के थाना सेवढ़ा क्षेत्र में फेंके जाने की घटना में शामिल 25-25 हजार के इनामिया दो फरार चल रहे अभियुक्तों को थाना नंदीगाव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक जोन कानपुर एवं उप महानिरीक्षक जोन झांसी के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी कोंच के निर्देशन में थानाध्यक्ष नदीगांव शशिकांत चौहान ने वरिष्ठ उप निरीक्षक राजकुमार, कांस्टेबल मनोज दीक्षित, अंकित मलिक, सुमित मिश्रा के साथ मिलकर फरार चल रहे अभियुक्त वाहिद (19) पुत्र नवाशे शाह मूल निवासी ग्राम सिरासुल थाना बिल्सी बदायूं हाल निवासी झुग्गी झोपड़ी कालोनी थाना भारतनगर दिल्ली एवं प्रेम (19) पुत्र स्व. हेमराज निवासी दिल्ली को मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम उरई रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उक्त दोनों फरार अभियुक्तों पर पुलिस अधीक्षक ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। विदित हो कि नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम परासनी में प्राथमिक सरकारी शिक्षक के पद पर पदस्थ राघवेंद्र सिंह पुत्र स्व. मनीराम वर्मा निवासी शिवाजी नगर झांसी का बीती 10 फरवरी को अपहरण कर हत्या कर दी थी और शव को मध्यप्रदेश के थाना सेवढ़ा क्षेत्र में फेंक कर अभियुक्त फरार हो गए थे। मामले में कुल 8 अभियुक्तों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें से 6 अभियुक्तों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी और बाकी के दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सोनांचल कप रोमांचक मुकाबले में आगरा ने बलिया को 3 रनों से दी शिकस्त

**●कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा, सोनभद्र।** स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित 23वें सोनांचल कप राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट प्रेमियों को एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आगरा और बलिया के बीच खेले गए इस मैच में अंत तक सस्पेंस बना रहा, जहाँ अंततः आगरा ने 3 रनों की करीबी जीत दर्ज कर बलिया को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि सीआईएसएफ (ष्ठद्धस्स्न) ओबरा यूनिट के कमांडेंट सतीश कुमार सिंह रहे। उन्होंने मैदान पर पहुँचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे दिव्य आयोजन ग्रामीण और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए अपने आशीर्वाद और सहयोग का आश्वासन दिया। टॉस जीतकर आगरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हालांकि, बलिया के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से आगरा को बांधे रखा। पूरी टीम 24.4 ओवर में 131 रनों पर सिमट गई। शुभम गुप्ता ने 36 गेंदों पर 30 रनों की सधी हुई पारी खेली। हिमांशु सिंह ने 25 गेंदों पर 27 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बृजेश बिंद ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में मात्र 16 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि नवनीत वर्मा ने 3 विकेट लिए। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बलिया की टीम जीत के बेहद करीब पहुँच गई थी, लेकिन पूरी टीम 128 रनों पर ढेर हो गई। आदित्य सिंह ने 55 गेंदों पर 42 रनों की जुझारू पारी खेली। प्रशांत तिवारी ने 18 गेंदों पर 24 रन बनाकर उम्मीदें जगाई थीं। देवरत झा ने 4.5 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए और मृत्युंजय ने 5 ओवर में केवल 11 रन देकर 2 अहम विकेट चटकाए। आगरा के मृत्युंजय को उनके शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार अरुण प्रजापति और नाइन स्टार ओबरा के सीनियर खिलाड़ियों द्वारा प्रदान किया गया।

## नाराहट महरौनी मार्ग पर सडक़ किनारे पटरी ना बनने से हो रहे हादसे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नाराहट।** नेशनल हाईवे 44 गौना नाराहट महरौनी मार्ग पर सडक़ किनारे पटरी ना बनने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। इसके साथ कस्बे के पास चकरा के पुल के पहले बनी पुलिया की चौड़ाई तो बढ़ा दी परन्तु चौड़ी हुई पुलिया को भरा नहीं गया। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सडक़ किनारे,पुलिया के पास लोगो के मकान भी बने हुए हैं। कुछ लोगों ने तो खुद के खर्च से सडक़ किनारे की पटरी बना ली बाकि लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सडक़ बनाने वालों ने ना तो पुलिया को भरा और ना ही रोड की पट्टी बनाई। रोड के बगल में खाई बनी हुई है। जब चार पहिया वाहन एक दूसरे को क्रॉस करते हैं तो डर लगा रहता कि ऐसा ना हो कि नीचे गिर जाए। जब बड़ा वाहन आता है तो दो पहिया वाहन वालों को इतनी भी जगह नहीं मिलती कि वो अपना दो पहिया वाहन खड़ा कर ले या सुलभता से वो निकल सके। बगल में काफी गहराई है जिससे आने जाने वाले लोगों को डर सताता रहता है कि ऐसा ना हो कि कभी रोड से नीचे उतर जाए और गहरे गड्ढों में ना गिर जाए।

वैसे घटनाएं तो होती रहती है पर कभी कोई बड़ा हादसा ना हो जाए इसका डर लोगो के जेहन में बैठा हुआ है। नाराहट महरौनी मार्ग जो नेशनल हाईवे 44 को जोड़ता है इस मार्ग को बनवाने के लिए काफी प्रयास किया गया। जो हाल ही में बन कर तैयार हुआ है जिससे महरौनी क्षेत्र से आने वाले लोगों को सागर एवं बीना जाने के लिए समय के साथ पैसों की भी बचत हुई है। यहां तक कि टीकमगढ़ छतरपुर से आने वाले लोगों को भी इसका फायदा हुआ है। और इस रोड पर दिन रात वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यहां हजारों की संख्या में वाहनों का गुजरना होता है। एक तरफ जहां लोगों को समय के साथ पैसों की बचत हो रही है तो बही दूसरी तरफ लोगों की जान जोखिम में बनी रहती है। क्यों कि जब तक यहां रोड खराब थी तो वाहनों की आवाजावी कम थी और वाहन भी कम गति से चलते थे।क्यों कि रोड खराब की वजह से लोग बहुत से बहुत बीस या तीस की गति से ही चल पाते थे। परन्तु जब से यह रोड बनी तब से वाहनों की संख्या बढने् के साथ साथ गति भी बढ़ गई है। और वाहन तेज गति से भागने लगे हैं। अब बात आती है कि जब इतनी अच्छी सडक़ बनवा दी गई है तो फिर रोड के किनारे की पटरी क्यों नहीं बनाई गई। और ना ही पुलिया को सही किया गया। किनारे की पटरी ना बनना एवं पुलिया का सही नहीं होना दर्शाता है कि कोई बड़े हादसे के इंतजार में है प्रशासन।कोई बड़ा हादसा हो इससे पहले प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## चकबंदी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**●खेती में आ रही दिक्कतों का हवाला, ग्राम क्योलारी को सूची में शामिल करने की मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील पाली क्षेत्र के ग्राम क्योलारी के ग्रामीणों ने गांव में चकबंदी लागू कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेत छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे होने के कारण खेती-किसानी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम क्योलारी की अधिकांश कृषि भूमि बिखरी हुई और अलग-अलग स्थानों पर स्थित है। इसके चलते किसानों को जुताई, बुवाई, सिंचाई और फसल की देखरेख के दौरान अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ता है। कई बार खेतों तक ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्र ले जाना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के कुछ किसानों की जमीन दूसरों के कब्जे में बंटी हुई है, जिससे भूमि पर स्वामित्व और उपयोग को लेकर विवाद की स्थिति बनती रहती है। ऐसे में चकबंदी होने से सभी किसानों की भूमि एक जगह समेकित हो जाएगी और वे अपनी पूरी जमीन पर व्यवस्थित ढंग से खेती कर सकेंगे। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि यदि ग्राम क्योलारी को चकबंदी गांवों की सूची में शामिल कर दिया जाए तो न केवल खेती आसान होगी, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर गांव को चकबंदी योजना में शामिल करने की मांग की है। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय करेगा, जिससे वर्षों से चली आ रही खेती संबंधी परेशानियों से राहत मिल सके।

## धूमधाम से मनाया गया आठवें तीर्थंकर चंद्र प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व

**●कस्बे में विमान के साथ निकली भव्य शोभायात्रा**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जाखलौन।** सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा फाल्गुन सुदी सप्तमी, सोमवार को आठवें तीर्थंकर 1008 चंद्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें चंद्रप्रभु जिनालय जाखलौन में सुबह मंगलाष्टक, ध्वजारोहण, महामत्काभिषेक, शांति धारा,निर्माण लाड़ू, विधान, कार्यक्रम, सकल दिगंबर जैन समाज जाखलौन द्वारा पंडित संतोष जैन अमृत के मंगल निर्देशन में किया गया। भक्ति संगीत की स्वर लहरी में जिनभक्त विभोर होकर थिरकते नजर आए। इसके बाद दोपहर में विमान के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा जिसमें गाजे बाजे भी रहे शामिल, जो मंदिर जी से मेन बाजार होकर पाली तिराहे से बापिसी होकर जिसमे समस्त जैन समाज द्वारा अपने अपने घर के सामने रंगोली बनाकर भगवान की आरती कर धर्म लाभ लिया इसके बाद जैन धर्मशाला में श्री श्री 108 चंदा प्रभु भगवान का अभिषेक किया गया,और और आसपास से पधारे संभ्रांत भक्तजन भी विमान शोभा यात्रा में शामिल हुई, पधारे हुए संभ्रांत भक्तजनों का सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा माला पहनकर सम्मान किया गया। श्री श्री 1008 चंद्र प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व पर नवयुवक मंडल समिति द्वारा वात्सल्य भोज का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस दौरान समाज के जगदीश प्रसाद जैन, मोदी शिखर चंद जैन, महेंद्र सिंह बुंदेला,मोदी संतोष जैन, दीपक जैन, संतोष जैन चौधरी, सुरेश जैन मोदी, संजय सिंघई,सुनील सिंघई,अंकित सिंघई, अशोक कुमार लोहिया, अखिलेश जैन, ऋषभ जैन, श्रेयांश जैन,विकास जैन, आशीष जैन, मोदी प्रदीप कुमार जैन, राजू जैन, अनुज जैन,सचिन जैन,राजेश गोस्वामी, दीपक पुरोहित, चऊदे कुशवाहा, संदीप राजा, राहुल यादव, रामकुमार साहू, प्रमोदसाहू, जहेश साहू, राजकुमार राय,सेलू राजा, शिवम विश्वकर्मा, शिवम झा, उमाकांत मिश्रा, डॉ अरविंद पटेल, आदि लोग उपस्थित रहे। भव्य शोभा यात्रा में पुलिस कभी रहा काफी सहयोग रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## एडीजी जोन आलोक सिंह ने की जनसुनवाई



**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनसुनवाई के दौरान कानपुर जोन के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों से कार्यालय में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों/शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। कानपुर जोन पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान एवं न्याय दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के माध्यम से जनता और पुलिस के मध्य विश्वास एवं संवाद को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य



**टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध अभियान में शामिल शोहरतगढ़ के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधा**

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में सभी शिक्षकों ने सोमवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( टीएफआई ) के आह्वान पर सोमवार को स्कूल पहुंचकर बाहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य में शामिल हुए। टीईटी के अनिवार्यता को लेकर शिक्षक पिछले कई दिनों से आंदोलन अभियान चला रहे हैं। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश पर शिक्षकों ने तीन दिन के अभियान के तहत काली पट्टी बांधने के पहले दिन सोमवार को एकजुट होकर बाहों में काली पट्टी बांधकर काले कानून का विरोध जताया। ब्लॉक इकाई अध्यक्ष लालजी यादव व जिला प्रचार मंत्री मुस्तन शेरुल्लाह सहित सभी संगठनों के पदाधिकारी व शिक्षकों ने एकजुटता से टेट की अनिवार्यता को लेकर विरोध व्यक्त किया। सभी शिक्षकों ने कहा कि अगर सरकार ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## घाटमपुर में वायुसेना जवान से पुलिस ने की मारपीट, डीसीपी से शिकायत

**घाटमपुर।** घाटमपुर कस्बे के जहानाबाद रोड पर बीती रात को वायुसेना जवान के साथ पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगा है,जवान छुट्टी पर घर आया था,, और रात में एक शादी समारोह से लौट रहा था, डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने एडीसीपी को जांच सौंपी है, वहीं कस्बा चौकी पुलिस ने मारपीट के आरोपों से नकारा है, पुलिस के मुताबिक पूछताछ करने पर जवान ने गाली गलौज की, जिसके बाद उसके खिलाफ शांतिभंग की धारा में कारवाई की गई।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी हुई खाक



**लालगंज प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से लगी आग से छप्परनुमा मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। लीलापुर थानान्तर्गत इटौरी पूरे मकन गांव निवासी मलूक भारती के छप्परनुमा मकान में सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। इससे घर में रखे पचास हजार की नकदी समेत गृहस्थी के सामान व जरूरी कागजात जलकर राख हो गये। आगजनी में एक भैंस व एक गाय की भी झुलसने से मौत हो गयी। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे। सूचना पर फायर बिग्रेड टीम भी पहुंची। फायर बिग्रेड कर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची राजस्व टीम ने नुकसान का जायजा लिया और उचित शासकीय सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कला और विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए 50 विद्यालयों के 600 छात्र, विजेता पुरस्कृत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** यहां आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता 2025-26 के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस प्रतियोगिता में 50 विद्यालयों के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना था। इस भव्य आयोजित किए गए कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दक्षिण के एडीसीपी योगेश कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने पर जोर दिया कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।

बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हुए देश और समाज के हित में सार्थक शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने 100 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसके प्रमुख आकर्षणों में - चंद्रयान-3, ऑर्गेनिक फार्मिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, 3ष्ठ होलोग्राम आदि पर आधारित प्रोजेक्ट शामिल रहे। इसमें सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल को पुरस्कार दिया गया। इस अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता में छात्र / छात्राओं ने महाकुंभ का दृश्य, बनारस घाट, 2050 में भारत का दृश्य, दुनिया मेरे सपनों की इत्यादि विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उतारा। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर संबोधित करते हुए संस्था के प्रखर शिक्षाविद प्रधानाचार्य साकेत सिंह ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है, विज्ञान हमें तर्क देता है और कला हमें संवेदनशील बनाती है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक और हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले व्यवहार कुशल समाज सेवी श्री राम प्रकाश मिश्रा, श्री ब्रह्म प्रकाश मिश्रा, निदेशक श्री आशीष मिश्रा के साथ ही श्रुति पाण्डेय, शिक्षिक प्रतिनिधि श्रीमती दिव्या त्रिवेदी, श्रीमती अनुराधा शुक्ला सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 15 अप्रैल को होगा पंचायत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ( पंचायत एवं नगरीय निकाय ) शिव सहाय अवस्थी ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरी प्रक्रिया संपन्न कर 15 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जनसामान्य के लिए किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 मार्च तक दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी।21 फरवरी से 16 मार्च तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही की जायेगी। 17 मार्च से 13 अप्रैल तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदान स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि की कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगें तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

# सजेती क्षेत्र में ट्रैक्टर निकालने पर बवाल, दलित का घर फूंका

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र में बीतीं देर शाम ट्रैक्टर निकालने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद थोड़ी ही देर में हिंसक झडप में बदल गया, दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चलें, आरोप है कि दबंगों ने दलित परिवार के घर के बाहर रखें छप्पर में आग लगा दी,,और चार राउंड हवाई फायरिंग की, लाठी डंडे और फरसे के हमले से चार लोग घायल हो गए, आपको बताते चलें कि सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरा मामला मढ़ा गांव का है,,अपना भौकाल दिखानें के लिए हमला कर दिया पूरा विवाद रास्ते को लेकर हुआ है, हमले में चार लोग घायल हुए हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया गया, जहां पर घाटमपुर की विधायक सरोज कुरील ने अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना, उन्होंने डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी को फोन कर के मामले की जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा है, बताया कि सरगांव निवासी ग्राम प्रधान निधि यादव पत्नी अजीत यादव का बेटा अभय सिंह यादव शनिवार देर शाम भूसा लदा ट्रैक्टर ट्राली लेकर मढ़ा गांव से होते हुए घाटमपुर जा रहा था मढ़ा गांव में महेश सखवार के घर के बाहर उनकी मिक्सर मशीन खड़ी थीं और भैंस भी बधी थीं,, और आगे सरकारी कोटा का राशन लदा ट्रक खड़ा था, रास्ते को लेकर महेश की पत्नी भाग्यवती से झगड़ा होने लगा, इसके बाद मारपीट होने लगी, भाग्यवती के बेटे कुलदीप, शिवम्, संदीप,भी आ गए, और घायल अभय सिंह को लेकर पुलिस घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए,अभय की तरफ से तहरीर दी गई, इसके बाद रात नौ बजे के आसपास चार कारों सै10/15 लोग मढ़ा गांव में धावा बोल दिया,जिसको पाया उसी को पीट दिया और छप्पर में आग लगा दी,उत्पात मचाने के बाद सभी भाग गए, इसके बाद घाटमपुर सर्किल का फोर्स पहुंचा, घायलों को सीएचसी लाया गया, डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपितो की तलाश में पुलिस टीमें लगा दी गई है, जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# सन्त गाडगे एक सौ पचासवीं जयन्ती संकल्प सम्मेलन

**● सपा साधु सन्तों का अपमान बर्दाश्त नही करेगी - हाजी फ़ज़ल महमूद**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर, फ्रन्टल संगठनों, बूथ प्रभारियों, पी.डी.ए मिशन, 78 वार्डो तथा पांचों विधान क्षेत्र के अध्यक्षों का पूज्य सन्त शिरोमणि गाडगे महाराज जी की एक सौ पचासीवीं जयन्ती पर सपा हाल 7- नवीन मार्केट में दिन में 2 बजे से संकल्प सम्मेलन महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सर्वप्रथम सन्त शिरोमणि गाडगे महाराज जी के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए कहा कि सन्त गाडगे महाराज जी का जन्म 23 फरवरी 1876 को अमरावती महाराष्ट्र में हुआ था। सन्त जी समाज सेवा संस्कार तथा शिक्षा तथा स्वच्छता पर विशेष महत्व देकर समाज को जागृत कर एक अभियान चलाकर युवा पीढी को आगे बढ़ाया। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा शंकराचार्य जी का अपमान कर रही है। भाजपा यदि साधु सन्तों को अपमान करेगी और उन्हें गंगा स्नान करने से रोकेगी तथा बटुकों पर लाठी चलायेगी। यह संस्कार बीजेपी किस पीढ़ी को दे रही है। जिससे सन्तों के साथ इस कृत से, सपा ने इसे गम्भीरता से लिया है और सपा सन्तों पर अन्याय बर्दाश्त नही करेगी। सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा सपा सन्तों के सम्मान के साथ संस्कार अभियान चला कर युवा पीढी को, सन्त गाडगे की नीतियों से जोड़ेंगे।

# सामूहिक वैदिक अग्निहोत्र यज्ञ का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** अवध अग्निहोत्र संघ,(८..स) लखनऊ के तत्वावधान में, अग्निहोत्र जयन्ती के पावन अवसर पर रायबरेली रोड पर माधव सेवा आश्रम में सांय काल सूर्यास्त के निश्चित समय पर सामूहिक वैदिक यज्ञ अग्निहोत्र संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में आगंतुकों एवम अग्निहोत्र-कर्ताओं ने 25 हवनपात्रों में स्वयं अग्निहोत्र करके इसके महत्व को कार्यक्रम में आये लोगों को समझाया।सामूहिक अग्निहोत्र से पूर्व 1 घण्टे का महामृत्युंजय यज्ञ भी जनकल्याण हेतु सभी के द्वारा किया गया। आपको बताते चल रहे हैं आज से 63 वर्ष पूर्व, अग्निहोत्र को पुनर्जीवित करते हुये, प्रथम अग्निहोत्र यज्ञ महानुभाव श्रीमाधव जी पोतदार ( साहिब जी ) ने आज ही के दिन 22 फरवरी 1963 में महाशिवरात्रि को बैरागढ़ भोपाल में प्रारंभ किया था,तभी से जगह जगह आज के दिन को अग्निहोत्र जयंती के रूप में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। आयोजन कर्ताओं द्वारा कार्यक्रम में आये सभी लोगों को अग्निहोत्र पत्रक एवम प्रसाद भी बांटा गया। प्रामाणिक वैदिक अग्निहोत्र के असीमित लाभ न केवल यज्ञकर्ता को बल्कि उनके परिवार, समाज और इस पूरी सृष्टि को प्राप्त होते हैं। अग्निहोत्र पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति का सबसे सरल सहज एवम सुगम उपाय है।अग्निहोत्र एक ऐसा सूक्ष्म यज्ञ है जिस पर बहुत कम खर्च में असीमित लाभ मिलता है।वस्तुतः ये परमपिता परमेश्वर के प्रति कृतज्ञता या धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए ,प्रतिदिन सूर्योदय और सूर्यास्त के निश्चित समय पर गाय के घी से मिश्रित दो चुटकी साबुत चावल अक्षत को गाय के कंडों पर अग्नि प्रज्वलित कर आहुति देकर किया जाता है, जो शारीरिक मानसिक और तमाम प्रकार की विषाणु जनित बीमारियों को वातावरण से शीघ्र मिटाने में समर्थ है।जिसे वैज्ञानिकों ने सिद्ध भी किया है। सामूहिक अग्निहोत्र यज्ञ का कार्यक्रम, अवध अग्निहोत्र संघ के रामचंद्र जी के निर्देशन में, सतीश गुप्ता, डॉ निशिकांत मिश्र, प्रदीप दीक्षित, विजय अग्निहोत्री आदि के सहयोग से अत्यंत सफल रहा।

# प्रदेश में महिलाओं का बहुत ही सम्मान है, बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता-सतीश महाना

**● विधानसभा अध्यक्ष द्वारा प्रतापगढ़ में स्पार्क विश्वविद्यालय का शिलान्यास**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार शाम को यहां प्रतापगढ़ से लगभग 15 किमी दूर नगर पंचायत गड़वारा अन्तर्गत राजापुर वार्ड में स्पार्क विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। प्रारम्भ में उन्होंने शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण, दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने सम्बोधन में महिला शिक्षा पर विशेष बल देते हुये बेटियों तथा बेटों की शिक्षा में फर्क न करने की अपील की। उन्होने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य संस्कारयुक्त शिक्षा होनी चाहिये, जिसमें समाज सेवा की भावना निहित हो। ऐसी शिक्षा से हम अपने बच्चों को संस्कार दे सकते है, जिससे वे आगे चलकर अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में महिलाओं का बहुत सम्मान है। उन्होंने कहा कि आज का युग आधुनिक टेक्नोलाजी का है। हमें टेक्नोलाजी के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है। मन मस्तिष्क पर कन्ट्रोल करने की दिशा में शिक्षा का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होने आयोजक अरविन्द श्रीवास्तव, उनकी पत्नी नीलिमा श्रीवास्तव, अंजनी सिंह व साकेत परिवार की सराहना करते हुये कहा कि महिला विश्वविद्यालय समाज को मजबूत दिशा देगा और हम उन ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि यह महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रथम महिला विश्वविद्यालय होगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष को आयोजकों द्वारा प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र व मार्ल्यापण कर सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ''मोती सिंह'' ने की। उन्होने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि उनके द्वारा जिस प्रकार विधानसभा की कार्यवाही का संचालन किया जाता है वह अद्वितीय है। उन्होने महिला विश्वविद्यालय के आयोजक अरविन्द श्रीवास्तव तथा साकेत परिवार को इस पुनीत कार्य के लिये बधाई दी। समारोह में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा के सम्बन्ध में शून्य से शिखर तक पहुंचने की जो कल्पना थी वह आज साकार हो रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की सोच महिलाओं को शिक्षा को बढ़ाने के प्रति है, उस दिशा में यह महिला विश्वविद्यालय मील का पत्थर साबिता होगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने शिक्षा पर विशेष बल देते हुये कहा कि विद्या धन सभी धनों से प्रधान है, ज्ञान ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है जो सुख का मूल आधार है। यह महिला विश्वविद्यालय शिक्षा की दिशा में बहुत ही अच्छी पहल साबित होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने किया।

समारोह में शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, नगर पालिका परिषद बेल्हा की अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ, पूर्व विधायक रानीगंज अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सिन्धुजा मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष गड़वारा के प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू, अपर महाअधिवक्ता, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पशुचर की जमीन हड़पने के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर-** इटवा तहसील क्षेत्र के खैराखास गांव से सोमवार को लगभग सौ की संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने पशुचर भूमि पर कथित अवैध कब्जे के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे खैराखास निवासी कमलेश पुत्र सीताराम ने बताया कि गांव में पशुचर ( चरागाह ) भूमि के रूप में दर्ज है, जो गाटा संख्या 9 से सटी हुई है। आरोप है कि क्षेत्र के मदलहवा गांव के एक व्यक्ति द्वारा गाटा संख्या 7 और 9 में जबरन मिट्टी पटवाकर पशुचर की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह भूमि वर्षों से गांव के पशुओं के चरने के लिए उपयोग में आती रही है और पूरे गांव की साझा संपत्ति है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद अधिकारियों ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार शिकायत के आधार पर राजस्व व संबंधित विभागों की टीम मौके पर भेजी जाएगी और तथ्यात्मक जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल खैराखास गांव में इस मुद्दे को लेकर चर्चा और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पशुचर भूमि गांव की सम्पत्ति है और इसे किसी भी कीमत पर अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना चाहिए। अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी पटाई का कार्य रात में लगातार कराया जा रहा है। जब गांव के लोगों ने इसका विरोध किया, तो कथित कब्जा करने वाले पक्ष के लोग मारपीट पर उतारू हो गए और धमकी दी। इससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। महिलाओं ने भी प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो पशुचर भूमि पूरी तरह से कब्जे में चली जाएगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम भेजकर भूमि का सीमांकन कराने, अतिक्रमण हटाने और पेड़ों की अवैध कटान की जांच कराने की मांग की। साथ ही, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने कीमांग की । ग्रामीणों ने बताया कि पशुचर भूमि पर लगभग 200 से 300 बड़े-बड़े पेड़ लगे हुए थे। आरोप है कि इनमें से दर्जनों पेड़ों को अवैध रूप से काटकर हटा दिया गया और उनकी लकड़ी को अन्यत्र भेज दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए कहा कि बिना अनुमति पेड़ों की कटान पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है, इस दौरान सचिन,भागीरथी, विजय कुमार यादव, शिव कुमार, उमेशचंद्र, राहुल, रामगोपाल, अशोक, जगदीश निषाद, विकास, भोला, आकाश, अर्जुन, जैसराम,पुष्प,राज कुमार, कैलाश शर्मा, राम रतन, रामसजीवन,रमेश निषाद,विजय कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की संवेदनशील पहल से विधवा महिला को मिली आर्थिक सहायता व अन्त्योदय कार्ड

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम एक बार फिर जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण साबित हुआ। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने दूर-दराज ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। जनसुनवाई के दौरान अदमापुर (सण्डवा चन्द्रिका) निवासी मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय पूर्णवासी को राहत प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जिला राइफल क्लब प्रतापगढ़ के खाते से त्वरित आर्थिक मदद हेतु 20 हजार रुपये का चेक उन्हें सौंपा। इसके साथ ही पूर्ति विभाग की ओर से उन्हें अन्त्योदय राशन कार्ड का लाभ भी उपलब्ध कराया गया, जिससे अब उनके परिवार को नियमित रूप से सस्ता खाद्यान्न मिल सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जल्द ही उसका भी लाभ मीरा देवी को प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी की जनसुनवाई में जिलाधिकारी को मीरा देवी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया था कि वह भूमिहीन और अत्यंत गरीब विधवा है। उनके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं और परिवार के भरण-पोषण का कोई स्थायी साधन नहीं है। पक्का मकान न होने के कारण वह एक जर्जर छप्पर में बच्चों के साथ किसी तरह जीवन यापन कर रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास और अन्त्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को अन्त्योदय कार्ड बनवाने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शीघ्र लाभ मिल सका।जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मीरा देवी को मिली आर्थिक सहायता और राशन कार्ड से उनके परिवार को राहत मिली है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति भी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने आयुष चिकित्सालयों को सुसज्जित बनाने के लिए समयबद्ध कार्यवाही का दिया निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में आयुष विभाग द्वारा जनपद में संचालित चिकित्सालयों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आयुष चिकित्सालयों में आधारभूत सुविधाओं, भवन मरम्मत, संसाधनों की उपलब्धता तथा जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना रहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो आयुष चिकित्सालय स्वयं के भवन में संचालित हो रहे हैं, उनकी आवश्यक मरम्मत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं हेतु बजट की मांग का प्रस्ताव तैयार कर निदेशक, आयुष को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाए ताकि शीघ्र धनराशि स्वीकृत हो सके और कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। पंचायत भवन में संचालित आयुष चिकित्सालयों की मरम्मत, साफ-सफाई, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यो के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।साथ ही संचालित आयुष चिकित्सालयों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित मद से उपलब्ध धनराशि एवं संसाधनों का आकलन कर मरम्मत, उपकरण व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुधारात्मक कार्यों की कार्ययोजना तैयार करें तथा विस्तृत आख्या मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें।

बैठक के अंत में यह आश्वासन दिया गया कि जनपद के सभी आयुष चिकित्सालयों को व्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाकर जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सुमन कुशवाहा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. ममता सचान, अधिशासी अधिकारी पट्टी एवं कुंडा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन




**गोपालगंज (बिहार)**– जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय के द्वारा किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान चंद्रभान गिरी , प्रखंड कुचायकोट, ग्राम बलवंत सागर द्वारा भूमि विवाद से संबंधित मामला प्रस्तुत किया गया। वहीं सुनील भगत, प्रखंड फुलवरिया, ग्राम कमलाकांत कररिया द्वारा भूमि संबंधी समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त मालती देवी, प्रखंड गोपालगंज द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया तथा राजिंद्र भगत, प्रखंड गोपालगंज, ग्राम यादोपुर द्वारा भूमि विवाद का मामला जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता दिलीप कुमार वरीय उप समाहर्ता अजय कुमार भी उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने जनता दरबार के दौरान मामलों की सुनवाई में सहयोग किया।

## एस आर एम टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य सुरियावा सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण



**सुरियावा** सोमवार 23 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य विभाग की एस आ 'यम टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर . करियाव , महजुदा व 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का टीम के डॉक्टर अजय सिंह डॉक्टर विक्रांत सिंह द्वारा चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों उपलब्ध सुविधाओं संसाधनों और उपचार व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन करना साफ सफाई दावों की उपलब्धता चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति उपकरणों तथा मरीजों को मिलने वाले सुविधाओं की बारीकी से जांच की प्रसुति वार्ड इमरजेंसी पैथोलॉजी सेवाएं लैब और टीकाकरण कक्षा पर विशेष ध्यान दिया जांच के दौरान मरीज और तीर मदारों से भी फीडबैक लिया ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा सके टीम रिकॉर्ड रजिस्टर दवा स्टॉक रजिस्टर वह अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी पड़ताल किया टीम का यह दौरा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं जवाब दे बनाने की दिशा में एक आम कदम माना जा रहा है इससे सुविधाओं में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक सुरियावां अभिषेक नाग एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा सिया।

## स्वास्थ्य गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा उपलब्ध सुविधाओं की सदस्या ने की समीक्षा



**देवरिया।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य गीता विश्वकर्मा का आज जनपद आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगावा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भलुअनी का निरीक्षण किया व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय चकरा भार्गव, भलुअनी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए बालिकाओं की नियमित शिक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को फल एवं जूस वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, मीनू जायसवाल, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका गौरा बरहज स्वेता जायसवाल, ओम प्रकाश कुशवाहा, दुर्गेश मद्देशिया, अभिषेक पाण्डेय, द्वारिका प्रसाद मद्देशिया जिलाध्यक्ष मद्देशिया समाज, मनोज मद्देशिया, विनोद मद्देशिया, मनोज तिवारी, संजीव गौतम, अरुण मिश्रा,दीपिका तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण व क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना और जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना रहा।

# श्रीभूमि जिले के मॉडल विलेज कृष्णनगर गाँव जल जीवन मिशन से वंचित! पीने के पानी की गंभीर किल्लत

●जिले के विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए।

●प्रधानमंत्री और मंत्री जयंत मल बरूआ का ध्यान आकर्षित।

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

असम के श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा के निकट स्थित मॉडल विलेज कृष्णनगर गाँव में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। राज्य सरकार द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHE) के माध्यम से इस योजना को विभिन्न क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीणों का आरोप है कि मॉडल विलेज कृष्णनगर गाँव आज भी इस योजना के लाभ से वंचित है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, वर्षों से उपयोग में आने वाले तालाब और खाल, जो पेयजल के मुख्य स्रोत थे, सूखे मौसम की शुरुआत के साथ लगभग पूरी तरह सूख चुके हैं। परिणामस्वरूप ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के तहत प्रारंभिक सर्वेक्षण तो किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यान्वयन नहीं हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी स्थिति से अवगत होने के बावजूद मौन बने हुए हैं। इससे क्षेत्र में असंतोष और रोष बढ़ता जा रहा है। सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' नीति का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने प्रश्न उठाया है कि यदि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, तो मॉडल विलेज कृष्णनगर को इस मूलभूत सुविधा से क्यों वंचित रखा गया है? समस्या के त्वरित समाधान की मांग करते हुए ग्रामीणों ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा असम के मंत्री जयंता मल्ला बरुआ का ध्यान आकर्षित किया है। उनका आग्रह है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत शीघ्र स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गाँववासियों को राहत मिल सके।

## थाना सिंहपुर पुलिस द्वारा मंदिर से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**शहडोल।** दिनांक 17.02.2026 को फरियादी प्रकाश सिंह तोमर पिता नाहर सिंह तोमर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम भानपुर, थाना सिंहपुर, जिला शहडोल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 16.02.2026 की दरमियानी रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा ग्राम भानपुर स्थित महामाया मंदिर एवं दुर्गा मंदिर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिंहपुर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही आरोपियों की तलाश की गई। जिसमें निम्नलिखित आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई–

1. पुपेन्द्र उर्फ अमन पिता विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी खैरहा
2. मोहम्मद अहेद रजा पिता सहाबुद्दीन रजा उर्फ सिंहपुरिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी खैरहा

पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से निम्न मशरूका बरामद किया गया– बरामद मशरूकाः कुल कीमत लगभग - 96,000/- रुपये बरामद मशरूका विधिवत जप्त कर उक्त आरोपियों को दिनांक 21.02.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया है। सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी सिंहपुर निरी.एम.एल.संहगडाले के नेतृत्व में, सउनि लोलर प्रसाद मिश्रा, सउनि शुभवंत चतुर्वेदी प्र.आर सत्यनारायण पाण्डेय, प्र.आर. देवेन्द्र पाण्डेय, प्र.आर. महेन्द्र सिंह, आर. हीरालाल महरा, आर. विकास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दिल्ली में आपसी रंजिश में एक व्यक्ति के जबड़े में मारी गोली, 20 दिन पहले पैरोल पर बाहर आया था बदमाश

**दिल्ली।** शाहबाद डेरी इलाके में रविवार की रात एक बदमाश ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक शख्स के जबड़े में गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। सूत्रों के मुताबिक जेल से 20 दिन पहले पैरोल पर बाहर आए एक बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया है। घायल को आनन-फानन में पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित का पता लगा रही है। शुरुआती जांच में पता चला कि पीड़ित को आपसी रंजिश में गोली मारी गई है। पीड़ित फिलहाल बयान देने की हालत में नहीं है। घायल की पहचान 36 वर्षीय राजेश पासवान के रूप में हुई है, जो बैट्री रिक्शा चलाता है। पहले दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि पूठखुर्द स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल से सूचना मिली कि शाहबाद डेरी में गोली लगने से घायल एक व्यक्ति को भर्ती किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां पता चला कि शाहबाद डेरी, एफ ब्लाक निवासी घायल राजेश को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, प्रशासन अलर्ट मोड में

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोपालगंज (बिहार)**– आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की अध्यक्षता में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संभावित संवेदनशील स्थलों की पहचान करने तथा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करना था।

बैठक के दौरान होली पर्व से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि जिले के सभी क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि होली एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक पर्व है जिसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए, इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी है कि हर हाल में शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस बल की तैनाती उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी जहां पूर्व में किसी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई हो। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों पर भी विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया ताकि किसी बाहरी तत्व द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश को समय रहते रोका जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिया कि पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से सामाजिक तनाव उत्पन्न होने की संभावना रहती है, इसलिए इस पर कड़ाई से नियंत्रण रखा जाएगा। संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि किसी भी स्थान पर नियमों का उल्लंघन न हो। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि पर्व के दौरान अफवाहों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। आम जनता से भी अपील की जाएगी कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च एवं जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम हो सके। शांति समिति के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भी सहयोग लेने पर जोर दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) रोहित कुमार, भू अर्जन पदाधिकारी अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज अनिल कुमार, वरीय उप समाहर्ता दिलीप कुमार एवं विशेष कार्य पदाधिकारी संदीप कुमार सामान्य शाखा प्रभारी अजय कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली में खुले गड्ढे और नाले बन रहे मौत का सबब सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बादल हुसैन**




**नई दिल्ली** में प्रशासनिक लापरवाही के कारण खुले गड्ढों और सीवर में गिरने से मौत का सिलसिला जारी है। हल ही में जनकपुरी में एक बाइक सवार और रोहिणी के बेगमपुर में एक मजदूर की सीवर में गिरने से मौत हुई ये घटनाएं 2026 की शुरुआत में ही सामने आई है, जो सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करतीं हैं। इस के बावजूद भी राजधानी में बिना सुरक्षा के सड़कों पर खुलाई चालु है।आप इस तस्वीर में देख सकते हैं की कीस तरह से बीना कोई बोर्ड के गड्ढे खुला हुआ है।ए नजारा है रानी झांसी रोड के कसरपुरा ईदगाह की जो मैन रोड किनारे ईदगाह की जर्जर दीवार है,वही पर एक बड़ा गड्ढा खोद कर क्षोढ रख है,जो कभी भी बडे हादसे का शिकार हो सकते हैं। वहीं इस ईदगाह की दिवार इतनी जर्जर हो चुका है की रोड के तरफ झुकी हुई है,वे कभी भी गिर सकती है, और कोई घटना में तब्दील हो सकता है।इसी रोड से नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली,सदर बाजार, करोलबाग झंडेवालान मंदिर, तथा अन्य स्थानों पर जाने के लिए काफी संख्या में लोग इन्हीं रास्ते से सफर करते हैं। बावजूद भी कोई संबंधित विभाग और नहीं ईदगाह के जिम्मेदार व्यक्ति इस पर ध्यान देने कि जहमत उठाते हैं।आ फिर एक बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहा है। जबकि मौत के मद्देनजर लोक निर्माण विभाग ने दिल्ली में भवन और अन्य निर्माण कार्य करते समय अपने कर्मचारियों के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने नींव की खुदाई और निर्माण गतिविधियों के दौरान मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल का तत्काल पालन करने का निर्देश दिया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित सुरक्षा उपायों से किसी भी प्रकार की कमी को गंभीरता से लिया जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के निर्देश के बाद भी बिना सुरक्षा घेरे की खुला पड़ा गड्ढा मौत को दावत दे रही है।

### दिल्ली में झगड़े का बदला लेने के लिए युवक की चाकू घोंपकर हत्या, वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से हुए फरार

बाहरी दिल्ली। रोहिणी सेक्टर-24 में झगड़े का बदला लेने के लिए रविवार रात आरोपित ने दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची विजय विहार थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्त शाहबाद डेरी के डी ब्लॉक निवासी राजा उर्फ मंगल के रूप में हुई है। मृतक का तीन दिन पहले एक आरोपित से झगड़ा हुआ था। इस दौरान मृतक और उसके दोस्तों ने एक आरोपित की पिटाई कर दी थी और उसकी स्कूटी में तोड़ दी थी। रोहिणी जिला के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव रंजन ने बताया कि रविवार रात करीब 12:25 बजे पुलिस को सेक्टर-24 रोहिणी जेजे कॉलोनी में एक युवक के पेट में चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। पुलिस के पहुंचने से पहले घायल युवक के परिवार वाले पास के अस्पताल में लेकर चले गए थे। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने घायल शाहबाद डेरी निवासी राजा उर्फ मंगल सिंह को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने वहां से साक्ष्य हासिल किए। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति था। उस पर पांच आपराधिक मामले दर्ज थे।

## एचटी लाइन की चपेट में आकर बालक झुलसा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर। गैसड़ी।** मुतेहरा गांव में शनिवार को छत पर खेलते समय बालक सुमेंदर (08) हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। पिता पिंगल थारू उसे गैसड़ी सीएचसी लेकर पहुंचे, वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने सुमेंदर को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध के बावजूद विभाग ने गांव में आबादी के ऊपर से हाईटेंशन लाइन खींच दी। इसी के चलते हादसा हुआ है। हादसे के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम प्रधान विश्राम चौधरी ने बताया कि थारू गांवों में आज भी विद्युतीकरण की समस्या है।

ग्राम मुतेहरा के तीन मजरे हैं। मुतेहरा, अकलघरवा और सोनगढ़ा मजरों में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ था। मुतेहरा मजरे को मुख्यमंत्री ने गोद भी लिया है। इन मजरों में 98 फीसदी आबादी थारू जनजाति की है।मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुतेहरा मजरे में विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराया गया। आबादी के ऊपर से हाईटेंशन तार न ले जाने के लिए पांच फरवरी को प्रार्थनापत्र डीएम को दिया गया था, लेकिन विभाग ने 11 फरवरी को आबादी के बीच से नंगे हाईटेंशन तारों को खींच दिया। इसी के चलते हादसा हुआ है।

ग्रामीण कालूराम, तेज बहादुर चौधरी, सर्वेश कुमार, देवनाथ चौधरी, रामू, अंश चौधरी व रामकरन आदि ने आक्रोश जताते हुए मांग किया कि जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। थानाध्यक्ष दुर्विजय का कहना है कि हादसे को लेकर शिकायती पत्र नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने की थी शिकायत, होगी कार्रवाईगैसड़ी के ग्राम मुतेहरा में घरों के ऊपर से हाईटेंशन तार ले जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। इसकी जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। -राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तुलसीपुर।

## फूलों की होली उत्सव नरेला में हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**नई दिल्ली:** उत्तरी बाहरी दिल्ली के नरेला क्षेत्र में फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा आज भव्य फूलों की होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश दहिया कुनबा? धर्मेश रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजकरण खत्री विधायक, नरेला विधानसभा, स्वेता कमल खत्री निगम पार्षद, वार्ड नरेला जनता देवी निगम पार्षद, वार्ड बख्तावरपुर तथा चौधरी रणबीर सिंह अध्यक्ष, राष्ट्रीय खत्री खाप विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कारगिल युद्ध के विजेता कई वीर सैनिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। संस्था की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लगभग 30 समाजसेवियों को राष्ट्रीय समाज सेवा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो अपनी-अपनी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। होली उत्सव में कई स्कूल के बच्चों ने अपने नृत्य का अद्भुत प्रतिभा के माध्यम से आए हुए अतिथियों का मन मोह लिया। मंच का संचालन श्री मनोज बंसल ने किया संस्था के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 16 वर्षों से नरेला क्षेत्र में फूलों की होली का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य होली के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाना है। रासायनिक रंगों के उपयोग एवं अत्यधिक जल व्यय से त्वचा रोग एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए संस्था की ओर से आमजन से अपील की गई कि वे रंग-मुक्त एवं पर्यावरण-अनुकूल फूलों की होली मनाएं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य अतिथि मुकेश दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में फेडरेशन जैसे संगठनों के प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए। ऐसे आयोजन समाज को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव करते हैं। उन्होंने सभी को फूलों की होली खेलने का संदेश दिया।क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि संस्था सदैव जनहित के कार्यों में अग्रणी रही है। चाहे सिलाई केंद्र हो, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण हो या रक्तदान शिवि संस्था समाज को जागरूक करने का सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। निगम पार्षद श्रीमती स्वेता कमल खत्री ने कहा कि यह संस्था हमेशा समाज को एकजुट करने वाले नवाचार करती है। नरेला में फूलों की होली की परंपरा की शुरुआत इसी फेडरेशन द्वारा की गई थी, जो आज एक सकारात्मक संदेश का माध्यम बन चुकी है। उन्होंने संपूर्ण संस्था को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारीगण–धनंजय सिंह, नरेंद्र कुमार, रंजीत पांडे, राजकुमार अरोड़ा, नरेश कुमार सैनी, बिजेंद्र अंतिल, संतोष तुषीर, सरोज वशिष्ठ, सुशीला मलिक, मनप्रीत कौर सहित दूर-दराज से आए अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी प्रेम, भाईचारे और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुआ।

## 39 लाख से चमकेगा पोस्टमार्टम हाउस, एयर कंडिशनर और इन जरूरी उपकरणों की होगी खरीद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** अटल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्थित पोस्टमार्टम हाउस की बदहाली दूर होने का रास्ता साफ हो गया है। पोस्टमार्टम हाउस को आधुनिक उपकरणों से लैस करने व बदहाल भवन को दुरुस्त करने के लिए 39 लाख 34 हजार 484 रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। सब कुछ ठीक रहा, तो शीघ्र ही इसकी निविदा प्रक्रिया पूरी कराकर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पोस्टमार्टम हाउस आधुनिक होने से रिपोर्ट तैयार करने में होने वाली देरी की समस्या दूर हो जाएगी। 2017 में शुरू हुआ चिकित्सालय का संचालन संयुक्त जिला चिकित्सालय का संचालन वर्ष 2017 में शुरू हुआ है। तबसे यहां पर पोस्टमार्टम हाउस का संचालन हो रहा है। इससे पूर्व 1997 में जनपद सृजन होने के बाद 20 वर्षों तक जिले के शवों को देवीपाटन मंडल मुख्यालय गोंडा के चीरघर (पोस्टमार्टम हाउस) में ले जाया जाता था। बीते नौ वर्षों से यह समस्या दूर हो गई है। जिले के 14 थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या व अन्य अप्रिय घटनाओं में किसी की मृत्यु होने पर शवों को संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस में ही ले जाया जाता है।

चीरघर का संचालन तो हो रहा है, लेकिन अपेक्षित संसाधन यहां नहीं है। अब 39 लाख से अधिक का बजट मिलने के बाद पोस्टमार्टम हाउस को संसाधनों से लैस किया जाएगा। इन संसाधनों की होगी खरीद

पोस्टमार्टम हाउस में डेढ़ टन एयरकंडिशनर के लिए 70,800 रुपये, मर्चरी के लिए साढ़े चार टन एयरकंडिशनर एक लाख 77 हजार, सीसी कैमरे 199360 रुपये, ट्रे, बाल्टी, उपकरण ट्राली आदि पर 35,400 रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी तरह स्टील अलमारी 17,700 रुपये, आफिस मेज, 17,700, प्रिंटर 35,400, आटोमेशन, लैमिनेशन व जीराक्स मशीन 1,77,000, शव रखने के लिए डीप फ्रीजर 1,98,240, पोस्टमार्टम के लिए सीलिंग लाइट 1,94,700, रिवाल्विंग चेयर 14160, स्ट्रेचर 52,911.20 रुपये, विभिन्न प्रकार के निडिल्स, 52911.20 इलेक्ट्रिक हड्डी आरा मशीन 1,99,420 रुपये में खरीदे जाएंगे।

## 'किसान समृद्धि हमारा संकल्प ' भाव के साथ समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**








**ब्यूरो प्रयागराज।** देश में वर्तमान कृषि की दशा व दिशा बदलने के लिए मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है, जिससे सभी की विजय हो। उक्त बातें वरिष्ठ महाप्रबंधक विपणन नई दिल्ली इफको श्री संजय कुलश्रेष्ठ ने बतौर मुख्य अतिथि, इफको पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ 'किसान समृद्धि हमारा संकल्प' के भाव के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि ने वर्तमान कृषि में मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति सजग होने की बात कहते हुए कहा की मिट्टी में जीवांश कार्बन की मात्रा को बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा। इसके लिए कार्बनिक खादों, हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के प्रयोग को जिम्मेदारी पूर्वक बताना होगा। किसान भाइयों को प्रेरित करना होगा कि वह अपनी मिट्टी की जांच कर के मृदा कार्ड के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग सुनिश्चित करें जिससे स्वस्थ एवं टिकाऊ उत्पादन मिल सके और भविष्य की कृषि के लिए मिट्टी भी सुरक्षित रहे। कृषि में जैव उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि मिट्टी में मित्र जीवों की संख्या मे वृद्धि हो और सस्ती एवं टिकाऊ खेती का रास्ता बने। श्री कुलश्रेष्ठ ने बताया की इफको के नैनो उर्वरक पर्यावरण हितैषी हैं एवं कृषि लागत को कम करने में सहायक हैं। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक इफको नई दिल्ली एन.एम. गजेरा , इफको ई बाजार के वरिष्ठ अधिकारी एन.के. भाटिया, राज्य विपणन प्रबंधक इफको उत्तर प्रदेश यतेंद्र तेवतिया, ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर इफको फूलपुर इकाई के महाप्रबंधक उत्पादन संजय भंडारी, इफको के संयुक्त उद्यम नैनो विजन, ई बाजार, इफको एमसी के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 40 क्षेत्राधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य कोरडेट डॉ.डी.के.सिंह ने सभी प्रतिभागियों को कोरडेट की गतिविधियों से परिचित कराया एवं विभिन्न इकाइयों का भ्रमण भी कराया तथा नैनो उर्वरकों, जैव उर्वरकों के विभिन्न रवि फसलों पर लगे ट्रायल्स एवं प्रदर्शनों का भी अवलोकन कराया। संयुक्त महाप्रबंधक इफको नैनो संयंत्र, फूलपुर, अरुण कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नैनो यूरिया संयंत्र का भ्रमण कराया।